माघ शुक्ल पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 20 फरवरी 2024
वर्ष -34, अंक -26, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 16

माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज 15

# 'डबल इंजन' सरकार ने निवेशकों के अनुकूल बनाया माहौल

- प्रधानमंत्री ने यूपी व योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा कर सभी राज्यों और राजनीतिक दलों को सबक लेने का दिया संदेश
- बोले, आपने जितना कभी सोचा नहीं होगा उतनी तेजी से उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की ओर बढ़ रहा

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी@4.0

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश सरकार के बहुप्रतिक्षित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में शामिल हुए और रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं की शुरुआत की। यहां उन्होंने चलचित्र के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश की झलक भी देखी। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश की प्रशंसा करते हुए अन्य राज्यों को यहां से सबक लेने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले सात साल में डबल इंजन सरकार ने 'लालफीताशाही' को हटाकर निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाया है और उनके स्वागत के लिए 'लाल कालीन' बिछायें हैं ।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि उत्तर प्रदेश ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दलों से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और उत्तर प्रदेश से सीखिए। आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब उत्तर प्रदेश की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने स्वयं को उत्तर प्रदेश का सांसद बताकर यहां से जुड़ी हर उपलब्धि पर गर्व जताया। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि उद्योग जगत के साथियों के लिए उत्तर प्रदेश में अनंत अवसर की बेला है। आपने कभी उतना सोचा नहीं होगा जितनी तेजी से उत्तर प्रदेश अपने सारे संकल्पों को पूरा कर रहा है। मोदी ने खासकर इस बात को इंगित किया कि चुनाव सिर पर होने के बावजूद निवेशक पूरे विश्वास के साथ सरकार की नीतियों, योजनाओं, प्रस्तावों के साथ खड़े हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सात साल पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि उप्र. में निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। पहले चारों तरफ अपराध, दंगे, छीना झपटी यही खबरें आती रहती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि उत्तर प्रदेश को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में हजारों प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो रहा है। ये उद्योग इस राज्य की तस्वीर बदलने वाले हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित विभिन्न उद्योग समूहों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी की शुरुआत की और स्टालों को देखा इस दौरान उनके साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह समेत औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन व मुख्यमंत्री योगी ।

- रिमोट का बटन दबाकर किया 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदर्शनी देखी





प्रदर्शनी में एक स्टॉल का अवलोकन करते प्रधानमंत्री।

### रक्षामंत्री ने की मोदी और मुख्यमंत्री योगी की तारीफ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है, जो राज्य को विकास के पथ पर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि किसी भी विचार, घटना या मुद्दे को अलग तरीके से देखने का प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आश्वस्त हूं कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम गढ़ेगा और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश को वैश्विक पटल पर आगे ले जाएंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन की खास बातें

- जब भी पर्यटन को निकलें, कुल बजट के 20 प्रतिशत से लोकल वस्तु अवश्य खरीदें
- उत्तर प्रदेश में ना केवल क्राइम कम हुआ बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ
- चुनाव नजदीक होने पर लोग नए निवेश से बचते हैं किंतु उत्तर प्रदेश ने सोच तोड़ दी
- तब की सरकारों की सोच थी कि नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ, तरसा के रखो
- मोदी की गारंटी के साथ ही पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न देने की गारंटी मान रही
- पुरानी सोच को हमने बदला, जीवन आसान होगा तो निवेश-कारोबार भी आसान होगा
- जबतक हर लाभार्थी को उसका हक नहीं मिलता, हमारी सरकार शांत नहीं बैठने वाली
- यही वो समाजिक न्याय है, जिसका सपना जेपी नारायण और लोहिया जी ने देखा था
- पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से मुफ्त बिजली मिलेगी, अतिरिक्त कमाई भी होगी
- देश-दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर पहुंचना चाहिए भारत में उत्पादित खाद्य पदार्थ

### योगी ने श्रीगणेश की मूर्ति भेंट कर किया स्वागत



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भगवान गणेश की मूर्ति भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश आगमन पर प्रधानंत्री का आभार जताते हुए आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया। योगी ने यहां अपने संबोधन में यूपी की व्याख्या 'अनलिमिटेड पोटेंशियल' शब्दावली से की।

### जब योगी की नम आंखें बनीं चर्चा का विषय



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगभग 15 मिनट के स्वागत के भाषण के बीच अचानक उनकी नम होतीं आंखे देखकर सभी चौंक गए। प्रधानमंत्री ने भी इस पर गौर किया। पहले ऐसा लगा कि योगी की आंखों में कुछ चला गया है और उन्हें अपनी पलकें तेजी से झपकाते हुए लगभग बंद कर लेनी पड़ रहीं हैं। हालांकि योगी ने न तो अपना संबोधन रोका और न ही वह शब्दों से डगमगाए। इसी बीच उन्होंने अपना भगवा रंग का रुमाल निकाल कर आंखें पोंछ लीं। योगी के इस संकल्प-शक्ति की चर्चा रही, सभी ने प्रशंसा की।

### कांग्रेस के लोग परिवार को ही भारत रत्न देते रहे



प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कुछ ही दिन पहले किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान किया है। दुर्भाग्य से ये बात कांग्रेस और उसके सहयोगियों को समझ में नहीं आती। कांग्रेस के लोग भारत रत्न पर एक ही परिवार का हक समझते हैं। दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। ये लोग केवल अपने परिवार को भारत रत्न देते रहे हैं।





## एक नजर

### ईडी के छठे समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को आबकारी नीति मामले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए। उनकी आम आदमी पार्टी (आप) ने ईडी के छठे समन को अवैध बताते हुए कहा कि एजेंसी को केजरीवाल को बार-बार समन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। केजरीवाल को ईडी ने छठी बार समन भेजा है।

### चंदा कोचर व उनके पति की गिरफ्तारी अनुचित

**मुंबई।** बम्बई उच्च न्यायालय ने ऋण धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर तथा उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को 'सत्ता का दुरुपयोग' करार देते हुए कहा कि कोचर दंपती की गिरफ्तारी 'बिना सोचे समझे' और कानून का उचित पालन किए बिना की गई थी।

### बुजुर्गों की देखभाल को आयोग का स्थिति पत्र

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल में सुधार पर एक स्थिति पत्र जारी किया है जिसमें उनके सम्मान, गरिमा और प्रतिष्ठापूर्ण जीवन पर जोर दिया गया है। नीति आयोग ने सोमवार को यहां बताया कि भारत में नागरिकों की देखभाल में सुधार करना : वरिष्ठ नागरिक देखभाल प्रतिमान की कल्पना शीर्षक से एक स्थिति पत्र जारी किया गया है। यह पत्र को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सीईओ बी वी आर सुब्रमण्यम की उपस्थिति में जारी किया गया।

# एमएसपी की कानूनी गारंटी पर अड़े किसान



हरियाणा-पंजाब की शंभू सीमा पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान।

चंडीगढ़, एजेंसी

- केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद लेंगे निर्णय

सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर दलहन, मक्का और कपास खरीदने के केंद्र के प्रस्ताव पर किसान चर्चा करने के बाद ही कोई निर्णय लेंगे, लेकिन उन्होंने तय किया है कि वे फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की अपनी मांग से भी पीछे नहीं हटेंगे। एमएसपी पर किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति के बीच रविवार को बैठक हुई थी जिसके बाद केंद्र की ओर से किसान नेताओं को एमएसपी पर दालों व कपास की खरीद के लिए प्रस्ताव दिए गए थे।

'दिल्ली चलो' अभियान को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर डटे हुए हैं। शंभू सीमा पर संवाददाताओं से किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि केंद्र की ओर से दिए गए प्रस्ताव पर किसान चर्चा करेंगे। कहा कि किसान एमएसपी की गारंटी देने वाले कानून की अपनी मांग से पीछे नहीं हटे हैं और न ही कभी पीछे हटेंगे। किसान नेताओं से बातचीत के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि एनसीसीएफ और नेफेड जैसी सहकारी समितियां उन किसानों के साथ एक समझौता करेंगी जो तुअर दाल, उड़द दाल, मसूर दाल या मक्का के खेती करते हैं ताकि उनकी फसल अगले पांच वर्षों के लिए एमएसपी पर खरीदी जा सके। फसल खरीद की मात्रा की कोई सीमा नहीं होगी और इसके लिए एक पोर्टल भी तैयार किया जाएगा। गोयल ने यह भी प्रस्ताव दिया कि भारतीय कपास निगम पांच साल तक एमएसपी पर किसानों से कपास खरीदेगा।

### मांग न पूरी हुई तो 21 से दिल्ली चलो मार्च

किसान नेताओं ने कहा कि वे सोमवार और मंगलवार को सरकार के प्रस्ताव को लेकर चर्चा करेंगे और उसके बाद आगे का फैसला लेंगे। पंधेर ने अन्य मांगों के समाधान की उम्मीद भी जताई थी और कहा था कि 'दिल्ली चलो' मार्च फिलहाल रुका हुआ है, लेकिन अगर सभी मुद्दे नहीं सुलझे तो 21 फरवरी को सुबह 11 बजे फिर से शुरू होगा। गोयल ने रेखांकित किया कि किसानों की अन्य मांगें नीति-आधारित हैं और गहन चर्चा के बिना समाधान संभव नहीं है।

# सपा ने 11 और सीटों पर उम्मीदवार उतारे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**लोकसभा चुनाव**

- मुख्तार के भाई अफजाल की गाजीपुर से उम्मीदवारी बनी चर्चा
- नीरज मौर्य आंवला, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप लड़ेंगे चुनाव

**अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी (सपा) ने सोमवार को उप्र से 11 और लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की। इस सूची में दो नाम ऐसे हैं जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गए। सपा ने गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी और मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक को प्रत्याशी बनाया है। मुजफ्फरनगर, रालोद के प्रभाव वाली सीटों में से एक है। ऐसे में अब साफ हो गया है कि सपा और रालोद के रास्ते जुदा हैं। हरेंद्र मलिक को पश्चिम उत्तर प्रदेश में जाटों का बड़ा नेता माना जाता है। मलिक अल्पसंख्यक समाज में भी अच्छी पकड़ रखते हैं।

अफजाल अंसारी के गाजीपुर से सपा के सिंबल पर लड़ने की चर्चा पहले से ही थी। हाल ही में अखिलेश ने उन्हें टिकट देने के संकेत दे दिए थे। संवादाताओं के एक सवाल के जवाब में कहा था कि आप जैसा सोच रहे हैं वैसा ही है। साल 2016 में अफजाल की पार्टी कौमी एकता दल के सपा में विलय को लेकर ही अखिलेश नाराज हुए थे और अखिलेश का शिवपाल से पहली बार मनमुटाव भी शुरू हुआ था। अफजाल ने उस वक्त पत्रकारों से कौमी एकता दल के सपा में विलय का फैसला रद करने के लिए अखिलेश यादव को ही जिम्मेदार ठहराया था। सपा की लोकसभा उम्मीदवारों की इस दूसरी सूची में पीडीए की झलक भी दिख रही है। सूची में कई चेहरे पुराने हैं। गाजीपुर और मुजफ्फरनगर के अलावा सपा ने आंवला से नीरज मौर्य, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से ऊषा वर्मा, मिश्रिख से रामपाल राजवंशी, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, प्रतापगढ़ से डॉ. एसपी सिंह पटेल, बहराइच से रमेश गौतम, गोंडा से श्रेया वर्मा, चंदौली से वीरेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। पहली सूची में 16 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए थे।

# सुरक्षा गार्ड की पत्नी ने दो बेटियों का गला घोंटा

संवाददाता, स्वार (रामपुर)

- अपने पेट में दरांती घोंपकर की जान देने की कोशिश

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के मझरा खेमवाला में रविवार देर रात छह माह की गर्भवती मां ने अपनी दो बेटियों रोशनी (9) और महक (5) की गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने पेट में दरांती (हंसिया) घोंपकर आत्महत्या का प्रयास किया। देवर अमित उर्फ गुड्डू ने बंद कमरे में भाभी व भतीजियों को जगाने के लिए आवाज दी तो कोई हलचल नहीं हुई। खिड़की की जाली काटकर देखा तब घटना का पता चला।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि गांव लच्छीवाला के मझरा खेमवाला निवासी अमर सिंह का बेटा अरविंद उत्तराखंड के पिपलिया सुल्तानपुर पट्टी स्थित रेडिको खेतान कंपनी में सुरक्षा गार्ड है। रविवार रात वह ड्यूटी पर था तभी उसकी पत्नी संतोष ने बेटी रोशनी व महक की हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि महिला मानसिक रूप से परेशान थी। उसने अपनी दोनों बेटियों के भविष्य की चिंता करते हुए उनकी हत्याकर दी। बाद में खुद जान देने की कोशिश की।

# यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का अद्भुत पल : मोदी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**कल्किधाम**

- प्रधानमंत्री ने संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में किया कल्कि धाम का शिलान्यास
- मोदी के नेतृत्व में आस्था का सम्मान व आजीविका की गारंटी दोनों हैं : योगी

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संभल जिले के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का एक और अद्भुत क्षण है। आज यूपी में प्रभु राम और प्रभु कृष्ण की भूमि से भक्ति भाव और आध्यात्मिकता की एक और धारा प्रवाहित होने को लालायित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में जो पहले असंभव माना जाता था, आज वो संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र नई समृद्धियों को प्राप्त कर रहा है। यहां आस्था का सम्मान और आजीविका की गारंटी दोनों ही है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री सोमवार को कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी व साधु-संतों के साथ ही भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री सीधे कल्कि धाम के गर्भगृह पहुंचे। उज्जैन के बाबा महाकाल मंदिर से जुड़े महात्माओं ने वैदिक मंत्रों के बीच पूजन कराया। प्रधानमंत्री ने पूजन के बाद कल्कि धाम निर्माण के लिए शिला को स्थापित किया। शिलान्यास के बाद सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले महीने ही 22 जनवरी को देश ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए 500 साल के इंतजार को पूरा होते देखा है। अरब की धरती पर आबू धाबी में पहले विराट मंदिर के लोकार्पण के साक्षी भी बने हैं। अब हम यहां संभल में भगवान कल्कि धाम के शिलान्यास के गवाह बन रहे हैं। मुझे विश्वास है कि कल्कि धाम भारतीय आस्था के एक और विराट केंद्र के रूप में उभर कर सामने आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी कालखंड में हमने विश्वनाथ धाम के वैभव को काशी की धरती पर निखरता हुआ देखा है। महाकाल के महालोक की महिमा हमने देखी है। हमने सोमनाथ का विकास देखा है, केदार घाटी का पुनर्निर्माण देखा है। हम विकास और विरासत के मंत्र को भी आत्मसात करते हुए चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे देश के संत और आचार्य नए मंदिर बनवा रहे हैं वैसे ही मुझे ईश्वर ने राष्ट्र रुपी मंदिर के नवनिर्माण का दायित्व सौंपा है। मैं दिन रात राष्ट्र रुपी मंदिर को भव्यता देने में लगा हूं उसके गौरव का विस्तार कर रहा हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां हर युवा को आजीविका और आस्था की गारंटी भी है। यही मोदी की गारंटी है। पहले की सरकारों ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया। वो न आस्था दे पाए और न ही आजीविका उपलब्ध करा पाए। मगर, आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की परंपराओं को वैश्विक मान्यता मिल रही है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि जैसे शबरी को राम के आने का विश्वास था वैसे ही उन्हें भी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के आगमन का विश्वास था। प्रधानमंत्री के साथ जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी, स्वामी कैलाशानंद ब्रह्मचारी व सद्गुरु रितेश्वर जी महराज भी मंचासीन रहे।





प्रधानमंत्री को श्रीकृष्ण का चित्र भेंट करते मुख्यमंत्री साथ में आचार्य प्रमोद कृष्णम व अन्य।

# मोदी ने विकास के रोडमैप की ली जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदेश में औद्योगिक समेत विभिन्न सेक्टर्स में जारी विकास की बड़ी परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आदि भी मौजूद रहे।

पीएम ने ऑल्ट स्वानटेक्स के टेक्सटाइल्स पवेलियन में जाकर ऐपरल व लेदर तकनीक से संबंधित स्लाइड्स देखी और चमड़ा व वस्त्रोद्योग क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम की जानकारी ली। ईटीएच एआई सेंटर में देश व उत्तर प्रदेश में एआई के बढ़ते परिदृश्य के बारे में जानकारी ली। एआई के बड़े हब के रूप में उत्तर प्रदेश विकसित हो रहा है। ऐसे में लखनऊ में भी एआई सिटी की स्थापना प्रस्तावित है। प्रदर्शनी में रोबोटिक्स सेक्शन के स्टॉल भी लगे थे, जिसमें अडवांस इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स आर्म तथा ड्राइड रोबोट की जानकारी लेने आमजन भी पहुंचे।

### डिफेंस उपकरणों की रिप्लिका का हुआ प्रदर्शन

डिफेंस सेक्टर से संबंधित लगे पवेलियन में भी पीएम ने जानकारी ली। यहां पर डिफेंस उपकरणों की रिप्लिका आदि को भी प्रदर्शित किया गया था। डिफेंस सेक्टर का मुख्य आकर्षण एडवांस बुलेट प्रूफ मिलिट्री व्हीकल रहा। जिसके वर्किंग प्रोटोटाइप को प्रदर्शनी में शोकेस किया गया था।

### 26 को योगी करेंगे एम्यूनिशन फैसिलिटी का उद्घाटन

डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत क्रियान्वित हुई परियोजनाओं में में खासतौर पर साउथ एशिया के सबसे बड़े एम्यूनिशन फैसिलिटी के बारे में जानकारी देते हुए अडाणी डिफेंस व एरोस्पेस के सीनियर मैनेजर, बिजनेस डपलपमेंट वरुण दुग्गल ने कहा कि 26 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसका उद्घाटन होगा। इस फैसिलिटी में 400 राउंड प्रति मिनट (छोटा कैलिबर) की एम्यूनिशन का उत्पादन हो सकेगा।



ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 के निवेश प्रस्तावों के प्रस्तुतिकरण को देखते प्रधानमंत्री मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी, विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य। अमृत विचार



लखनऊ आगमन पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में रक्षा मंत्री व लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी। अमृत विचार





ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में अन्य। अमृत विचार



प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी व अन्य। अमृत विचार



कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को सुनते अतिथि। अमृत विचार



सेरेमनी के दौरान मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करते उद्यमी। अमृत विचार



इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले मार्ग के किनारे बनाए गए मंच पर लोक नृत्य टेढ़िया की प्रस्तुति देते प्रयागराज के कलाकार। अमृत विचार

# देश का अर्थशक्ति पुंज राज्य बन रहा यूपीः योगी

## मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को दी सुरक्षित निवेश की गारंटी, कहा- सुरक्षा, सुशासन और विकास प्रदेश की पहचान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ रिमोट दबाकर भूमिपूजन के मेगा शो में खासे उत्साहित नजर आए। योगी ने उद्यमियों को सुरक्षित निवेश की गारंटी देते हुए कहा कि उप्र अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोटेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। भारत का अर्थशक्ति पुंज राज्य बन रहा है।– यहां लैंड भी पर्याप्त है, बिजली भी भरपूर है, न मैन पावर की कमी है न विल पावर का अभाव।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को जीबीसी-4 में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और निवेशकों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि

पिछले 10 वर्ष में हमारा देश 11वीं अर्थव्यवस्था से 5वीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं। यह मोदी जी की गारंटी है, इस पर यूपी को भी यकीन है। इस संकल्प के साथ जुड़ते हुए उत्तर प्रदेश ने स्वयं को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए स्किल, स्केल और स्पीड पर फोकस किया है। आप सभी उद्यमियों का सहयोग मिलता रहा तो यह लक्ष्य निश्चित ही सिद्ध होगा।

**थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटीः** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जल, थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। अपने लैंड लॉक स्टेट के बंधन को समाप्त कर चुका है। वाराणसी से हल्दिया तक यूपी पूर्वी बंदरगाह से जलमार्ग से जुड़ चुका है। उत्तर प्रदेश ने इनलैंड वाटरवेज अथॉरिटी का भी गठन किया है। ईज ऑफ बिजनेस और लीड्स रैंकिंग में हम अचीवर स्टेट हैं। यहां लैंड भी पर्याप्त है, बिजली भी भरपूर है। न मैन पावर की कमी है और न विल पावर का अभाव है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, निवेश मित्र पोर्टल, निवेश सारथी पोर्टल, इन्सेंटिव मॉनीटरिंग सिस्टम के साथ ही प्रदेश की इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली पॉलिसी का परिणाम है कि हर निवेशक यहां आना चाहता है। इसमें हर एक व्यक्ति की जवाबदेही है और पारदर्शिता है। हर निवेशक का सम्मान करता है। अब तो लोग कहने लग गए हैं कि सुरक्षित निवेश यानि उत्तर प्रदेश। इस अवसर पर पीएम मोदी के साथ ही राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, केंद्रीय मंत्रिमंडल के मंत्रीगण, शासन और प्रशासन के अधिकारी, प्रतिष्ठित निवेशक और उद्यमी बंधु उपस्थित रहे।

### यूपी ने वैल्यूज के साथ वैल्यू एडिशन को भी जोड़ा

योगी ने कहा कि वर्ष 2018 के प्रथम इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्रधानमंत्री ने लखनऊ में कहा था कि यूपी में वैल्यूज है, वर्च्युज है, लेकिन इस बदले हुए समय में वैल्यू एडिशन की ज्यादा आवश्यकता है। सिर्फ वर्क कल्चर से नहीं, सिर्फ बिजनेस कल्चर से ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में यूपी की जो स्ट्रेंथ है उसमें वैल्यू एडिशन की बहुत जरूरत है। आज 6 वर्ष बाद यह कहने में प्रसन्नता हो रही है कि इन शब्दों को आत्मसात कर प्रदेश ने अपनी नीतियां बनाईं, जिसके परिणामस्वरूप 6 वर्ष के भीतर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का यह चौथा संस्करण आयोजित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2018 से अबतक हुए इन्वेस्टर्स समिट और जीबीसी की चर्चा करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं आगे बढ़ीं।

▸▸ यूपी में लैंड भी पर्याप्त, बिजली भी भरपूर, मैन पावर की कमी है न विल पावर का अभाव

### धरातल पर उतारने का उत्सव

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निवेश की संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि 10–12 फरवरी 2023 के बीच आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता से देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर विश्वास जताया। यह ट्रांसफॉर्मेशन, ये बदलाव, ये स्पीड विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान है। जीबीसी 4 में न केवल औद्योगिकीकरण को गति मिलेगी बल्कि प्रदेश के 34 लाख से अधिक युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार के अवसर उपलब्ध करने का अद्भुत अवसर होगा।

# चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊः** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से लेकर प्रस्थान तक इंदिरागांधी प्रतिष्ठान और आसपास का एरिया छावनी में तब्दील नजर आया। पुलिस महकमे के आला अफसर और पुलिसकर्मी पूरे इलाके में मुस्तैद रहे। हर आने जाने वाले पर उनकी कड़ी नजर रही।

कार्यक्रम के पहले दिन प्रधानमंत्री को शामिल होना था। इसके चलते उनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस महकमा ने पहले से ही खाका खींच दिया था। 13 पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में करीब 33 सौ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी थी। रविवार सुबह से ही पुलिस कर्मी अपनी-अपनी ड्यूटी पर तैनात नजर आये। इसके अलावा पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर, जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि, जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल, सभी डीसीपी व एडीसीपी भी कार्यक्रम स्थल व आसपास लगातार मातहतों को निर्देशित करते रहे।

# पहले उद्योगपति से मिलने पर राजनेता की छवि होती थी खराब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ रक्षा मंत्री ने कहा-मोदी ने बदली तस्वीर, अब राजनेता और उद्योगपति मिलकर कर रहे देश का विकास

**अमृत विचारः** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4-0 के उद्घाटन अवसर पर रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि एक समय था, जब जनप्रतिनिधियों व उद्योगपतियों की मुलाकात को बड़े संदेहास्पद दृष्टि से देखा जाता था। किसी भी जनप्रतिनिधि का उद्योगपतियों से मिलना राजनैतिक खतरे की घंटी से कम नहीं माना जाता था। माना जाता था कि राजनेता व उद्योगपतियों का गठजोड़ राष्ट्र के विकास के लिए अच्छा नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री ने साफ नीयत से इस धारणा को पहले गुजरात में फिर देश में बदल कर विकसित भारत की नींव रखी है।

श्री सिंह ने कहा कि राजनेता और उद्योगपति साफ नीयत के साथ मिलकर काम करें तो राष्ट्र प्रगति करेगा। जब प्रधानमंत्री जी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे, तबसे यह देश देख रहा है कि किस प्रकार उद्योगपतियों के साथ मिलकर गुजरात में वे बदलाव की ऐसी बयार लेकर आए हैं, जिसकी सुगंध भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में दूर-दूर तक फैली है। देश के अनेक राज्यों के साथ ही गैर भाजपा शासित राज्य भी विकास के गुजरात मॉडल के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आपने उद्योगपतियों व राजनेताओं के बीच के संबंध को संकल्प व राजनीतिक शुचिता के माध्यम से देश के विकास की अनिवार्य शर्त बना दिया है। प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में लाकर खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है।

### मोदी को तीसरी ही नहीं चौथी बार भी पीएम बनने का जताया विश्वास

रक्षा मंत्री ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की भावना के साथ प्रगति कर रहा है। समाज का कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है, जो खुद को अकेला नहीं पाता हो या किसी क्षेत्र में खुद को पीछे छूटा मानता हो। दस वर्ष में आपने भारत के विकास भवन की जो मजबूत नींव रखी है, उससे जनता को पूर्ण विश्वास है कि आपके तीसरे व चौथे कार्यकाल तक इस विकास भवन का शिखर आसमां की बुलंदियों को छुएगा।

### प्रदेश को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं योगी

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उप्र आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है। योगी आदित्यनाथ ने सात वर्षों में प्रदेश में इंवेस्टमेंट फ्रेंडली इनवायरमेंट क्रिएट करने की दिशा में जो प्रयास किए हैं, उसकी परिणीति है कि आज प्रदेश में यह जीबीसी हो रही है। यह तो सिर्फ शुरुआत है, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। यह जीसीबी निवेश लाने की दिशा में पॉथ ब्रेकिंग सेरेमनी साबित होगी।

# स्वरोजगार और नौकरियों का महोत्सवः भूपेंद्र

**अमृत विचार, लखनऊः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में 10 लाख करोड़ से ज़्यादा की 14 हजार परियोजनाएं धरातल पर उतारी हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उद्यमशीलता, स्वरोजगार और नौकरियों का महोत्सव है।

कहा कि इसके माध्यम से यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के भव्य आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एक वर्ष की छोटी अवधि में लगभग 33.50 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन भी सुनिश्चित करेगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म-ट्रांसफॉर्म को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावी शासकीय सुधारों, बेहतर कानून-व्यवस्था, प्रगतिशील नीतियों से चालित औद्योगिक विकास पर बल देते हुए अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड, बुनियादी ढांचे, विकास के एजेंडे को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया है, जिसमें हवाई अड्डे, एक्सप्रेसवे, मेट्रो रेल, औद्योगिक गलियारे, औद्योगिक पार्क आदि शामिल हैं।

उन्होंने कहा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान हुए अनुबंधों को धरातल पर उतारकर हमने यह साबित भी किया है कि हम केवल वादा करने वाले दल नहीं हैं, भाजपा जो कहती है वो करती है।

# उद्यम प्रदेश के साथ योगी को औद्योगिकरण के महागुरु का भी तमगा

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

▸▸ योगी में महाराष्ट्र, गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों का भी गुरु बनने की क्षमता

▸▸ 14,619 परियोजनाओं का एक साथ भूमि पूजन कर यूपी ने दिखाया दम

**अमृत विचारः** किसी योगी के अपने तपोबल से महायोगी बनने की तमाम कहानियां है, मगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तम से उद्यम का माहौल बनाकर औद्योगीकरण के महागुरु होने की उपाधि पर हासिल कर ली। अवसर था ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन कर देश-दुनिया को यूपी का दम बता रहे थे। वे योगी की क्षमता के इतने कायल हो उठे कि महाराष्ट्र, गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों का भी गुरू बनने की क्षमता का सर्टिफिकेट देने से नहीं चुके।

यही फरवरी महीना था, जब पिछले साल ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आए प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कर्मयोगी की उपाधि दी, लेकिन मुख्यमंत्री की तारीफ में खामोश रहे। अच्छे अभिभावक का यही बड़ा गुण होता है कि परीक्षा की तैयारी में मेहनत के बजाय परिणाम आने पर गौरवान्वित महसूस करता है।

ऐसा ही दृश्य सजीव हुआ प्रधानमंत्री को संबोधन के लिए छोटे-बड़े उद्योगपतियों के लिए बने खास स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर हाल में। मुख्यमंत्री के चेहरे पर प्रदेश को उद्यम प्रदेश की पहचान दिलाने की रात-दिन तैयारी के बाद सोमवार को परीक्षा देने की थकान जरूर थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने जब उनकी एक साल ही नहीं, बल्कि सात साल की मेहनत के परिणाम सुनाने शुरू किए तो एक परीक्षार्थी की तरह मुख्यमंत्री योगी आगे की चुनौतियों के लिए और दृढ़ प्रतिज्ञ दिख रहे थे। हाल में तालियों की गड़गड़ाहट उनका जोश बढ़ा रही थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक-एक शब्द योगी की कर्मनिष्ठता की मिशाल दे रहा था। राजनीति के जानकार कहते हैं कि यह पहली बार था, जब मोदी ने योगी की इतनी जबरदस्त तारीफ तथ्यों के साथ किसी मंच से की हो।

शुरूआत में ही मोदी बोले कि 'मैं योगी जी को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि यूपी ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दल से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और यूपी से सीखिए।'

मोदी ने इससे आगे देश में भाजपा शासित अपने मुख्यमंत्रियों समेत औरों को भी सलाह दे दी कि देश के अन्य राज्यों को निवेश कैसे धरातल पर उतरते हैं, इसे लेकर उत्तर प्रदेश से सीखना चाहिए। साफ है कि योगी को औद्योगिकरण का महागुरू बनने का प्रधानमंत्री की ओर से यह पहला सर्टिफिकेट यूं ही नहीं मिला है। खुद मोदी अन्य राज्यों को चैलेंज देते है कि आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब यूपी की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा।

### योगी की सात साल की परीक्षा का यह भी रहा परिणाम

प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में सात साल की सरकार की परीक्षा का परिणाम सुनाया। इसमें पहले का दृश्य गिनाया कि कैसे चारों तरफ अपराध, दंगे, छीनाझपटी होती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि यूपी को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है। ये उद्योग यूपी की तस्वीर बदलने वाले हैं। बीते सात साल में रेड टेप कल्चर को खत्म करके रेड कार्पेट कल्चर का माहौल बना है। यूपी में न केवल क्राइम कम हुआ है, बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ है। तब की सरकारों की सोच थी कि देश के नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ। उन्हें हर मूलभूत सुविधा के लिए तरसा के रखो।

# ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है यूपीः नंदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सरकार के दो मजबूत पहिए हैं, जो यूपी के विकास को दे रहे दोगुनी रफ्तार

**लखनऊः** प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने जीसीबी 4.0 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री समेत समस्त अतिथियों, आगंतुकों व निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास की यात्रा के ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं।

प्रदेश की यह चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का स्वर्णिम आयोजन भावी पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल व सुनहरा बनाएगी। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है।

उन्होंने कहा कि इस सरकार के दो मजबूत पहिए हैं, जो यूपी के विकास की यात्रा की गाड़ी को दोगुनी रफ्तार प्रदान कर रहे हैं। एक पहिया विकास का है तो दूसरा विरासत का। अभी 22 जनवरी को पूरी दुनिया ने भारतीय संस्कृति के उत्थान का महापर्व देखा है और आज 19 फरवरी को औद्योगिक प्रगति का महाकुंभ संपन्न हो रहा है। नंदी ने कहा कि उद्योग की स्थापना व निवेश को आकर्षित करने के लिए सबसे बुनियादी आवश्यकता होती है विश्वसनीयता। जब कथनी व करनी एक हो, तभी निवेशकों का भरोसा अर्जित किया जा सकता है।





ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, उप कुलाधिपति डॉ. लता अग्रवाल और हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमित जायसवाल। अमृत विचार

# एयरपोर्ट पर रहा चार्टर्ड विमानों का जमावड़ा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर** : ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए आए देश के दिग्गज उद्यमियों के चार्टर्ड विमानों का चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर जमावड़ा रहा। इसके अलावा सैकड़ों उद्यमी साधारण उड़ानें से एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा यहां बनाए गये वीवीआईपी लाउंज में सुबह का नाश्ता करने के बाद कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। इस दौरान उद्यमियों ने सांस्कृतिक पंडालों के पास रुककर उनका आनंद उठाया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुतबिक ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी शामिल होने के लिए अपने चार्टर्ड विमान से यहां पहुंचने वालों में अड़ानी ग्रुप के करन अडानी, हिंदुजा समूह के प्रकाश हिंदुजा, रविकांत जयपुरिया, जीन मेहता, अनिल सिंह, माधव कृष्ण सिंघानिया, युसूफ अली शामिल है। जबकि सामान्य उड़ानां से आने वालों में हल्दीराम ग्रुप के संजय सिंघानियां, बीकानेर ग्रुप के सुरेश कुमार गोयल व भांगुर सीमेंट गुरप के एचएन भांगुर सहित सैकड़ों उद्यमी शामिल है। वहीं चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के आगमन हाल के बाहर दो सांस्कृतिक पंडाल लगाए गये थे। एयरपोर्ट से निकलते ही इन उद्यमियों ने सांस्कृतिक पड़ाल के पास रूककर अपना मनोरंजन करने के साथ ही कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। जबकि तीसरा एयरपोर्ट महानिदेशालय के सामने व चौथा एयरपोर्ट से शहीद पथ को जोड़ने वाले फ्लावर पर तथा पांचवां शहीदों की मूर्ति के सामने है।

# धरातल पर उतरीं 11 हजार 926 करोड़ की 214 परियोजनाएं

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी : बाराबंकी में खुलेगा चिकित्सा विश्वविद्यालय, राज्यमंत्री, मिश्रिख सांसद व उद्यमियों ने देखा पीएम मोदी का लाइव प्रसारण




कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले के एक रिजॉर्ट में सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी प्रारंभ हुई। इस कार्यक्रम में 11 हजार 926 करोड़ की 214 परियोजनाओं के उद्घाटन की घोषणा की गई। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और उद्यमियों ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण देखा।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि उद्यम स्थापना संबंधित समस्त आवश्यकताओं को ससमय पूर्ण किया गया है। इसके फलस्वरूप जिले में पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना हो रही है। इसी प्रकार से विभिन्न क्षेत्रों में कृषि, पशुपालन, हार्टिकल्चर तथा एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित इकाइयां जिले में स्थापित हो रही हैं। इससे नए रोजगार सृजित होंगे।

राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने इकाइयों की स्थापना के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने तहसील रामसनेहीघाट में विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी नवीन निवेशक को भूमि संबंधित समस्याएं नहीं होंगी।




शहर के एक रिजॉर्ट में दीप प्रज्ज्वलित कर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन करते मिश्रिख के सांसद और जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार तथा उद्यमी को स्मृति चिह्न प्रदान करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

### ये हैं 10 प्रमुख परियोजनाएं

- अंश डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड 350 करोड़।
- मिल्क एण्ड फूड प्रोडक्ट्स 300 करोड़।
- बोधिसत्व चेरिटेबल ट्रस्ट 200 करोड़।
- एफबी ग्रुप -150 करोड़। लखनऊ एचएम ग्रीन सिटी प्राइवेट लिमिटेड 150 करोड़।
- लायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड-135 करोड़।
- हिंद चैरिटेबल ट्रस्ट -95.46 करोड़।
- रिशी इन्फ्राजोन प्राइवेट लिमिटेड 53.63 करोड़।
- टू पावर वायर्स एण्ड केबल प्राइवेट लिमिटेड 40 करोड़। अभ्युदय ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड 26.28 करोड़।

कार्यक्रम में निवेशकों तथा औद्योगिक संगठनों को सम्मानित भी किया गया।

रिजार्ट में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में मिश्रिख के सांसद अशोक रावत भी सम्मिलित हुए। जिले में कुल 381 एमओयू हस्ताक्षिरत हुए, जिनके सापेक्ष 23,034.21 करोड़ के निवेश प्रस्ताव एवं एक लाख 45 हजार 107 लोगों के रोजगार प्रस्ताव प्राप्त हुए। इस दौरान 214 इकाइयां, जिनके कुल निवेश की लागत 11 हजार 926 करोड़ तथा प्रस्तावित रोजगार 1,10 हजार 255 है, का सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से शुरुआत की गयी। कार्यक्रम में 10 करोड़ से कम लागत के विभिन्न निवेशकों ने भी प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य, मण्डलीय चेयरमैन आईआईए प्रमित सिंह, चेयरमैन राजेश तिवारी समेत बड़ी संख्या में उद्यमी और अधिकारी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्रों के ब्लॉक सभागार निन्दूरा, दरियाबाद, रामनगर, हरख एवं हैदरगढ़ में भी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री के कार्यकम का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

### उद्यमियों को नहीं आई कोई समस्याः आइआइए

आइआइए के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा कि बाराबंकी में जिन उद्यमियों ने भी निवेश की इच्छा जताई है, उन्हें किसी भी तरह की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा। इस जिले की ओर निवेशक इसलिए भी आकर्षित हुए, क्योंकि यहां कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक है। किसी भी उद्यमी को वसूली का शिकार नहीं होना पड़ा। यही कारण है कि बाराबंकी में 214 इकाइयां स्थापित होने जा रही हैं। इसमें 63 मध्यम, 40 छोटी और 111 सूक्ष्म उद्योग शामिल हैं। इन इकाइयों की स्थापना से एक लाख लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। जिले में 11926 करोड़ का निवेश हुआ है।

# जिले में लगी देश की पहली मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री

**सुविधा**

- बनाये जा रहे बायोप्सी निडिल व कोरोनरी स्टंट
- अभी तक आयात पर निर्भर था भारत, 20% रह जाएगी कीमत

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी



डॉ. प्रताप।

**अमृत विचार :** बाराबंकी में एक ऐसी मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री की शुरुआत हुई है जो देश में कहीं नहीं है। यह उद्योग बायोप्सी निडिल व कोरोनरी स्टंट का निर्माण करेगी। बायोप्सी निडिल कैंसर और ट्यूमर के डिटेक्शन में काम आती है जबकि कोरोनरी स्टंट (छल्ला) हृदय रोग के ऑपरेशन में प्रयुक्त किया जाता है। अभी तक यह मेडिकल डिवाइस अमेरिका व अन्य देशों से आयात की जाती रही है।

कुर्सी रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में डिवाइस का ट्रायल 15 नवंबर से प्रारंभ हो चुका है। जल्द ही इसके कामर्शियल उत्पादन की अनुमति मिल जाएगी। इस डिवाइस इंडस्ट्री के लिए डीआइजीसी ने 15 नवंबर को ही ट्रायल लाइसेंस दे दिया था। कामर्शियल लाइसेंस जल्द ही जारी हो जाने की संभावना है। इसके बाद भारत उस डिवाइस के निर्माण में आत्मनिर्भर बन जाएगा। जिस पर अभी तक आयात में करोड़ों रुपए खर्च किए जाते रहे हैं।

अमृत विचार से खास बातचीत में उद्योग के संस्थापक चिकित्सक डॉ. प्रताप ने बताया कि वह एक मल्टी स्पेशियलिटी सरकारी अस्पताल में काम कर रहे थे। वहीं से उन्हें इसके उत्पादन की प्रेरणा मिली।

उन्होंने इसके लिए एक रिसर्च टीम गठित की। स्वयं के प्रयास से मॉडल तैयार किया। अभी तक का ट्रायल्स सफल रहा है। ट्रायल के लिए उन्होंने अपोलो बायोसेंस सेंटर से करार किया है।

डॉ. प्रताप का दावा है कि जिस दर पर हम विदेशों से यह डिवाइस आयात कर रहे हैं, उसकी 20 फीसदी लागत पर ही हम इसे तैयार कर लेंगे। बाजार में भी यह 60 फीसदी कम कीमत पर उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री के लिए 10 हजार वर्ग फुट जगह की जरूरत होती है। हमें 3200 वर्ग फुट की जगह मिल पाई। जिससे हमने तीन मंजिला इमारत में इसका प्रोडक्शन ट्रायल शुरू किया। शुरुआत 6 करोड़ से की थी। अब तक इसमें 9 करोड रुपए इन्वेस्ट किए जा चुके हैं। इंडस्ट्री की शुरुआत करने में उन्हें प्रशासन के साथ-साथ अपने साथियों का भी सहयोग मिला। अब कामर्शियल उत्पादन शुरू होने के साथ ही देश को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो भी युवा नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं, उन्हें अपनी ऊर्जा उद्योग की स्थापना में लगानी चाहिए। जिससे न केवल वे दूसरों को रोजगार देने में सक्षम होंगे बल्कि देश को भी इसका लाभ मिलेगा।

## एक नजर

### जालसाजी के आरोप में लखनऊ का युवक बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** धोखाधड़ी व जालसाजी के मामले में फरार चल रहे लखनऊ के गुड़ंबा थाना क्षेत्र के पल्का मजरे बेहटा निवासी सैय्यद अतहर हुसैन को सतरिख पुलिस की टीम ने सोमवार को किसान पथ अंडर पास के पास से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अमर चौरसिया ने बताया कि पकड़े गए जालसाज के पास से 14 एटीएम, आधार कार्ड, विजटिंग कार्ड व पैनकार्ड आदि बरामद किये गये।

### जेल भेजे गए चार वारंटी और 26 वांछित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने चार वारंटी और 23 वांछित आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार किया। वहीं अलग-अलग मामलों में 16 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया।

### छह बोटा आम की लकड़ी के साथ एक गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर कोतवाली पुलिस की टीम ने सोमवार को छह बोटा आम की लकड़ी के साथ उजरवारा पुरवा निवासी नवी अहमद को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसकके खिलाफ वन सरंक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

### विभिन्न स्थानों से चाकू के साथ दो आरोपी पकड़े गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर और कोठी पुलिस टीम ने चाकू के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जैदपुर पुलिस की टीम ने सोमवार को जैदपुर कस्बे के बुनकर कॉलोनी निवासी सलमान और कोठी पुलिस ने धौरहरा निवासी अवधेश को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# हादसे में दादी व पौत्री की मौत, पौत्र घायल

**रफ्तार की मार**

- तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को मारी टक्कर
- बदोसराय क्षेत्र के मलामतशाह तकिया गेट के पास हुआ हादसा

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आकर सड़क पर गिरी दादी व पौत्री की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उछलकर दूर गिरा पौत्र मामूली रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने डंपर को चालक समेत पकड़ लिया।



घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

हादसा सोमवार की सुबह बदोसराय थाना क्षेत्र में मलामतशाह तकिया गेट के पास हुआ। थाना क्षेत्र के रसूलपुर कनौजिया निवासी गीता देवी अपनी बीमार तीन वर्षीया पोत्री पीहू को लेकर पौत्र विकास के साथ बाइक से डॉक्टर के यहां दवा लेने जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार गिट्टी लदे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसें में दादी गीता और पौत्री पीहू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उछलकर दूर गिरा पोत्र विकास मामूली रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने हादसा होता देख मरकामऊ के पास डंपर को चालक समेत पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अपने कब्जे में ले लिया। उसके बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पौत्र संदीप की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया। हादसे में भाजपा के जिलामंत्री रामसागर कनौजिया के परिजनों की मौत की सूचना पर पूर्व सांसद बैजनाथ रावत के पुत्र भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश रावत, मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष तुषार निगम, अमित पान्डेय व प्रह्लाद कनौजिया कोतवाली पहुंचे। थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया कि डंपर और चालक को पकड़ लिया गया है। इस मामले में कार्रवाई की जा रही है ।

# चोरी के ऑटो के साथ सीतापुर का शातिर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस ने सोमवार को सनाकापुर मोड कोटवासड़क के पास से चोरी के आटो के साथ सीतापुर के एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया। उसने अपने गिरोह के एक अन्य सदस्य के साथ मिलकर कोतवाली क्षेत्र से एक माह पहले बाइक चोरी की थी। जिसे पुलिस ने एक जंगल से बरामद किया था। पकड़े गए शातिर को जेल भेजने के बाद पुलिस उसके दूसरे साथी की तलाश कर रही है।

रामसनेहीघाट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हाईवे पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने आटो से जा रहे एक संदिग्ध को पकड़ा। आटो के नंबर का डिटेल निकाल अंबेडकर नगर निवासी मालिक से पता किया तो उसने बताया कि यह नंबर उसके आटो का है। इस पर पुलिस उसे थाने लायी। पूछताछ में उसने अपना नाम सीतापुर के तंबौर के ड्योढी डीह निवासी गोविंद रैदास बताया। उसके बताया कि उसने ही अपने गांव के निवासी शकील के साथ मिलकर 11 जनवरी को कोटवासडक के पंचायत घर से बाइक चोरी कर जंगल में छिपाया था। वह बाद में उसे लेने पहुंचा तो पता चला कि बाइक पुलिस ने बरामद कर ली।

## सार-संक्षेप

### शिवसैनिकों ने मनाई शिवाजी की जयंती




जयंती पर छत्रपति शिवाजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिव सैनिक।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** छत्रपति शिवाजी महाराज की 394वीं जयंती के मौके पर शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) के शिवसैनिकों ने सोमैया नगर स्थित जिला मुख्यालय पर पार्टी के जिला प्रमुख मनोज मिश्र विद्रोही के नेतृत्व में शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया और उनके विचारों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर विद्रोही ने कहा कि शिवाजी के पिता का नाम शाहजी था। वह अक्सर युद्ध लड़ने के लिए घर से दूर रहते थे। इसलिए उन्हें शिवाजी के निडर और पराक्रमी होने का अधिक ज्ञान नहीं था। किसी अवसर पर वह शिवाजी को बीजापुर के सुलतान के दरबार में ले गए, शाहजी ने तीन बार झुककर सुलतान को सलाम किया और शिवाजी से भी ऐसा ही करने को कहा लेकिन शिवाजी अपना सिर ऊपर उठाये सीधे खड़े रहे। विदेशी शासक के सामने वह किसी भी कीमत पर सिर झुकाने को तैयार नहीं हुए और शेर की तरह शान से चलते हुए दरबार से वापस चले गए। इस प्रकार की निर्भीकता हमारे शिवाजी महाराज में थी, ऐसे महान व्यक्तित्व को हम सब नमन करते हैं। इस अवसर पर दीपू, पवन, कौशल शुक्ला, कमलेश, बीर सिंह, राम प्रताप, सरवन, रोजन, हेमेंद्र, राम तेज आदि उपस्थित थे।

### 129 छात्र-छात्राओं को मिली स्मार्टफोन की सौगात

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क स्मार्टफोन वितरित किये गये। हरख ब्लॉक के हैदरगढ़-बाराबंकी मार्ग पर स्थित संत कवि बाबा बैजनाथ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत नोडल अधिकारी डीजी शक्ति असिस्टेंट प्रोफेसर रामलाल ने परास्नातक द्वितीय वर्ष के 129 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितिरत किये। स्मार्टफोन पाकर छात्र छात्राएं खुशी से झूम उठे। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. मंजरी नौटियाल ने कहा है कि स्मार्टफोन पढ़ाई का साधन बनेगा। छात्र इससे नित नई जानकारियां हासिल करेंगे। इस मौके पर प्रो. डॉ अजीत सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमित पांडेय, डॉ. अशोक कुमार के साथ ही अन्य कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद थीं।

### मोबाइल फोन का नंबर न देने पर मां-बेटी को पीटा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोबाइल फोन का नंबर देने से मना किया तो दबंग भाइयों ने मां-बेटी की पिटाई कर दी। पुलिस महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। मामला रामसनेहीघाट कोतवाली के अमरगंज गांव का है। यहां की निवासी शकुंतला ने बताया कि रविवार को परिवार के ही संजू और संतोष दोनों भाई उसके घर आए। उसके बाद मोबाइल नंबर मांगने लगे। मोबाइल नंबर देने से मना किया तो दोनों भाइयों ने मिलकर उसे और उसकी बेटी की पिटाई कर दी। वहीं जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### लाभार्थी संपर्क अभियान में जुटें भाजपा कार्यकर्ता

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खण्ड देवा के सभागार में सोमवार को भाजपा के देवा मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। इसमें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर लाभार्थी संपर्क अभियान को सफल बनाएं और लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दें। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख देवा धर्मेंद्र यादव, देवा नगर पंचायत चेयरमैन हारून वारसी, मंडल प्रभारी देवा राजेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवा पुनीत मिश्रा, मंडल महामंत्री राम लखन मिश्रा, आनंद उपाधाय, बब्लू यादव, रंजीत रावत, जमील अहमद, श्रीपाल लोधी, आदि उपस्थित रहे।

### जुआ खेल रहे 17 आरोपी बंदी, 7690 रुपये बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 17 आरोपियों को अलग-अलग थानों की पुलिस टीम ने सोमवार को दबोचा। उनके कब्जे से 7690 रुपये बरामद किये गए। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की। जैदपुर पुलिस ने कस्बे के निवासी सुफियान, दानिश, शबीब, शरीफ, लुकमान, जावेद, अता, अनीस व कलामुद्दीन को गिरफ्तार कर 5,070 रुपये बरामद किये। देवा पुलिस ने विशुनपुर निवासी सकील अहमद, शमी उल्ला, नुरुद्दीन, जहीर अहमद व उस्मान गनी तथा मोहम्मदपुर निवासी नान को गिरफ्तार कर 2100 रुपये बरामद किये। उधर, सुबेहा थाने की पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे नन्हू और अमरजीत को गिरफ्तार कर 520 रुपये बरामद किये।

# अर्थदंड के साथ छह मामले निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में सोमवार को विभिन्न अदालतों ने अर्थदंड की सजा के साथ छह मामले निस्तारित किए।

घुंघटेर क्षेत्र में महिलाओं से अश्लील टिप्पणी करने वाले अभियुक्त सरवन निवासी अमित यादव और जहांगीराबाद थाने में ऐसे ही मामले में देवा थाने के मौजाबाद मजरे शाहपुर निवासी मिथलेश कुमार को न्यायालय उठने तक की सजा और पांच सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं महिला थाने में दर्ज मारपीट के मामले के दोषी जैदपुर थाने के फतुल्ला मजरे चौधी निवासी खुशीराम को चार सौ रुपये अर्थदंड और न्यायालय उठने तक की सजा तथा मोहम्मदपुर खाला थाने में मारपीट के मामले में टांडा निवासी शहीद और जाबिर को 800-800 रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा से दण्डित किया। रामसनेहीघाट में मारपीट के मामले में शाहपुर निवासी शंकर व प्रवेश को सात-सात सौ रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। मोहम्मदपुर खाला थाने के मारपीट के मामले में रालभारी निवासी सुशील कुमार, अनिल कुमार और रामसेवक को आठ-आठ सौ रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दण्डित किया गया।

# 561 छात्रों ने छोड़ी मदरसा बोर्ड की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षा में सोमवार को दोनों पालियों से 561 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। सुबह की पाली में सेकेंड्री अरबी और फारसी की परीक्षा में पंजीकृत 1639 में से 1243 तो दूसरी पाली में 1432 में से 1267 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

इस बार की मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 11 केंद्रों पर कराई जा रही हैं। सुबह की पाली में सेकेंड्री अरबी और फारसी की परीक्षा कराई गई। पहली पाली में पंजीकृत 1639 में से 1243 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें सेकेंड्री अरबी के 622 तो सेकेंडरी फारसी के 621 परीक्षार्थी शामिल रहे जबकि सेकेंडरी अरबी के 204 तो सेकेंड्री फारसी के 192 विद्यार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। इस प्रकार पहली पाली में कुल 396 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं दूसरी पाली में सीनियर सेकेंड्री और कामिल, फाजिल दर्जे की परीक्षाएं हुईं। इनमें सीनियर सेकेंड्री की परीक्षा में पंजीकृत 431 में 355 ने परीक्षा दी वहीं 76 लोगों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं कामिल दर्जे की परीक्षा में पंजीकृत 720 में 648 परीक्षार्थी बैठे जबकि 72 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह फाजिल दर्जे के पंजीकृत 281 में 264 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। वहीं 17 ने परीक्षा नहीं दी। इस तरह पहली पाली में 396 तो दूसरी पाली में 165 विद्यार्थियों समेत कुल 561 विद्यार्थी परीक्षा से गायब रहे। परीक्षा को नकलविहीन और शुचितापूर्ण तरीके से कराने के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बालेंदु द्विवेदी समेत नामित सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।



एक केंद्र का निरीक्षण करते जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बालेंदु द्विवेदी। अमृत विचार

**मनरेगा** तालाब खोदाई कार्यस्थल पर लगा चकमार्ग पटाई का बोर्ड

# 20 श्रमिकों की ऑनलाइन हाजिरी, मौके पर 8 मिले

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मनरेगा योजना के तहत भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि तालाब की खोदाई के कार्य स्थल पर चक मार्ग पटाई का बोर्ड लगा दिया गया है। तालाब खोदाई में कार्य कर रहे मजदूरों से तीन गुना अधिक उपस्थित ऑनलाइन दर्ज कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

मामला विकास खण्ड देवा के ग्राम पंचायत मामापुर का है। यहां पर ढिढोरा तालाब की खोदाई मनरेगा योजना के तहत कराई जा रही है। सचिव और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से सोमवार को इस कार्य में मस्टररोल पर सात महिला मजदूरों सहित कुल 20 मजदूरों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की गई लेकिन कार्यस्थल पर केवल आठ मजदूर ही काम कर रहे थे।




तालाब खोदाई स्थल पर लगा बोर्ड।

इसमें से एक दर्जन मजदूरों की हाजिरी फर्जी तरीके से लगाकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। इस कार्य में अनुपात के आधार पर महिला श्रमिकों की उपस्थिति तो दर्ज की गई लेकिन लापरवाही का आलम यह है कि कार्यस्थल पर एक भी महिला मजदूर मौजूद नहीं थी।

ग्राम पंचायत मामापुर के ढिढोरा तालाब की खोदाई का कार्य कर रहे आठ मजदूरों में से किसी के पास भी जॉब कार्ड तक नहीं था। कार्य स्थल पर विवरण की जानकारी के लिए लगाये गए बोर्ड पर भी गलत जानकारी अंकित की गई थी।

बोर्ड पर कार्य का नाम तालाब खोदाई की जगह चक मार्ग पटाई कार्य लिखा गया है। क्षेत्र में यह कोई नया मामला नहीं है बल्कि अधिकांश ग्राम पंचायतों में फर्जी तरीके से हाजिरी लगाकर मनमानी की जा रही है। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी देवा नेहा शर्मा से बात की गई तो उन्होंने मीटिंग में होने की बात कहकर फोन काट दिया।

# जंगली जानवर के हमले से महिला घायल

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** एक बार फिर तेंदुए के खौफ ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। जंगली जानवर ने 60 वर्षीया महिला पर हमला कर उसे घायल कर दिया। शनिवार की रात्रि लगभग 11 बजे अज्ञात जानवर के हमले में थाना लोनी कटरा अंतर्गत ग्राम नयापुरवा मजरे भीतरी निवासी माधुरी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। कुत्तों के भौंकने से वह भाग गया।

उसका शोर सुनकर जब तक मौके पर ग्रामवासी एकत्रित होते जानवर मौके से भाग निकला। ग्राम वासियों का कहना है हमलावर जानवर तेंदुआ था। खबर लिखे जाने तक वन विभाग की टीम अथवा कोई जिम्मेदार अधिकारी घटनास्थल तक नहीं पहुंचा था। रात्रि में ही ग्रामवासियों ने महिला को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद हमले का शिकार महिला माधुरी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वनकर्मी सतीश मिश्रा ने बताया कि घटनास्थल से तेंदुए की उपस्थिति के साक्ष्य नहीं मिले हैं। जांच की जा रही है।

## एक नजर

### जेबीएस महाविद्यालय में सेमिनार आज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, के सहयोग से स्वयंसेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान, बाराबंकी द्वारा विकास खण्ड पुरेडलई क्षेत्र की जेबीएस महाविद्यालय दुलहदेपुर, टिकैतनगर में मंगलवार को ग्रामीण कृषि मौसम सेवा विषयक जागरूकता कार्यक्रम व सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने बताया कि इस सेमिनार में भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा मौसम सेवाओं की जानकारी दी जाएगी।

### मसौली में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना प्रभारी मसौली अरुण प्रताप सिंह ने पुलिस बल के साथ बाराबंकी-रामनगर हाईवे मसौली चौराहा एवं कस्बा मसौली की मार्केट में फ्लैग मार्च कर आम लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। मसौली थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने पुलिस बल के साथ मसौली चौराहा एवं कस्बा मसौली की मेन मार्केट में फ्लैग मार्च किया।

# एक करोड़ से अधिक की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

## रामनगर पुलिस ने बरियारपुर गांव के पास से दबोचा

**कार्रवाई**

- तस्करी के नेटवर्क को खंगाल ध्वस्त करेगी पुलिस
- संपत्तियों की जांच के बाद होगी जब्तीकरण की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रामनगर थाने की पुलिस टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत की एक किलो 140 ग्राम स्मैक बरामद की। तस्कर स्मैक कहां से और किससे लेकर वह आ रहा था, इसकी जांच कर तस्करी के नेटवर्क को खंगाल कर उसको ध्वस्त किया जाएगा। इसमें संलिप्त सभी की संपत्तियों की जांच कर उनके जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी सोमवार को



पत्रकारों से वार्ता करते अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण सिंह।

अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) डा. अखिलेश नारायण सिंह ने पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। एएसपी ने बताया कि रामनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक रत्नेश कुमार पाण्डेय की टीम ने थाना क्षेत्र के बरियारपुर के पास रविवार को एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। उसके पास से एक करोड़ रुपये से अधिक की कीमत की एक किलो 140 ग्राम स्मैक बरामद की गयी। पकड़े गए तस्कर कोठी थाना क्षेत्र के महरूपुर मजरे अकनपुर निवासी रंजीत ने पूछताछ में बताया कि वह एक व्यक्ति से बरामद स्मैक को ग्राहक तक पहुंचाने जा रहा था। इसके बदले उसे रुपये देने की बात कही गयी थी। वह लालच में आकर मकबूलपुर से उसके साथ बाइक से यहां तक आया था। उसके बाद वह व्यक्ति उसे छोड़कर ग्राहक को लाने की बात कहकर वहां से चला गया था। पुलिस तस्करी के नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। एएसपी ने बताया कि अन्य लोगों की तलाश के साथ पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाएगा।

# बाबा की विरासत संभालेगी पौत्री, गोंडा से बनी प्रत्याशी

**सियासत**

- गोंडा से सांसद रह चुके हैं पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा
- सपा ने बनाया श्रेया वर्मा को अपना उम्मीदवार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को गोंडा से अपना उम्मीदवार बनाया है। बेनी प्रसाद वर्मा बहराइच के कैसरगंज के अलावा गोंडा से भी कांग्रेस पार्टी से सांसद रह चुके थे। श्रेया वर्मा उनके बेटे पूर्व मंत्री राकेश वर्मा की पुत्री हैं।

समाजवादी पार्टी द्वारा श्रेया वर्मा को सोमवार को अपना उम्मीदवार घोषित किया गया। इसके साथ ही राकेश वर्मा के आवास पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। राजनीतिक रूप से परिपक्व श्रेया वर्मा का व्यक्तित्व विधानसभा चुनाव के समय सामने आया था। विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने अपने पिता राकेश



श्रेया वर्मा को बधाई देते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

वर्मा की चुनाव कमान संभाली थी। इसके साथ ही वह चर्चा में आईं और उन्हें उम्मीदवार बनाए जाने की मांग उठने लगी थी।

सोमवार को जारी दूसरी सूची में बाराबंकी के पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रेया वर्मा को गोंडा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा, अपना दल सहित सभी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पार्टियां अपनी चुनावी बिसात बिछाने में लगी हैं। इन सबके बीच सपा ने अपनी दूसरी लिस्ट पीडीए के अनुरूप ही जारी की है। समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। श्रेया ने दो दिन पूर्व ही अपने गोंडा दौरे से ही लोकसभा चुनाव का आगाज कर दिया। किला मजदूर यूनियन के संयुक्त मंत्री समीर वाजपेयी ने श्रेया वर्मा को गोंडा से लोकसभा चुनाव का उम्मीदवार बनाए जाने पर साथियों के साथ श्रेया को बुके भेंट कर शुभकामनाएं और बधाई दी। साथ ही उनसे राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर आर्डिनेंस फैक्ट्रियों के निगमीकरण का मुद्दा लोकसभा चुनाव के पार्टी मेनिफेस्टो में शामिल करवाने के साथ चुनाव में उठाने का आग्रह किया। इस दौरान संयुक्त मंत्री समीर वाजपेयी के साथ अनुराग अग्निहोत्री, जयप्रकाश शर्मा, हरिश्चंद्र, नितिन पाण्डेय, मोहित वर्मा, शिवेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

# बैलगाड़ी से दिल्ली जा रहे किसानों को रोका

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विभिन्न मांगों को लेकर अन्नदाता भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों ने बैलगाड़ी पर सवार होकर दिल्ली कूच का एलान कर दिया। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने उन्हें दिल्ली जाने से रोका। यूनियन के जिलाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को संबोधित 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा नायब तहसीलदार को सौंपा।

तहसील रामनगर के दुर्गापुर गांव में अन्नदाता किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि चुनाव में बैलट पेपर की व्यवस्था लागू की जाये। किसानों के विकास के लिए पेंशन के साथ-साथ कृषि की अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाये। बैठक के



दिल्ली कूच करने से रोके जाने के बाद नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता। अमृत विचार

बाद किसानों ने पांच बैलगाड़ियों के साथ दिल्ली कूच का एलान कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार रामजीत यादव मौके पर पहुंचे और उन्हें समझाकर दिल्ली जाने से रोका। इस मौके पर भारतीय लोक शक्ति के जिलाध्यक्ष केके गुड्डू यादव, लवकुश यादव, अमित, सुनील, बलराम, मनीराम, राम सजीवन, राम सिंह, सुनीता देवी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### दशरथ के जन्म की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** निराश्रित धाम आश्रम सेवा ट्रस्ट बसन्तनगर रहरामऊ में शुरू हुई श्रीराम कथा में कथा व्यास रामहेत यादव ने राजा दशरथ की जन्म की कथा सुनाई। राजा दशरथ त्रेतायुग के अंत मे जन्मे अयोध्या नगरी के चक्रवर्ती राजा और विष्णु के अवतार प्रभु श्री राम के पिता थे और महाराज दशरथ रामायण और पुराण में वर्णित इक्ष्वाकु वंश के महाराज अज के पुत्र और अयोध्या के नरेश थे। दशरथ की माता का नाम इन्दुमती था। इन्होंने कई बार दैत्यों एवं राक्षसों को देवासुर संग्राम में परास्त किया था। वैवस्वत मनु के वंश में ऐसे कई परमवीर, पराक्रमी, प्रतिभाशाली एवं यशस्वी राजा हुये थे, जिसमें से राजा दशरथ भी एक थे। सम्पूर्ण भारतवर्ष में पुरुषों के आदर्श और मर्यादापुरोत्तम श्रीरामचंद्र जी राजा दशरथ के ही ज्येष्ठ पुत्र थे। इस मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. सतगुरु शरण, अम्बर प्रसाद, अंगद, कौशलेश, पवन, राम मनोरथ, रामकृपाल, श्रीराम व रूपचन्द्र आदि भक्त मौजूद रहे।




पुरानी पेंशन बहाली की मांग के समर्थन में प्रदर्शन करते उप्र पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के सदस्य।

### पुरानी पेंशन बहाल करने व ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था समाप्त करने की मांग

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सोमवार को उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की जिला इकाई ने प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष धर्मराज सिंह ने कहा कि कर्मचारियों की हितों को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन बहाल की जाए। इसके साथ ही सफाई कर्मियों की ऑनलाइन हाजिरी को खत्म किया जाए। इसके अलावा सेवा नियमावली, पदोन्नति, मृतक आश्रितों को योग्यतानुसार नियुक्ति आदि की कई अन्य मांगों को उठाया।

# फिर से करायी जाए पुलिस भर्ती परीक्षा

**मांग**

- प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता तनुज पुनिया ने आरोप लगाया है कि पुलिस भर्ती (सिपाही) लिखित परीक्षा 2024 का पेपर लीक हो गया है। परिक्षार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए परीक्षा निरस्त कर यह परीक्षा फिर से कराई जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में प्रदेश पुनिया ने लिखा है कि पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा जो 17 व 18 फरवरी को सम्पन्न हुई है उसका पेपर लीक हो गया है। इसके सबूतों के साथ भुक्तभोगी परीक्षार्थियों



पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों के साथ प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता तनुज पुनिया।

द्वारा अवगत कराया गया है कि कुछ परीक्षार्थियों ने पेपर खरीद लिया है और कुछ को सॉल्व पेपर नहीं मिलने से उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। इसलिये अभ्यर्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस भर्ती परीक्षा को निरस्त कर पुनः कराया जाना आवश्यक हैं।

### छात्रों को नियमित रूप से भेजें स्कूल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विकासखंड सिरौली गौसपुर के प्राथमिक विद्यालय किशुनदासपुर में सोमवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक व वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से निर्धारित समय पर विद्यालय भेजने के लिए जागरूक किया। बीईओ ने शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को माला पहनाकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने वार्षिकोत्सव में आए समस्त अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

### रोटरी क्लब ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** पूर्व रोटेरियन समाजसेवी नूर उर रहमान किदवाई एवं महनाज किदवाई की याद में रोटरी क्लब एवं इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में ग्राम पंचायत बड़ागांव स्थित कोठी में एक दिवदीय स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार वर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब का उद्देश्य है कि जरूरतमंदों की सेवा की जाए। मेडिकल कैम्प चेयरमैन डॉ. रवि आहूजा, केके श्रीवास्तव, मंडलाध्यक्ष सुनील बंसल, मनीष बंसल, प्रभास जायसवाल की मौजूदगी में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण कुमार व विकास टंडन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. आभा वर्मा, डॉ. सुधा वर्मा, हड्डी रोग विषयज्ञ डॉ. रोहित अग्रवाल, दंत रोग विषयज्ञ डा. एनके गुप्ता, डॉ. संदीप बुधवार, होम्योपैथ डॉ. वीरेंद्र श्रीवास्तव, सरस्वती डेंटल कालेज के डॉ. रजत माथुर, डॉ. आकाश दुबे ने 224 मरीजों की जांच कर उन्हें दवा दी।

### वनरेंज ऑफिस के बगल में की गयी शिवलिंग की स्थापना

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** वन रेंज रामसनेहीघाट कार्यालय के बगल में बने मन्दिर में शिवलिंग की स्थापना की गयी। मुख्य यजमान ऋषभ शर्मा वन रक्षक ने शिवलिंग की पूजा अर्चना की। इस मौके पर वनाधिकारी सन्तोष कुमार मिश्र के निर्देशन में मुहूर्त के अनुसार हवन में आहुति डाली गयी। कन्याभोज के उपरान्त भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रवीण तिवारी, रामकरन गुप्ता, अली मोहम्मद सहित वन विभाग के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।



शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कराते आचार्य।

**कार्यक्रम** कॉपियों पर वोटरों के हस्ताक्षर या अंगूठा निशान लगवाएंगे बच्चे

# मतदाताओं की जागरूकता को अभियान शुरू

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ में उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में दूसरे नवाचार के अंतर्गत मतदाताओं को भावनात्मक रूप से लोकसभा में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने को अभियान शुरू किया गया है।

नोडल प्रभारी राहुल कुमार शुक्ल ने बताया कि 19 से 29 फरवरी तक विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ के ऐसे बूथ जहां पिछले लोकसभा चुनाव में 70 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था, उन स्थलों के विद्यालयों के




हैदरगढ़ क्षेत्र में निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली। अमृत विचार

अध्यापकों द्वारा बच्चों की कॉपियों पर प्रतिदिन शिक्षकों द्वारा सुंदर लिखावट से मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखा जाएगा। बच्चे अपने घर, परिवार, पास-पड़ोस के मतदाताओं को पढ़कर सुनाते हुए इस बार के चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने का अनुरोध करेंगे और उनकी सहमति के रूप में हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान भी अपनी कॉपी पर लेंगे। इसे अगले दिन वह अपने विद्यालय में अध्यापकों को दिखाएंगे। वहीं शिक्षक प्रतिदिन हस्ताक्षर या अंगूठे के निशान गिनते हुए विकासखंड स्तर पर प्रेषित करेंगे जो मतदाता जागरूकता नोडल प्रभारी के पास प्रतिदिन एकत्र होगी।

इस प्रकार लगभग डेढ़ लाख मतदाताओं को सीधे तौर पर मतदान के लिए भावनात्मक रूप से प्रेरित किया जाएगा। अभियान के प्रथम दिन रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा एवं अभियान के अंतिम दिन 29 फरवरी को मतदाताओं के साथ सामूहिक बैठक की जाएगी।



## विदाई समारोह में बच्चों को सफलता के दिए टिप्स

**सरेनी, रायबरेली।** सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज लखनापुर में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों की विदाई समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान शिक्षकों ने सफलता के टिप्स दिए। विद्यालय के प्रबंधक राकेश त्रिवेदी ने कहा कि विदाई के क्षण भावुक होते हैं किंतु विद्यार्थियों को तो एक दिन विद्यालय छोड़कर आगे की शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना ही पड़ता है। विदा ले रहे विद्यार्थियों ने कहा कि वे तो पतझड़ डाली के उन पत्तों के समान हैं जो न चाहते हुए भी अलग हो जाते हैं व नई कोपलों के लिए अपना स्थान रिक्त कर जाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद मिश्रा, प्रधानाचार्य काली किशोर, शिक्षक दिनेश, इकबाल, सुशील, अभिषेक, हितेश, अजय, रंजीत, विवेकदत्त, विष्णु कांत, सुरेश, अभिषेक निगम, सीता, पूनम, आंचल, शिमला, रक्षित, दिवाकर, सुमंत, प्रिया, रिमझिम, खुशबू आदि भी मौजूद रहे।

## राज्यपाल ने प्रगतिशील किसान को किया सम्मानित

- राजभवन में कृषि एवं बागवानी में बेहतर कार्य पर मिला पुरस्कार

**महराजगंज, रायबरेली**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एक प्रगतिशील किसान को राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कश्मीरी बेर और अमरूद की सह फसली खेती कर रिकार्ड उत्पादन एवं विक्रय कर सामान्य से दुगुनी आमदानी प्राप्त कर क्षेत्र में दूसरे किसानों के लिए पुरासी गांव के प्रधान प्रतिनिधि गंगासागर पांडेय मिसाल बने हुए है। 17 से 19 फरवरी तक राजभवन प्रांगण में आयोजित प्रादेशिक फल, शाक भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी 2024 में अपनी फसल का स्टॉल लगाने पर उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रदेश में उत्कृष्ठ प्रगतिशील किसान हेतु प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गंगासागर पांडेय को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

मालूम हो की क्षेत्र में रासायनिक खेती के बजाए जैविक विधियों से प्रतिकूल जलवायु वाली फसलों की आधुनिक खेती कर गंगासागर पांडेय दूसरे किसानों के लिए प्रेरणा के स्रोत साबित हो रहे। वहीं सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर गंगासागर के जज्बे की हौसलाअफजाई करने से क्षेत्र ही नहीं वरन प्रदेश में अन्य किसानों को भी जलवायु के विपरीत आधुनिक ढंग से जैविक खेती करने की प्रेरणा दी है। क्षेत्र को गौरवान्वित कराने वाले गंगासागर पांडेय की इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक रामलाल अकेला, पूर्व प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह, दीपू चौधरी, प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण कुमार, बीडीओ वर्षा सिंह, प्रधान उमेश कुमार, राजकुमार, जुगुन तिवारी, गुड्डू सिंह, श्रवण सिंह, बबलू शुक्ला आदि मौजूद रहे।


राज्यपाल के द्वारा प्रशस्ति पत्र लेते प्रगतिशील किसान गंगासागर पांडेय।

## संदिग्ध अवस्था में लटकता मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**सतांव, रायबरेली**

**अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे ठाकुरदीन मजरे हाजीपुर गांव में सोमवार की सुबह युवक का शव गांव के बाहर उसी के निर्माणाधीन मकान में संदिग्ध अवस्था में फंदे पर लटकता मिला। इसकी सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों का हुजूम एकत्रित हो गया। सूचना पर पहुंची ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरांत पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही परिवारीजन हत्या की आशंका जता रहे हैं।

सोमवार की सुबह क्षेत्र के पूरे ठाकुरदीन का पुरवा मजरे हाजीपुर गांव निवासी सूरज गुप्ता (25) पुत्र स्व. रामप्रसाद गुप्ता का शव संदिग्ध अवस्था में गांव के बाहर उसी के निर्माणाधीन मकान की बीम से रस्सी के फंदे से लटकता पाया गया। घटना की जानकारी होते ही मौके पर लोगों का मजमा लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूरज की मौत से उसकी मां सावित्री, पत्नी नीलम और दो वर्षीय बेटे नीलेश के साथ ही परिवारजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का ही प्रतीत हो रहा है। बाकी मौत का असल कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।


रोते बिलखते परिवारीजन। अमृत विचार

### परिवारजन जता रहे हत्या की आशंका

मृतक की मां सावित्री के अनुसार सूरज समारोहों में खाना बनाने का कार्य करता था। रविवार की शाम वह घर से किसी शादी समारोह में काम करने जाने की बात कहकर निकला था। देर शाम सूरज की पत्नी नीलम ने उसे फोन किया तो उसने सुबह घर लौटने की बात कही थी। अपने पिता की मौत के बाद से सूरज ही परिवार के सभी दायित्व निभा रहा था। घर में भी किसी बात को लेकर कोई परेशानी नहीं थी तो फिर भला वह आत्महत्या क्यों करेगा। जरूर किसी ने उसे मारकर टांगा है।

### ग्रामीणों ने उठाये पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

ग्रामीणों के अनुसार मृतक सूरज के दोनों पैर जमीन पर रखे थे। घटनास्थल के पास ही दो प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास पड़ी हुई थी। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि घटनास्थल पर दो व्यक्तियों ने शायद शराब आदि का सेवन किया होगा। उपरोक्त परिस्थितियों में भी पुलिस द्वारा फारेंसिक टीम को ना बुलाया जाना कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह उठा रहा है।

## ऑटो रिक्शा की चपेट में आने से किसान की मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली**

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर अरखा बाजार के पास ऑटो रिक्शा ने सड़क किनारे पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी और उसके बाद अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसकी चपेट में आने से खेत की ओर जा रहा किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां अधेड़ को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घायल महिला का उपचार किया गया है।

घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा दिया है। मामला सोमवार की सुबह का है। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर एक ऑटो रिक्शा ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पैदल जा रही फूलकली (55) निवासी बंधवा मजरे अरखा को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे पलट गया, जिसकी चपेट मे रामआसरे (58) निवासी बंधवा मजरे अरखा आ गया।

घटना में दोनों लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां रामआसरे को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति को मृत अवस्था में सीएचसी लाया गया था, जबकि घायल महिला का उपचार किया गया है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है, अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अवैध कब्जेदारों पर कार्रवाई से कतरा रहे जिम्मेदार

**नसीराबाद, रायबरेली।** सलोन सर्किल क्षेत्र में इन दिनों अवैध कब्जाधारियों की बल्ले-बल्ले हो गई है। कब्जाधारी तालाब, खलिहान के अलावा दूसरों की भूमिधरी पर कब्जा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। यहां तक कि गांव में सार्वजनिक स्थानों को भी कब्जा किया जा रहा है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार कार्रवाई से कतरा रहे हैं। हाल यह है कि कहीं पर तालाब नंबर की जमीन तो कहीं पर खलिहान तो कहीं पर नवीन परती तो कहीं पर गरीब असहाय लोगों की भूमिधारी अवैध कब्जा हो रहे है। छतोह के ग्राम सभा पूरे राई राजियापुर में ग्रामीण ने सार्वजनिक कुएं पर कब्जा कर लिया गया है। जनवरी में गांव के ही विजय सरोज ने 18 जनवरी को थाने में शिकायत पत्र देकर आरोप भी लगाया। भूमि धरी जमीन की बात करें तो बरोकवा मजरे संडहा राम अभिलाष गुप्ता की जमीन ग्राम पंचायत राजापुर कुवरमऊ में है, जहां पर लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा कर फसल उगा रहे हैं। शिकायत करने पर सलोन एसडीएम आशुतोष राय ने अपने न्यायालय में बंटवारा दाखिल करने के बाद कब्जा दिलाने की नसीहत पीड़ित को दी। मामले में चौकी पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों को बुलाया गया था। मामले में सुलह समझौता हुआ है। वादी के विपक्षी ने सुलहनामा में कहा कि हम अतिक्रमण हटा लेंगे छप्पर भी हटा लेंगे। कुएं पर किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करेंगे।

## सार-संक्षेप

### प्रश्नपत्र लीक होने पर अभ्यर्थियों ने कड़ी कार्रवाई की मांग


पुलिस परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने पर डीएम को ज्ञापन देने पहुंचे अभ्यर्थी।

**संवाददाता, रायबरेली।** पुलिस भर्ती परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होने से अभ्यर्थी काफी आहत हैं। उनका कहना है कि पिछले चार साल बाद परीक्षा में शामिल होने का मौका मिला। अब देखों क्या होता है। अभ्यर्थियों ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग मुख्यमंत्री से की है। इससे पहले सभी लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। कहा कि प्रश्नपत्र लीक करके कुछ लोग गलत तरीके से सफलता पाने की कोशिश में लगे रहे हैं। इसका खामियाजा हम जैसे लोगों को भुगतना पड़ रहा है। प्रकरण में जो भी दोषी हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस मौके पर संजय गुप्ता, शिवनरेश, आरपी मौर्य, विमल आदि मौजूद रहे।

### दहेज के लिए महिला को प्रताड़ित करने का आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली।** दहेज की खातिर ससुरालीजनों द्वारा आये दिन विवाहिता को प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सवैयाधनी गांव निवासी कविता का कहना है कि उसकी शादी पिछले वर्ष मार्च के महीने में गदागंज थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव में हुई थी। शादी में उसके मायके वालों ने इच्छा शक्ति के अनुसार दान दहेज भी दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद से ही ससुरालीजनों द्वारा उससे चार पहिया गाड़ी की मांग की जा रही है और इसी बात को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

### सफाईकर्मी संघ के उमेश बने अध्यक्ष और रमेश मंत्री


कर्मचारी संघ के चुनाव में विजेता को प्रमाणपत्र सौंपते पदाधिकारी

**सरेनी, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का सोमवार को ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिले से आए पदाधिकारियों की देखरेख में हुए मतदान में ब्लॉक अध्यक्ष पद पर उमेश कुमार निर्वाचित हुए। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए उमेश और रामऔतार ने दावेदारी की थी, जिसको लेकर मतदान की स्थित बनी। इस दौरान पड़े मतों में राम औतार को 55 मत ही मिले, जबकि उमेश को 67 मत हासिल हुए। जिसके तहत उन्होने 11 मतों से जीत हासिल कर ली। वही मंत्री के पद पर रमेश, संगठन मंत्री के पद पर कमलेश कुमार, कोषाध्यक्ष के लिए बिंदादीन, मीडिया प्रभारी संजय कुमार व संरक्षक के पद पर ब्रजेन्द्र सोनकर व सुरेश निर्वाचित हुए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रनबहादुर यादव, अरुण कुमार, विनंदेश्वर मिश्रा, दिनेश प्रकाश व शिवकुमार मौजूद रहे।

### महराजगंज में किसान से हुई टप्पेबाजी

**महराजगंज, रायबरेली।** बैंक में पैसा जमा करने गया किसान टप्पेबाजी का शिकार हो गया। काफी देर तक खोजबीन के बाद किसान टप्पेबाजी की घटना की सूचना पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है। सोमवार को कस्बा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में मोन गांव निवासी शिवशंकर गोस्वामी अपने खाते में पैसा जमा करने गए थे। तभी बैंक के अंदर ही भीड़ का फायदा उठाकर टप्पेबाज ने उनकी जेब में रखे 5300 रुपये निकाल लिए। किसान शिवशंकर ने काउंटर पर जैसे ही पैसा जमा करने के लिए जेब में हाथ डाला तो उसके होश उड़ गए। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस जांच में जुट गई है।

### कर्मचारियों को मिलेगी राहत

**संवाददाता, रायबरेली।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का पं. दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना अन्तर्गत आवेदन में आसानी होगी। इसके लिए कम्प्यूटर आपरेटरों की ड्यूटी तात्कालिक प्रभाव से विकास भवन में स्थित कोविड कन्ट्रोल रूप में लगा दी गई है।

## प्रतापगढ़ और जंगली खेड़ा ने दर्ज की जीत

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार।** सतांव गन्ना कॉंटा मैदान में आयोजित हो रही भव्य पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मृति अंतरजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अर्न्तगत सोमवार को दो मैचों का आयोजन किया गया। पहला लीग मैच जंगली खेड़ा, उन्नाव व लालगंज के मध्य खेला गया, जिसमें जंगली खेड़ा की टीम विजय रही। प्रतियोगिता दूसरा मैच प्रतापगढ़ व लालगंज की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें प्रतापगढ़ की टीम विजयी हुई।

उन्नाव व लालगंज के मध्य हुए दिन के पहले लीग मैच में उन्नाव की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में आठ विकेट खोकर 105 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लालगंज की टीम 86 रनों पर ही ऑल आउट हो गई। इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए ब्रेट ली को "मैन ऑफ द मैच" चुना गया। आयोजक उमेश प्रताप सिंह ने मैन ऑफ द मैच की शील्ड प्रदान की। दूसरा मैच प्रतापगढ व लालगंज के मध्य निर्धारित 12- 12 ओवरों का खेला गया।

लालगंज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रजनीश के 39 रनों की बदौलत 117 रनों का स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रतापगढ़ की टीम ने रोहित के ताबड़तोड़ 49 रनों की बदौलत 11 ओवरों में ही लक्ष्य प्राप्त कर मैच जीत लिया। 49 रन व एक विकेट लेने के लिए रोहित को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टूर्नामेंट के आयोजक उमेश सिंह के द्वारा दिया गया। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह, राजू सिंह, सुशील सिंह, राकेश सिंह प्रधान, सुंदरम सिंह, रामू सिंह आदि मौजूद रहे।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की व्यापारियों ने ली सदस्यता

**लालगंज, रायबरेली**

**अमृत विचार।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज नगर के सदस्यता अभियान 2024 के तहत तिकोना पार्क से कोतवाली लालगंज तक रमाशंकर बाजपेई, रामकुमार गुप्ता सहित सैकड़ों व्यापारियों ने सदस्यता ग्रहण किया। तिकोना पार्क से सदस्यता अभियान की शुरुआत करते हुए नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान से व्यापारियों से डोर टू डोर मिलने के साथ-साथ व्यापारियों की दुकान में रजिस्ट्रेशन होता है, जिससे व्यापारी संगठन के साथ जुड़कर संगठन को मजबूती प्रदान करता है।

जिला प्रभारी विवेक शर्मा ने कहा कि सोमवार को हुई सदस्यता में सैकड़ो व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की सदस्यता बड़ी ही प्रसन्नता के साथ लिया और कहा कि विवेक शर्मा की अगुवाई में व्यापार मंडल व्यापारियों की हर संभव सहायता के लिए सदैव अग्रसर रहता है।

जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय बाजपेई एवं महामंत्री अप्पू शर्मा ने कहा कि लालगंज नगर की सदस्यता होने से व्यापार मंडल मजबूत होगा। नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ने कहा कि संगठन के द्वारा लिए गए। सदस्यता होने से व्यापारी समाज की समस्याएं एवं जानकारियां प्राप्त होती है। इस मौके नगर उपाध्यक्ष शीलू त्रिवेदी, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता, नगर महामंत्री संगठन कौशलेंद्र, कंचन, विनय गुप्ता, हंसराज विश्वकर्मा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बीएसए ने कंपोजिट विद्यालय का किया निरीक्षण, बच्चों से पूछे सवाल

**जगतपुर, रायबरेली**

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय रोझइया भीखम शाह का औचक निरीक्षक किया, जहां पर शिक्षा की गुणवत्ता साफ-सफाई और एमडीएम का किया निरीक्षण। इस दौरान कक्षाओं में जाकर बच्चों से सवाल भी पूछे।

सोमवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह अचानक कंपोजिट विद्यालय रोझइया भीखम शाह पहुंच गए, जहां पर उन्होंने साफ-सफाई और चल रही कक्षाओं में छात्र-छात्राओं से सवाल पूछा। इसके बाद छात्राओं ने सही जवाब दिया जिसको लेकर कक्षा आठ के छात्र दिवेंद्र से बैंकिंग संबंधित प्रश्न किया, जिसका सही जवाब सुनकर बीएसए ने छात्र को शाबाशी दी। वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि विद्यालय में साफ सफाई से लेकर एमडीएम का भी कार्य संतोषजनक है।

विद्यालय की साफ सफाई देखकर शिक्षकों की खूब प्रशंसा की। कहा कि ऐसे ही विद्यालयों से सभी विद्यालयों को प्रेरणा लेना चाहिए। इस मौके पर शिवकुमार सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, आभा मिश्रा, कंचन लता, बिंदादीन, ज्ञान देवी, दुर्गेश नंदिनी सहित आदि शिक्षक मौजूद रहे।


छात्र से जानकारी लेते बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह।

## सड़क पर खड़े होकर करना पड़ता बस का इंतजार, गंभीर नहीं जिम्मेदार

**महराजगंज, रायबरेली**

**अमृत विचार।** कस्बे में एक बस स्टैंड बनाने की मांग तकरीबन तीन दशक पहले से उठ रही है। लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी ने गंभीरता से नहीं लिया। लोगों को सड़क किनारे ही खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। वहीं कस्बे से होकर जाने वाली परिवहन विभाग की बसें भी चौराहें के पास सड़क पर खड़ी हो जाती है। जिससे लोगों को लम्बे जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है।

बीते वर्ष फरवरी में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रबंधक निदेशक परिवहन निगम को पत्र जारी करते हुए बस स्टैंड बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने के निर्देश दिए थे। जिला मुख्यालय से महराजगंज कस्बे की दूरी लगभग 20 किलोमीटर है। साथ ही महराजगंज तहसील मुख्यालय भी है। यहां से अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ के अलावा लखनऊ के लिए व्यापारियों व लोगों का आवागमन रहता है। लेकिन अभी तक बस स्टैंड नहीं बन सका। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के पत्र जारी होने के बाद लोगों को आस जगी थी कि शायद अब सड़क किनारे खड़े होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एक साल बीत जाने पर भी लोगों की आस पूरी नहीं हो सकी।

### मजबूरी में लोगों को प्राइवेट वाहनों में करना पड़ता सफर

महाराजगंज तहसील मुख्यालय से होते हुए जिला मुख्यालय जाने के साथ ही बछरावां कस्बा होते हुए लखनऊ, मौरावां, उन्नाव, कानपुर, हलोर, बाराबंकी, शिवगढ़, हैदरगढ़, इन्हौना और अयोध्या तक का सफर क्षेत्र के लोग करते रहते हैं। बस स्टेशन नहीं होने से नगर पंचायत क्षेत्र ही नहीं तहसील क्षेत्र के मुख्य कस्बों और गांव के लोगों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## एसडीएम ने एमएलसी को बना दिया विस सदस्य

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** लखनऊ शिक्षक खंड एमएलसी को एसडीएम ने विधान सभा सदस्य बना दिया है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @4.0 के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए एसडीएम कार्यालय द्वारा जारी पत्र वायरल होने के बाद यह कारनामा सामने आया है। इसको लेकर क्षेत्र में खूब चर्चा रही। सोमवार को ऊंचाहार तहसील परिसर में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का कार्यक्रम प्रस्तावित था। इस कार्यक्रम में शिक्षक खंड लखनऊ के विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी को मुख्य अतिथि बनाया गया। एसडीएम द्वारा जारी पत्र जब सार्वजनिक हुआ तो पत्र पढ़कर लोग चौंक गए। कार्यालय द्वारा की गई इस त्रुटि पर एसडीएम ने भी ध्यान नहीं दिया और आंख बंद करके हस्ताक्षर कर दिया। उसके बाद यह पत्र एमएलसी तक पहुंचा दिया गया। अब एसडीएम इसमें सफाई दे रहे है। एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया, यह ऑफिस में टाइपिंग के दौरान गलती हुई है।


ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 4.0
स्थान:- तहसील ऊंचाहार
उद्घाटन समारोह
सजीव प्रसारण
दिनांक 19 फरवरी 2024

एसडीएम द्वारा जारी किया गया पत्र।

## बैंक के सापेक्ष पोस्ट आफिस है अधिक सुरक्षित

- सरेनी के मूसापुर पंचायत भवन में डाक कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

**सरेनी, रायबरेली**

**अमृत विचार।** विकास खंड सरेनी के मूसापुर पंचायत भवन में शुक्रवार को डाक कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। सहायक डाक अधीक्षक लालगंज राजेश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश द्विवेदी, हरी शंकर, शिव कुमार के साथ ही ग्राम प्रधानों, आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि योजना के खातों की पासबुक व ग्रामीण डाक जीवन बीमा धारकों को पालिसी बांड व पास बुक का वितरण किया गया।

सहायक डाक अधीक्षक लालगंज राजेश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्राम पंचायतों के लिए डाक विभाग में आकर्षक योजनाओं की शुरुआत की गई। इसमें शून्य से 10 वर्ष तक कि लड़कियों के लिए सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान बचत पत्र, जिसमें महिलाएं एक हजार से दो लाख रुपये तक प्रतिवर्ष जमा कर सकती है। बैंक के सापेक्ष पोस्ट आफिस में रुपया जमा करने से आपका रुपया सुरक्षित होता है।

बिना अंगूठा लगाए कोई रुपया निकाल नहीं सकता है। आपका अंगूठा ही आपकी पासबुक है। पोस्ट आफिस के द्वारा इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक का खाता खोलने पर उसके माध्यम से अपने किसी बैंक के खाते का दस हजार रुपया तक डाकिया के माध्यम से अपने दरवाजे निकाल सकते है। वही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था, विधवा और विकलांग पेंशन, मनरेगा मजदूरी सहित विभिन्न सरकारी योजनाओ का रुपया बहुत आसानी से कम समय मे इस खाते में आ जाता है। इस मौके पर देवेश चौधरी, प्रदीप मिश्र, संतराम श्रीवास्तव, संतोष पांडे, विनीत कुमार, अभिनव सिंह, कुमारी आकांक्षा आदि मौजूद रहे।



मूसापुर पंचायत भवन में डाक कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम में मौजूद डाक कर्मी।

## प्रवेश लेने के लिए परीक्षा देते नौनिहाल

**लालगंज, रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर में आगामी सत्र (2024-25) के लिए प्रथम प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यालय में नर्सरी से कक्षा नौ तक के लिए हुई प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम में आए हुए अभिभावकों में भी खासा उत्साह दिखा। अतिथियों का स्वागत विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत से किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने आए हुए अभिभावकों को विद्यालय में दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन कर रही प्रकृति वास्तव ने अभिभावकों के बीच विविध प्रकार के मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। परीक्षा को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखा। संचालिका ने बताया कि विद्यालय में परीक्षा परिणाम 20 फरवरी को घोषित होगा और अगली प्रवेश परीक्षा 17 मार्च को कराई जाएगी, जिसको विद्यालय की वेबसाइट पर या नोटिस बोर्ड पर देख सकते है। परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी अभिभावकों ने उत्साह पूर्वक संपूर्ण विद्यालय का भ्रमण किया और अपने पाल्यों को शिक्षा के लिए दी जाने वाली सुविधाओं को देखा।


परीक्षा देते नौनिहाल। अमृत विचार

# राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज, उत्साह से ज्यादा असमंजस में कार्यकर्ता

▸▸ पहले सपा मुखिया अखिलेश से अभी तक नहीं मिली हरी झंडी, स्वामी के नए दल बनाने का यात्रा पर

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार।** राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से देश भर में बदलाव का संदेश दिया जा रहा है। यात्रा मंगलवार को रायबरेली पहुंचेगी। इसको लेकर जिले के कांग्रेसियों में जबरदस्त उत्साह है। तैयारियों को भी अंतिम रूप दे दिया गया है। जगह-जगह लोगों का हुजूम भी उमड़ेगा।

लेकिन सबसे बड़ी चुनौती का सामना भी कांग्रेस को अपने गढ़ में करना पड़ रहा है। इसकी वजह बीते दिनों राजनैतिक घटनाक्रम में हुए बदलाव का कारण होना है। इसको लेकर कांग्रेसी भी असमंजस में हैं। पहले सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के यात्रा में शामिल होने की घोषणा से दोनों दलों के कार्यकर्ता उत्साहित थे। हर किसी को उस पल का बेसब्री से इंतजार था, जब राहुल और अखिलेश एक साथ यात्रा में चलते। लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है। यही नहीं बीते दिनों अचानक स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा का दामन छोड़कर अलग नए दल की घोषणा कर दी। इसके बाद उनका लगातार सपा मुखिया पर आक्रामक होना सपाइयों को रास नहीं आ रहा है।

कहीं ना कहीं इसका असर विपक्षी गठबंधन इंडिया पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। यहां तक कि जिस तरह से सपा मुखिया अखिलेश यादव ने राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर अचानक दूरी बना ली है। इससे कांग्रेसी भी विचलित नजर आ रहे हैं। हालांकि अभी भी वह स्वीकार नहीं कर रहे हैं कि ऐसा होगा। वहीं कई कांग्रेसी अब पार्टी से भी किनारा करने लगे हैं। ऐसे में उनको जोड़े रखना भी कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी चुनौती है।

### प्रियंका के नहीं आने की कयासबाजी तेज

सांसद सोनिया गांधी के राज्यसभा से नामांकन के बाद हर किसी को उम्मीद थी कि प्रियंका गांधी यहां की बागडोर अपने हाथ में लेंगी। ऐसे में यात्रा को लेकर उनके आने की सुगबुगाहट पहले से ही शुरू हो गई थी। इसके बाद इसकी घोषणा भी हो गई। जगह-जगह पोस्टर भी लग गए। वहीं अब अखिलेश यादव के दूरी बनाने और उनके नहीं आने को लेकर कयासबाजी तेज हो गई हो गई। यदि प्रियंका भी यात्रा में नहीं शामिल होती है तो भाजपा का आक्रामक होना तय है।

### पार्टी से ज्यादा खुद को तरजीह दे रहे दिग्गज

जिले में संगठन की दशा किसी से छिपी नहीं है। हकीकत यही है कि यहां पर पार्टी से ज्यादा खुद को तरजीह देने में दिग्गज लगे रहते हैं। यही वजह है कि जब भी गांधी परिवार से किसी सदस्य का दौरा लगता है तो सभी सक्रिय हो जाते हैं। इसके बाद निष्क्रियता आ जाती है। न्याय यात्रा की घोषणा के बाद जिस तरह से बीते दिनों सांसद प्रतिनिधि समेत पूर्व मंत्री और प्रदेश के दिग्गज नेताओं ने जिले में डेरा डाल दिया। इससे साफ स्पष्ट है कि भाजपा अपने मंसूबे में कहीं ना कहीं सफल हो रहा है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने के नहीं मिले संकेत

सपा जिलाध्यक्ष इं. वीरेंद्र यादव का कहना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के आने का अभी तक कोई संकेत नहीं मिला है। नेतृत्व के निर्देश का जिले के संगठन को इंतजार है। सपा जिलाध्यक्ष के बयान से साफ स्पष्ट है कि उन के आने की संभावना काफी कम है। यह कांग्रेस के लिए आने वाले में चुनाव को देखते हुए कतई शुभ संकेत नहीं है।

# रोजगार के अवसर, उद्यम में खर्च होंगे 1128 करोड़

▸▸ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के सजीव प्रसारण में बढ़-चढ़कर शामिल हुए उद्यमी

संवाददाता, रायबरेली


ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 के सजीव प्रसारण में मौजूद डीएम, एसपी और उद्यमी।

**अमृत विचार।** जिले के युवाओं को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। सरकार की पहल से उद्यमियों का आकर्षण बढ़ा है। अलंकृता रिसार्ट निकट सेन्ट पीटर्स, स्कूल में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के सजीव प्रसारण में कुछ ऐसा ही देखने को मिला। जिले में उद्यमियों द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में करीब 1128 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के उपरान्त ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 4.0 का आयोजन लखनऊ में प्रधानमंत्रीद्वारा शुभारम्भ किया गया, जिसका जनपद एवं समस्त विधानसभाओं में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जिले स्तर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी के साथ-साथ जिलाधिकार हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, उद्यमियों की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। सर्वप्रथम सभी अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि जिले में 109 एमओयू शिलान्यास के लिए तैयार है, जिसमें निवेश धनराशि 1128 करोड़ रुपये है। उद्यमियों, निवेशकों की उद्यम स्थापना से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण जिला उद्योग बन्धु की बैठक में प्राथमिकता के स्तर पर निस्तारित कराया जाता है।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में इकाईयों को स्थापित कर रोजगार प्रदान किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास में जनपद-रायबरेली के उद्यमियों का विशेष योगदान है।

उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से लगभग 37 विभागों द्वारा 454 सेवाएं प्रदान की जा रही है। यदि किसी उद्यमी को अनापत्ति प्रमाण-पत्र, लाइसेन्स इत्यादि की आवश्यकता होती है तो उद्यमी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जाता है। इस ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए एमएसएमई-62, फूड विभाग-1, कापरेटिव विभाग-1, सूचना विभाग-1, चिकित्सा शिक्षा विभाग-2, मत्स्य विभाग-1, वन विभाग-14, उद्यम विभाग-5, हाउसिंग विभाग-3, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग-3, प्राविधिक शिक्षा-12, यूपीसीडा विभाग-1, डेयरी विभाग-2, पशुपालन विभाग-1 के उद्यम तैयार है।

# ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि और पूर्व ब्लॉक प्रमुख सहित आठ पर मुकदमा

▸▸ गोपालीपुर नहरिया पर हुआ था विवाद, दोनों पक्षों से दी गई थी तहरीर

परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** डीह थाना क्षेत्र में गोपालीपुर नहरिया के पास हुए विवाद में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। एक पक्ष से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सहित दो लोगों और दूसरे पक्ष से पूर्व ब्लॉक प्रमुख सहित पांच लोगों के ऊपर मुकदमा दर्ज हुआ है।

गौरतलब है कि नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे चुनौटा मजरे महमदपुर नमकसार में प्रधान काफिरा के पुत्र मो. वाजिद व क्षेत्र पंचायत सदस्य मो. हकीम के बीच गांव में पक्के निर्माण को लेकर विवाद चल रहा था। जिसको लेकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह व पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुखवीर सिंह उर्फ मोनू भी बीच में आ गए। डीह थाने की परशदेपुर चौकी क्षेत्र के गोपालीपुर नहरिया के पास विवाद होने की सूचना पर डीह थानाध्यक्ष जेपी सिंह, नसीराबाद थानाध्यक्ष राम लखन पटेल, चौकी प्रभारी सुनील वर्मा भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। मामले में दोनो पक्षों की तरफ से लिखित तहरीर दी गई थी।

जिस पर रात में अर्जुन निवासी शिसनी व गोलू सिंह निवासी बारा की तहरीर पर सुखवीर सिंह, शंकर बक्श सिंह, सुनील कुमार सिंह, निशांत सिंह व वीरेंद्र प्रताप सिंह व 10 अज्ञात के विरुद्ध धारा 147,148,149, 307,427 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। वहीं पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुखवीर सिंह की लिखित तहरीर पर विशाल सिंह, रमाकांत तिवारी व गोलू सिंह के विरुद्ध धारा 307 व 504 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। डीह थानाध्यक्ष जेपी सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना चौकी प्रभारी सुनील वर्मा को दी गई है।

# जिला अधिकारी ने स्ट्रांग रूमों का किया निरीक्षण

संवाददाता, रायबरेली


जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने स्ट्रांग रुम का किया निरीक्षण।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के अंतर्गत जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि यहां पर चुनाव कर्मियों को प्रशिक्षित करने का प्रबन्ध किया जाए। इसके लिए ऑडिटोरियम को बेहतर बनाया जाए और साफ सफाई पर ध्यान दिया जाए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने गोरा बाजार स्थित आईटीआई ग्राउंड का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहां पर चुनाव के दिन वाहनों की रवानगी के लिए ग्राउंड को व्यवस्थित किया जाए। जिलाधिकारी ने आईटीआई में बने स्ट्रांग रूमों का भी निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि चुनाव से पहले सभी तैयारियां कर ली जाए साथ ही स्ट्रांग रुमो की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी सदर मिथलेश त्रिपाठीआदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पदयात्रा कर अयोध्या धाम पहुंच राम लला का किए दर्शन

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** गुजरात का एक युवक भगवान श्री राम लला के दर्शन को इस कदर लालायित हुआ कि सब कुछ छोड़कर धरती के पग नापते हुए पैदल ही नंगे पैर सिर्फ मोजे पहनकर अयोध्या धाम को निकल पड़ा। 43 दिन के पश्चात जब उसे भगवान श्री राम लला का दर्शन प्राप्त हुआ ,तब जाकर उसको सुकून हासिल हुआ। अयोध्या धाम के दर्शन करने के पश्चात बागेश्वर धाम बालाजी जा रहे दर्शनार्थी रवि सिंह ने बताया कि वह 30 दिसंबर 2023 को बीकानेर गुजरात से पैदल भगवान राम के दर्शन करने निकला था। रास्ते में कई जगह थोड़ी बहुत अड़चन आई लेकिन भगवान राम के दर्शन करने को आतुर उसकी यात्रा को कोई भी बाधा रोक नहीं सकी और वह 43 दिन के बाद अयोध्या पहुंच गया। रवि सिंह ने बताया कि उसने पहले से ही यह प्रण किया था कि जब भगवान राम का मंदिर बनेगा तो पदयात्रा कर अयोध्या में रामलला का दर्शन करेगा। वह दो दिन अयोध्या में दर्शन के लिए रुका था। उसने यह भी बताया कि बागेश्वर धाम बालाजी के दर्शन करने के उपरांत वह वहां से वाहन सुविधा लेकर अपने घर पहुंचेगा। लालगंज में आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला, रमाशंकर बाजपेई, रामबाबू गुप्ता, बीएमपीएस के प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन ने उसे खाद्य सामग्री भेंट की और आगे की यात्रा के लिए उसे रवाना किया। रवि सिंह ने बताया कि वह शुद्ध शाकाहारी है। लहसुन, प्याज भी नहीं खाता है। रवि सिंह गुजरात की एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है और एक माह की छुट्टी लेकर के आया था लेकिन उसे पदयात्रा में समय लगा जिसके कारण उसे अपनी छुट्टी भी बढ़ानी पड़ी है। घर वाले भी पैसा आदि भेज कर मदद कर रहे हैं।

### अवैध संबंध में खूब किरकिरी, कार्रवाई में हीलाहवाली

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** पीएमश्री विद्यालय के शिक्षक का पूर्व छात्रा के साथ अवैध संबंध का मामला उजागर होने के बावजूद कार्रवाई के नाम पर जिम्मेदार शिकायत का इंतजार कर रहे हैं, जबकि आडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला रोहनिया ब्लाक के एक पीएम श्री विद्यालय के शिक्षक और इस स्कूल में पढ़ चुकी एक छात्रा का है। दोनों के बीच चार आडियो वायरल हुए हैं। जिसमें शिक्षक और छात्रा के बीच अनैतिक रिश्तों का काला सच सामने आया है। आडियो वायरल होने के बाद छात्रा के परिजनों और शिक्षक के बीच सौदेबाजी हो गई। कोतवाल अनिल कुमार सिंह किसी भी शिकायत को सिरे से खारिज कर रहे है। जबकि खंड शिक्षा अधिकारी डा. सत्य प्रकाश यादव पूरे घटनाक्रम से ही अंजान बने हुए है। दोनों अधिकारियों का कहना है कि मामले में किसी पक्ष से शिकायत मिले तो कार्रवाई की जाए, किंतु कोई शिकायतकर्ता ही नहीं है।

### महराजगंज में किसान दिवस 21 को

**रायबरेली।** उपकृषि निदेशक ने बताया कि 21 फरवरी को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील महराजगंज के सभागार में किसान दिवस का आयोजन होगा। इसमें किसानों को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### बाइक सवार युवक को जबरन बैठाने का आरोप

**अमावां, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रतापुर चौराहे के पास स्थित फिरोज गांधी पॉलिटेक्निक के पास शाम बाइक पर सवार युवक को कुछ बाइक सवारों ने जबरन बैठा लिया। इसके बाद लेकर कहीं चले गए। बाइक के पास किसी के नहीं पहुंचने पर रात आठ बजे आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल में पता चला है कि बाइक सवार युवक खोर गांव का जितेंद्र पांडे, जो नशेड़ी प्रवृत्ति का है। परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का दिखाया गया सजीव प्रसारण

**बछरावां, रायबरेली ।** नगर पंचायत कार्यालय में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 का सजीव प्रसारण दिखाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण मौजूद रहे। उन्होंने इस उद्घाटन समारोह के मौके पर प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। वहीं इस मौके पर पूर्व विधायक रामलाल अकेला, दयानंद पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज के संस्थापक प्रबंधक भगवान कुमार अवस्थी, वरिष्ठ व्यवसायी सौरमंडल शुक्ला मौजूद रहे।

### बाजा बजाने के विवाद को लेकर हुई मारपीट

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र के पहाड़ीपुर मजरे बहाई गांव में बाजा बजाने के विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया जिससे महिला सन्नो देवी पत्नी विजय बहादुर रैदास और उसका पुत्र करन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया । मामले में लालगंज पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर महिला की तहरीर पर गांव के ही अमरजीत, रामकिसुन, कुंती और आरती के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने मामले में अमरजीत और रामकिसुन को पकड़ा है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने दोनों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सा के लिए रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बताते हैं कि करन बाजा बजा रहा था जिसकी आवाज को लेकर दोनों पक्षों में कहां सुनी हो गई और कहा सुनी की घटना गंभीर मारपीट में बदल गई।

### तिलक समारोह से लौट रहे युवक पर हमला

**सलोन, रायबरेली।** तिलक समारोह से लौट रहे युवक ने जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया गया है। घटना के दौरान गंभीर रूप से घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पड़ोसी गांव के लोगो पर युवक ने हमला करने का आरोप लगाया है। तिलक समारोह में दोनो पक्षों में विवाद हुआ था। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। उमेश कुमार निवासी पूरे गोड़ियन मजरे बरवलिया बीती रात गांव स्थित एक युवक के तिलक समारोह में गया हुआ था। कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद रात्रि करीब साढ़े दस बजे युवक अपने घर जाने के लिए पैदल निकला था।आरोप है कि पड़ोसी गांव पूरे साहब जादा मजरे पीरानगर निवासी राजेंद्र उसकी पत्नी माधुरी, लडके नागेंद्र ने एकाएक उसपर लोहे की राड़ और सरिया से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित के मुताबिक राहगीरों की वजह से उसकी जान किसी तरह बच सकी है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल का कहना है की दोनो पक्षों में आपस में लड़ाई झगड़ा हुआ हैं। एक पक्ष से मुकदमा पंजीकृत हुआ है। अगर दूसरा पक्ष भी तहरीर देता हैं उसकी भी एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### जिले के चार बीईओ गैर जनपद भेजे गए

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** शासन ने बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत खण्ड शिक्षाधिकारी मुख्यालय मनोजीत राव समेत चार खण्ड शिक्षा अधिकारियों का तबादला गैर जनपद के लिए कर दिया है। दो खण्ड शिक्षा अधिकारियों को गैर जनपद से जिले के लिए तबादला हुआ है।


कोटा चयन के लिए मतदान का इंतजार करती महिलाएं।

# सात महीने बाद कोटेदार का हुआ चयन विपक्षियों ने धांधली का लगाया आरोप

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के ग्राम सभा प्यारेपुर में लगभग सात महीने से खाली चल रही कोटे की दुकान का चयन हो गया। वहीं दूसरे नम्बर पर दावेदारी पेश कर रही प्रत्याशी ने चयन का बहिष्कार कर दिया। जिसके बावजूद मौजूद अधिकारियों ने नम्बर एक प्रत्याशी को विजयी घोषित कर चयन प्रक्रिया समाप्त कर दी।

रोली साहू को गांव का कोटेदार घोषित कर दिया। सोमवार को पर्यवेक्षक तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी के नेतृत्व में अधिकारियों व ग्राम प्रधान की देखरेख में कोटे की दुकान के लिए तीन लोगों ने आवेदन किया था। सलोन ब्लाक के प्यारेपुर गांव में सात महीने से कोटे की दुकान रिक्त चल रही थी। जिसको कपूरीपुर गांव से सम्बद्ध कर दिया गया था।सोमवार को सहायक विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह व ग्राम विकास अधिकारी विशाल यादव, मनीष श्रीवास्तव, केके पांडे और ग्राम प्रधान रमाकांत पाण्डेय की देखरेख में पंचायत भवन में ग्रामीणों की खुली बैठक आयोजित की गई।

इसमें कोटे की दुकान के लिए पुष्पा देवी पत्नी धर्मराज को 15, रोली साहू पत्नी आशू साहू को 311 व नेहा कौशल पुत्री अमरचंद ने अपने समर्थकों के साथ चयन प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाकर उन्होंने चयन का बहिष्कार कर दिया। दूसरे प्रत्याशी नेहा कौशल को एक भी मत नहीं मिला। सहायक विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह ने रोली साहू को गांव का कोटेदार घोषित कर दिया। वही नेहा कौशल के समर्थकों ने करहिया चौकी पहुंचकर महिलाओ के साथ कोटे के चयन को लेकर प्रथम पक्ष के लोगो द्वारा अभद्रता किये जाने आदि का शिकायती पत्र सौपा है। इस सम्बंध में बीडीओ शशि कुमार तिवारी ने बताया कि चयन प्रक्रिया में मैं मौजूद तो था।

# जिला पिछड़ा कल्याण अधिकारी का रोका वेतन

▸▸ ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों की थपथपाई पीठ

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों के समीक्षा कार्य हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनवरी माह में विभागों द्वारा संचालित सेवाओं, योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की जानी थी।

जिलाधिकारी ने बारी-बारी से सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की। साथ ही साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्ता परक करने के निर्देश दिए। उपरोक्त बैठक मुख्य उद्देश्य यह था कि सीएम डैशबोर्ड में जनपद की रैंकिंग सबसे निचले पायदान पर थी। रैंकिंग से नाराज जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार भी लगाई।

बैठक में प्रतिभाग न करने वाले पिछड़ा कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी इन्हीं के पास दो और विभागों का अतिरिक्त प्रभार डीएम ने सौंप रखा है। इनकी उपस्थित न होने उनका वेतन रोकने का भी आदेश दे दिया।

जिससे यह स्पष्ट है कि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग से नाराज है और कामचोर अधिकारी/कर्मचारियों के कार्यों से नाराज नाखुश भी है। जिसके फलस्वरूप अपने कार्यों में शिथिल पिछड़ा कल्याण अधिकारी के वेतन रोकने का आदेश दे दिया है साथ ही जिन अधिकारियों ने अपने कार्यों को पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा से संपादित किया उनकी पीठ भी थपथपाई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव समेत जनपद के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने सरिया चोर को दबोचा

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली रोड पर रविवार की रात पुलिस गश्त के दौरान सरिया चुराकर बाइक से भाग रहे दो चोरों में से एक को दबोच लिया। पुलिस टीम ने बताया कि दो चोर बिना नंबर की बाइक में सरिया लाद कर भाग रहे थे। करीब 15 किलोमीटर पीछा करने के बाद कनहा गांव के निकट एक चोर को पकड़ लिया। चोर का दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। पकड़े गए चोर ने बताया कि वे सरिया चुराकर भाग रहे थे। उसने अपना नाम मुकेश पुत्र ओमप्रकाश निवासी रामनगर दाउतपुर और साथी का नाम मनीष निवासी सुआखेड़ा बताया। उनके पास से एक मोबाइल, बिना नंबर की बाइक् और करीब एक क्विंटल सरिया बरामद हुआ है।

# कोतवाली पुलिस की कार्यशैली से प्रधानों में आक्रोश

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** रास्ते में दीवार खड़ी करने पर हुए विवाद में बिना छानबीन किए ओनई जंगल प्रधान पर मुकदमा दर्ज करना कोतवाली पुलिस को उल्टा पड़ गया। मामले में विकास खंड अमांवा के प्रधान संघ अध्यक्ष ऋषि सिंह की अगुवाई में आधा दर्जन से अधिक ग्राम प्रधानों ने रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी से मुलाकात कर प्रधान के मौके पर न होने के बाद भी प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की शिकायत की।

सीओ ने प्रधान संघ अध्यक्ष को मामले की जांच करा कार्यवाही का आश्वासन दिया है। मामला महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के तुर्राब नगर मजरे ओनई जंगल गांव का है। आरोप है कि गांव के चेतराम, सूरज व राजकुमार पुत्र गण कल्लू ने गांव वालों के सार्वजनिक मार्ग पर बीती शुक्रवार की रात रास्ते में दीवार खड़ी कर दी। जिससे गांव वालों का मार्ग अवरूद्ध हो गया। शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने रास्ते में दीवार खड़ी देख दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया।

कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने पर ग्रामीणों ने एक राय हो रविवार को दीवार गिरा दी। दीवार गिराने के विवाद में चेतराम पुत्र कल्लू की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बिना छानबीन किए ही ग्राम प्रधान परमेश्वर सहित तीन अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। ग्राम प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर अमांवा विकास खंड के प्रधान संघ अध्यक्ष ऋषि सिंह की अगुवाई में आधा दर्जन से अधिक ग्राम प्रधानों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से मुलाकात कर ग्राम प्रधान के मौके पर न होने के बाद भी ग्राम प्रधान परमेश्वर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने पर कोतवाली पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग की हैं। मामले में सीओ ने प्रकरण की जांच करा दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन प्रधान संघ अध्यक्ष व ग्राम प्रधानों को दिया है।

### कोतवाली पुलिस के ढुलमुल रवैए से हुआ विवाद

बीते शनिवार को रास्ते में दीवार खड़ी देख राजरानी, आरती, शांति, निर्मला, बजरंगी, राम केवल, कृष्णा सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया था। कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से न लेते हुए ढुलमुल रवैया अपनाया जिसके बाद ग्रामीणों व चेतराम के परिजनों से विवाद हुआ।

झटका | पूर्व विधानसभा प्रभारी ने दिया त्यागपत्र, पार्टी कार्य संस्कृति पर रहे असंतुष्ट

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा से पहले ही बिखरने लगी कांग्रेस

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** अपने गढ़ में मजबूत करने के लिए राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पहले कांग्रेस बिखरने लगी है। कई दिनों से चल रहे अटकलों पर सोमवार को विराम लग गया। पूर्व विधान सभा प्रभारी राहुल देव सिंह ने कांग्रेस पार्टी से त्याग पत्र दे दिया है।

उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे को लिखे अपने पत्र में कहा कि पीढ़ियों से कांग्रेस के सक्रिय सदस्य रहे हैं। लेकिन पार्टी में कार्य संस्कृत को कोई जगह नही दी जाती, जिससे अब राह अलग करने का वक्त आ गया है। कांग्रेसी नेता का त्याग पत्र ऐसे समय आया है, जब अमेठी के पूर्व सांसद राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का नेतृत्व करते हुए अमेठी और रायबरेली पहुंच रहे है।

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के बड़े नेता राहुल देव सिंह ने पार्टी की सदस्यता से नाता तोड़ दिया हैं। सोमवार को एक निजी रेस्टोरेंट में


कांग्रेस पार्टी से त्यागपत्र देने की जानकारी देते पूर्व विस प्रभारी राहुल देव सिंह

पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व विधान सभा प्रभारी राहुल देव सिंह का दर्द छलका है। उन्होंने त्यागपत्र प्रतिलिपि मल्लिका अर्जुन खड़गे और राहुल गांधी को भेजते हुए अपना दर्द साझा किया है। कहा कि हमारा परिवार तीन पीढ़ियों से निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रहकर कार्य किया है।

किंतु विगत कुछ वर्षों से पार्टी की कार्य संस्कृति में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि मैंने कई बार इस पर ध्यान आकर्षण के लिए प्रयास किया। लेकिन हाईकमान ने इस पर कोई तव्वजो नही दिया। इसलिए आहत होकर कांग्रेस से त्याग पत्र दे रहा हूं। हालाकि अभी वो किस पार्टी की ओर रुख कर रहे है, इस पर चुप्पी साधे हुए है। लेकिन सूत्रों से जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक भाजपा नेताओं से उनका संपर्क बना हुआ हैं। यही नहीं ऐसी खबरें राजनीतिक गलियारों में तेजी से चल रही हैं, जिसके अंतर्गत कांग्रेस के कई बड़े नेताओं को बीजेपी पार्टी के नेताओं के संपर्क में है। कांग्रेस के बड़े नेताओं की सूची में सलोन विधान सभा के कई पूर्व और वर्तमान पदाधिकारियों के नाम शामिल बताए जा रहे हैं। हालाकि नेताओं के नाम अभी उजागर नहीं हुए है। वही जानकारी के मुताबिक इस दौरान सांसद स्मृति इरानी 21 फरवरी को परशदेपुर कस्बे में अभिषेक कोल्ड स्टोर पर सहकारिता सम्मेलन में भी भाग लेंगी। केंद्रीय मंत्री के दौरे से एक तरफ भाजपा के पदाधिकारियों को जहां चुनाव से पूर्व संजीवनी मिली है। वही कांग्रेस का हाथ और कमजोर होता जा रहा है। यानी राहुल गांधी की न्याय यात्रा से पहले कांग्रेसी खेमे में भूचाल आना शुरू हो गया है।

# हरदोई में 4473 करोड़ निवेश के 110 प्रस्ताव आए

## ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 : जिपं अध्यक्ष बोलीं- डबल इंजन सरकार प्रदेश व जनपद के विकास को प्रतिबद्ध

हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय स्थित जेके ग्रैण्ड रिसोर्ट में चतुर्थ ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय आयोजन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बटन दबाकर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश से होने वाला निर्यात दोगुना हो गया है। इस प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नयी परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में रोजगार बढ़ेगा। नया उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश से उद्यम प्रदेश बनकर विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर है। जिला स्तरीय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि डबल इंजन सरकार प्रदेश व जनपद के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। नए निवेश के माध्यम से भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जल्द बनेगा। प्रत्येक क्षेत्र में निवेश हो रहा है। जनपद में उद्यमी अनुकूल प्रशासनिक व्यवस्था से उद्योगों के लिए माहौल बना है। हरदोई में लक्ष्य से अधिक निवेश होना गौरव की बात है।

भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि नया हरदोई बनाने में निवेशक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने उद्योगपतियों से प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाओं के विकास में अपना सहयोग देने की अपील की। विकास खण्ड बावन के ब्लॉक प्रमुख धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि जनपद में निवेश के साथ रोजगार के नए अवसर बढ़े हैं।

इस मौके पर निवेशकों ने भी अपने विचार साझा किए। अतिथियों द्वारा निवेशकों को स्मृति चिन्ह व ओडीओपी उत्पाद देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हरदोई की विकास गाथा पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गयी। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न उद्यमों से जुड़े स्टॉल का अवलोकन अतिथियों व अन्य लोगों द्वारा किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, स्थानीय जनप्रतिनिधि व निवेशक उपस्थित रहे।


सेरेमनी कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह देतीं जिपं अध्यक्ष प्रेमावती व जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन।


संडीला में कार्यक्रम में मौजूद संडीला विधायक, एसडीएम व अन्य। अमृत विचार

संडीला में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने प्रतिभाग किया। विधायक ने कहा कि भाजपा सभी वर्गो का सम्मान करती है जिस नारे के साथ आप सभी ने भाजपा को जिताया आपके विश्वास को भाजपा बनाए हुए है । उन्होंने कहा कि हिंदू मुस्लिम सभी के विकास पर कार्य किया जा रहा है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तकरीबन 40 लाख करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में एसडीएम तान्या सिंह, ईओ विजेता गुप्ता, हर्षवर्धन मिश्रा, रमन जायसवाल, संतोष अस्थाना, एपीओ राजू गौतम, अंगूरी शंकर सिन्हा सहित प्रधान, सभासद बीडीसी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन मौजूद रहे।

कछौना ब्लाक में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का सजीव प्रसारण ब्लॉक सभागार कछौना में क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा व नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज की उपस्थिति में भाजपा पदाधिकारी गण व ग्राम प्रधानगण व क्षेत्र पंचायत सदस्य गणों व प्रबुद्धजन ने देखा। विधायक रामपाल वर्मा ने कहा कि डबल इंजन सरकार की साफ नियत के चलते निवेशकों का विश्वास बढ़ा है।अपने पड़ोसी औद्योगिक क्षेत्र संडीला में निवेशकों ने बढ़-चढ़कर उद्योग व कंपनियां स्थापित की। जिससे क्षेत्र के विकास हेतु नए अवसर खुले। वही युवाओं व युवतियों को रोजगार मिला। जिससे उनके परिवार व समाज की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई। इस अवसर पर जिलामंत्री अजय शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रहम कुमार सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष रवि गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भाजपा नवीन पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. शिवराज सिंह पटेल सहित प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्य गण व प्रबुद्ध जनों ने प्रतिभाग किया।

### यूपी में विकास के रथ को नई दिशा देने के लिए माहौल तैयार

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार कोतवाली के एक निजी स्कूल में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम के तहसील स्तरीय चौथे संस्करण के प्रधानमंत्री द्वारा लखनऊ में किए गए उद्घाटन समारोह का लाइव प्रसारण का कार्यक्रम तहसील प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम को ग्राम प्रधानों और सभसदों और आम नागरिकों ने देखा। तहसील स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण का लाइव प्रसारण कार्यक्रम कस्बे के शिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एसडीएम पूनम भास्कर व अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राम जी तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। कहा कि लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण का उद्घाटन किया गया है। उत्तर प्रदेश में विकास के रथ को नई दिशा देने के लिए माहौल तैयार किया गया है। विभिन्न कंपनियों द्वारा आए निवेश प्रस्तावों को असली जामा पहनाने के लिए आज उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। सभी तहसीलों में लाइव कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में तहसील प्रशासन ने लाइव प्रसारण कार्यक्रम आयोजित किया था। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ महामंत्री बसंत गुप्ता मानव,बीडीओ पिहानी,बीडीओ, टोडरपुर,ईओ आरआर अंबेश,लेखपाल अमित मिश्रा के अलावा बड़ी संख्या में प्रधान व सभासद और आमजन उपस्थित रहे, लेकिन कार्यक्रम में लघु भारती उद्योग हरदोई और इंडियन इंड्रस्ट्री एशोसिएशन हरदोई चैप्टर की तरफ से कोई प्रतिनिधि नहीं शामिल हुआ।


ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार


शाहाबाद में कार्यक्रम को दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि। अमृत विचार

### जनपद में निवेश के अनुकूल है माहौल : जिलाधिकारी

**हरदोई, अमृत विचार।** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में बोलते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि जनपद में निवेशकों ने काफी रुचि दिखाई है। 4473 करोड़ के 110 प्रस्ताव आज की जीबीसी का हिस्सा हैं। जनपद में निवेश के अनुकूल माहौल है। 99 किलोमीटर का गंगा एक्सप्रेस वे का हिस्सा जनपद में आता है। लखनऊ-हरदोई मार्ग के निर्माण से विकास में काफी तेजी आएगी। निवेश के माध्यम से निवेश संवर्धन होगा। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि प्रदेश और जनपद में उत्तरोत्तर कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। यह स्थिति निवेशकों के अनुकूल माहौल तैयार कर रही है।

# परीक्षा की तैयारी में खलल डाल रहे हैं लाउडस्पीकर

संडीला, हरदोई

**समस्या**

▸▸ **शिकायत के बाद भी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान**

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा के तैयारी के दौरान नगर के कई मार्गो में तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर का छात्र-छात्राओं की परेशानी बने हुए है। परीक्षा की तैयारी में यह लाउडस्पीकर खलल डाल रहे हैं। मनमानी करने वालों पर जिम्मेदार कोई कदम नहीं उठा रहे हैं।

अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष व भाजयुमो के पूर्व मंडल अध्यक्ष आरके सिंह चंदेल ने छात्र-छात्राओं की उक्त परेशानी के परिपेक्ष मे जनसुनवाई के माध्यम से मुख्यमंत्री से शिकायत की कहा कि नगर के कई मार्गो में तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर छात्र छात्राओं की परेशानी उत्पन्न कर रहे हैं एवं हार्ट के मरीज परेशान हैं। नगर के मुख्य बाजार, सदर रोड मंडई, महतवाना, मलकाना, छोटा चौराहा दरगाह रोड, मूसापुर रोड आदि मोहल्ला मे बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के रात दिन तेज आवाज में लाउडस्पीकर डीजे खुलेआम बजाए जा रहे हैं, इससे परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा आम जनमानस भी तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर के शोर से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा अवधि के दौरान लाउडस्पीकर व डीजे के प्रयोग पर सख्ती से रोक लगाया जाए और अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने मांग की है कि उक्त प्रकरण पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए उचित कार्रवाई की जाए।

# नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराएं परीक्षा

हरदोई

**अमृत विचार।** रसखान प्रेक्षागृह में सोमवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा की प्रशिक्षण बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाए।

उन्होंने कहा कि सभी 138 परीक्षा केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। पांच जोन व 29 सेक्टरों में व्यवस्था को पूरी तरह से चाक-चौबंद रखा जाए। केंन्द्रों पर साफ-सफाई, पेयजल व शौचालय की उचित व्यवस्था करायी जाए। सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता सुनिश्चित कर ली जाए। केन्द्र पर एक क्लॉक रूम बनाया जाए। बोर्ड के निर्देशों का पूर्ण अनुपालन किया जाए।



प्रशिक्षण बैठक को संबोधित करते डीएम एमपी सिंह साथ में एसपी केसी गोस्वामी व प्रशिक्षण बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक केशव ने कहा कि महिला व पुरूष सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सभी केन्द्रों पर सुनिश्चित की जाए। केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में कोई फोटोकॉपी मशीन न खुलने दी जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद प्रसाद ने उपस्थित कार्मिकों को विस्तार से सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक व अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

**चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर बनवाए जाएं स्वागत द्वार : डीएम**

हरदोई, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आगामी चौरासी कोसी परिक्रमा को सकुशल सम्पन्न कराने के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर हरदोई-सीतापुर सीमा पर स्वागत द्वार बनवाया जाए। कहा कि यात्रा के लिए एक कार्य योजना तैयार कर ली जाए। पड़ाव स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल व शौचालय आदि की उचित व्यवस्था करायी जाए। पानी के टैंकर की व्यवस्था की जाए। निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए एक जेनरेटर की व्यवस्था करवायी जाए। एक कंट्रोल रूम की व्यवस्था की जाए। कंट्रोल रूम के लिए कार्मिकों की ड्यूटी लगवाई जाए। मार्गों की मरम्मत का कार्य शीघ्र कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बीईओ सण्डीला, साण्डी, भरखनी व कछौना का तबादला

● **पांच नए बीईओ की हुई तैनाती**

**हरदोई, अमृत विचार।** शासन ने प्रदेश में 194 बीईओ का तबादला किया है। तबादला लिस्ट में सण्डीला में तैनात बीईओ सिम्मी निगार को सीतापुर,कछौना के बीईओ शशांक सिंह व साण्डी में तैनात संजीव कुमार भारती को लखीमपुर खीरी और भरखनी की बीईओ पूजा सिंह को अमेठी भेजा गया है। अपर शिक्षा निदेशक बेसिक शिक्षा परिषद संजय यादव ने जारी तबादला लिस्ट के हवाले से बताया है कि हरदोई से चार बीईओ का तबादला किया गया है,जबकि शाहजहांपुर में तैनात सपना रावत व सुनील कुमार सिंह,रायबरेली में तैनात कृष्ण कुमार त्रिपाठी और प्रियंका सिंह और सीतापुर में तैनात दीपेश कुमार को हरदोई भेजा गया है।

# कांग्रेस की लोकप्रियता से भाजपा भयभीत

हरदोई

**अमृत विचार।** कांग्रेसियों ने सोमवार को नघेटा रोड स्थित आयकर कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा इलेक्टोरल बांड घोटाले में फंसी भाजपा सरकार कांग्रेस की लोकप्रियता से भयभीत है। अन्याय के विरुद्ध देश जोड़ने की राहुल गांधी की अपील से प्रभावित जनता ने कांग्रेस को जो चंदा दिया, उससे घबराकर भाजपा सरकार ने खाते फ्रिज किए।

जिलाध्यक्ष श्री सोमवंशी ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को देश भर में मिल रहे अपार जनसमर्थन और यात्रा के यूपी में प्रवेश होने पर भाजपा पूरी तरह से घबरा गई है। यही वजह है कि उनके इशारे पर आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस पार्टी के मुख्य खाते के अलावा क्राउडफंडिंग अभियान से जुड़े खाते और युवा कांग्रेस के खाते को फ्रीज करने की कार्यवाही की गई है, जो भाजपा में पनपते भय को दर्शाती है। जिला उपाध्यक्ष साधू सिंह सोमवंशी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड पर रोक लगाने और सभी राजनीतिक दलों के चंदे का ब्यौरा देने के फैसले से भाजपा बौखला गई है। इसी कारण कांग्रेस के कामकाज में रोक लगाने की बदनीयत से भाजपा ने खासकर हमारी पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। इसके अलावा जिला उपाध्यक्ष नेतम भारतीय ने भी संबोधित किया। इस प्रदर्शन में युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव निर्भान सिंह यादव वरिष्ठ कांग्रेसी पूरन लाल रावत, शहर महासचिव अनिल वर्मा, अहिरोरी ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष सालिकराम पाल आदि कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।


आयकर कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

# समारोह में सीनियर छात्राओं को नम आंखों से दी विदाई

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे के बिल्क़ीस गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं ने विदाई समारोह में अपनी सीनियर छात्राओं को नम आंखों से विदाई देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक शाहिद खान ने छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा छात्र और शिक्षक के बीच गहरा मार्मिक सबंध होता है। विदाई का समय मार्मिक होता है। आपसी लगाव व स्नेह के बंधन ढीले होने पर उठती कसक का अहसास हमेशा रहता है।सभी छात्राएं अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण होकर स्कूल और माता पिता का नाम रोशन करें। क्लास नौ व ग्यारह की छात्राओं ने अपनी वरिष्ठ छात्राओं को उपाधियां वितरित की। जब छात्राओं ने विदाई गीत प्रस्तुत किये तो छात्राओं के आंसू टपकने लगे।

विदाई पंडाल मे बैठी छात्रायें ग़मगीन हो गयी। छात्राओं के ग़मगीन होने पर प्रधानाचार्य अज़रा नईम ने कहा ये विदाई समारोह एक ऐसा कार्यक्रम होता है जिसमे बिछड़ने का दर्द बाकी रह जाता है।

### झूठा आरोप लगाकर पत्नी व सास की पिटाई

**शाहाबाद, हरदोई।** कस्बे के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी महिला ने पुत्री के ससुराल वालों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू की है। मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी अरुणा पत्नी रामकिशन ने बताया उसने अपनी पुत्री निशा का विवाह कस्बे के गढ़ी खुर्द निवासी नीरज के साथ 6 माह पूर्व किया था। पुत्री व दामाद दिल्ली में रहते हैं। सोमवार सुबह दोनों दिल्ली से लौटे तो पुत्री ने कहा कि वह मायके जा रही है। इसी बात को लेकर सुबह बहस हुई। उसकी पुत्री घर चली आई। पीछे से उसकी सास पुष्पा, देवर धीरज के साथ उसका पति भी घर आ गया,और गाली गलौज कर कहा निशा मेरे पचास रुपए लेकर आई है। मना करने पर उन लोगों ने मां व उसकी पुत्री के साथ मारपीट की ।पुलिस ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।


**कार्यालय प्रबन्धक सन्जू देवी तेजनारायण उ0मा0 विद्यालय, बेनीगंज- वि0ख0 कोथावां, जनपद हरदोई**

पत्रांक– / tender notice/2023–24 दिनांक –19/02/24

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

विकास खण्ड कोथावां अन्तर्गत सन्जू देवी तेजनारायण उ0मा0 विद्यालय बेनीगंज जनपद हरदोई में मा0 विधायक श्री रामपाल वर्मा जी की विधायक निधि द्वारा कराए जाने वाले निर्माण कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति हेतु फर्म/सप्लायरों से मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 27.02.2024 को समय अपरान्ह 3:00 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जाएगी। जो उसी दिन अपरान्ह – 04.00 बजे प्रबन्धक कार्यालय में गठित निविदा समिति के समक्ष निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जाएगी। कार्यवार निविदा प्रपत्र दिनांक 20.02.2024 से 27–02.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क अदा कर प्राप्त किए जा सकते हैं। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | प्राक्कलन की स्वीकृत लागत जी0एस0टी0 संहित ( रू0 में) | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की लागत जी0एस0टी0 सहित ( रू0 में0 | जमानत धनराशि ( रू0 में) | निविदा मूल्य ( रू0 में0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सन्जू देवी तेजनारायण उ0मा0 विद्यालय बेनीगंज वि0ख0 कोथावां, जनपद हरदोई में शिक्षण कक्ष निर्माण हेतु सामग्री की आपूर्ति | 9.73 लाख रू0 | 7,41,091 रू0 | 15000 रू0 | 500 रू | 3 माह |

**निविदा की शर्तें निम्नवत् हैं–**

1. निविदा में निर्माण कार्य की दरें प्रतिशत में उल्लेख करना अनिवार्य है एवं पैसे में प्रस्तुत निविदा मान्य न होगी। 2. निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र के साथ 100 रु0 का स्टांप एवं रुपए एक का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य होगा ।3. निविदादाता आयकर देने वाला हो तथा वाणिज्यकर कार्यालय में पंजीकृत हो, जिस पर जीएसटी नंबर अंकित हो कि प्रमाणित पैन नंबर एवं जीएसटी नंबर की छाया प्रति संलग्न की जाए। 4. निविदादाता की निविदा स्वीकृत होने पर नियमानुसार टैक्स की अनुमन्य कटौती की जाएगी। 5. निविदा के साथ कालम 5 में अंकित जमानत धनराशि संबंधित कार्यो के अनुसार अवश्य संलग्न होनी चाहिए। धरोहर धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक में से निर्गत फिक्स डिपॉजिट रसीद एन0एस0सी0 पोस्ट ऑफिस पासबुक जोकि संबंधित प्रबंधक के पदनाम से एक वर्ष की अवधि तक बंधक हो निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में निविदा निरस्त की जाएगी। जिसके संबंध में आपका कोई भी दावा मान्य ना होगा। 6. फर्म/सप्लायर कार्यस्थल का भली भांति परीक्षण कर लें। निविदा स्वीकृत के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण / आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। जिसके संबंध में कोई भी दावा मान्य न होगा। कार्य स्थल पर किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में विवाद निपटारा होने तक निर्माण कार्य का कोई भी भुगतान नहीं किया जाएगा और न ही भुगतान संबंधी कोई दावा आपत्ति मान्य होगा। 8. ऐसे निविदादाता जो कि राज्यबार काउंसिल में पंजीकृत हैं उनको टेंडर प्रक्रिया में भागीदारी की अनुमति नहीं है। 9. एक अथवा समस्त निविदादाताओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। 10. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

**प्रबन्धक**
**सन्जू देवी तेजनारायण उ0मा0 विद्यालय**
**बेनीगंज वि0ख0 कोथावां, जनपद हरदोई**


# कोल्ड ड्रिंक के सप्लायर पर हमला कर 2.5 लाख की लूट

**हरदोई, अमृत विचार।** कोल्ड ड्रिंक की सप्लाई देने के बाद ढ़ाई लाख का पेमेंट ले कर पिकअप से लौट रहे सप्लायर को रास्ते में रोक कर उसके सिर पर हमला कर सारी नगदी लूट ली गई।रविवार को अहिरोरी के भूरा तिराहे पर हुई वारदात की खबर मिलते ही टड़ियावां पुलिस छानबीन करने में जुट गई है। साण्डी कस्बे के नवाबगंज निवासी अरविंद गुप्ता अपने पिकअप से कोल्ड ड्रिंक की दुकानों-दुकानों सप्लाई करता है। रविवार को वह अहिरोरी में भूरा तिराहे पर बलराम की दुकान पर सप्लाई ले कर पहुंचा। जैसा कि बताया गया है कि सप्लाई देने के बाद बलराम ने उसे ढ़ाई लाख का पेमेंट दिया।अरविंद कुछ दूर आगे बढ़ा,तभी उसे चार से पांच लोगो ने रोक लिया और उसके सिर पर हमला कर दिया। हमला होने से अरविंद वहीं पर गिर पड़ा,तभी हमलाकर उससे सारे रुपये लूट कर भाग निकले। इसका पता होते ही वहां पहुंची टड़ियावां पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। अरविंद ने पुलिस को दी तहरीर में ढ़ाई लाख की नगदी होने की बात कही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**अच्छी खबर** — हथौड़ा से त्यौना कला मार्ग के जीर्णोद्धार के लिए एक करोड़ 45 लाख रुपये स्वीकृत

# वर्षों से उपेक्षित व बदहाल सड़क की होगी मरम्मत



हरदोई,

**अमृत विचार।** कछौना ब्लाक में दो विकास खण्डों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क हथौड़ा से त्यौना कला कई दशक से अपेक्षित सड़क को क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा के अथक प्रयास से जीर्णोद्धार के लिए शासन से स्वीकृत मिल गई है। जिसमें लगभग एक करोड़ 45 लाख रुपए की धनराशि खर्च होगी। राहगीरों का आवागमन सुगम होगा।

विधानसभा बालामऊ के अंतर्गत ग्राम हथौड़ा से त्यौना कला संपर्क मार्ग की हालत काफी जर्जर है। यह मार्ग दो ब्लॉक कछौना व कोथावां को जोड़ती है। इस मार्ग पर सड़क के नाम पर केवल बजरी व गड्ढे रह गए हैं। गहरे गड्ढों के कारण राहगीरों का आवागमन काफी दुष्कर है। इस मार्ग से कछौना से हथौड़ा, ओनवा, लालता खेड़ा, त्यौना कला, त्यौना खुर्द व बेनीगंज संपर्क आदि ग्रामों को जोड़ती है। इस मार्ग पर कई दशक से कोई मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। पूरा मार्ग गड्ढे में तब्दील हो गया है। पैदल चलना तक दुष्कर है। सबसे ज्यादा बुजुर्ग बीमार व्यक्ति, गर्भवती महिलाओं को काफी दिक्कत होती है। इस मार्ग के निर्माण हेतु स्थानीय ग्रामीणों व ग्राम प्रधानों ने शासन प्रशासन से निर्माण हेतु गुहार लगा चुके हैं। लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को विवस थे। जरा सी चूक पर लोग घायल हो जाते हैं। तीस वर्ष से इस मार्ग का निर्माण कार्य कराना जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता में नहीं था। इस सड़क में बरसात के समय सबसे ज्यादा दिक्कत होती थी। क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा ने इस मार्ग निर्माण हेतु शासन को पत्र लिखकर अवगत कराया था। उनके अथक प्रयास से इस सड़क का जीर्णोद्धार हेतु शासन से स्वीकृति मिल गई है। लगभग एक करोड़ 45 लाख की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। इस मार्ग स्वीकृति से आम जनमानस को राहत मिली है। विधायक के इस कदम की लोग प्रशंसा कर रहे हैं।

# हादसे में दूल्हे के मौसा की मौत, दुल्हन के दो भाई घायल

## पाली-भरखनी रोड पर पेट्रोल पंप के पास गन्ना लेकर जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली में हुई आमने-सामने टक्कर

भरखनी, हरदोई

**अमृत विचार।** सज-संवर कर तैयार बैठी दुल्हन को लेने उसके भाई दूल्हे के मौसा के साथ उनकी लग्ज़री गाड़ी से जा रहे थे, उसी बीच रास्ते में पाली-भरखनी रोड पर गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्राली से आमने-सामने टक्कर हो गई, हादसे में दूल्हे के मौसा की मौत हो गई और दुल्हन का सगा और चचेरा भाई ज़ख्मी हो गया। जिन्हे इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

रविवार को भरखनी निवासी देवराज सिंह की बेटी की फर्रुखाबाद के वीरसिंहपुर बरात आई हुई थी। दुल्हन को पाली में ब्यूटी पार्लर भेजा गया था। रात को दुल्हन का 25 वर्षीय भाई वीरेंद्र उर्फ दीपी सिंह और चचेरा भाई महेंद्र (26) और दूल्हे के मौसा समर पाल सिंह चौहान उर्फ छुन्ना सिंह (53) निवासी अनंगपुर थाना पचदेवरा के साथ उनकी कार से दुल्हन को लेने पाली जा रहे थे, गाड़ी समर पाल सिंह चला रहे थे। पाली-भरखनी रोड पर पेट्रोल पंप के पास गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्राली में आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में गाड़ी सवार समर पाल सिंह, वीरेंद्र उर्फ दीपी सिंह और महेंद्र सिंह बुरी तरह ज़ख्मी हो गए। महेंद्र बुरी तरह से फंसा हुआ था। उन्हें सीएचसी पाली पहुंचाया जा रहा था, उसी बीच समर पाल सिंह की रास्ते में मौत हो गई, जबकि वीरेंद्र उर्फ दीपी सिंह व महेंद्र सिंह को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। हादसे की खबर पहुंचते ही शादी वाले घर में कोहराम मच गया। एसएचओ पाली अरविंद राय का कहना है कि हादसे की जांच की जा रही है।



मृतक समर पाल सिंह।

### खेती के शौक में छोड़ दी थी नौकरी

समर पाल सिंह चौहान केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल में थे। लेकिन शुरुआत से ही उन्हे खेती-बाड़ी का शौक था। इस वजह से उन्होंने नौकरी पर ध्यान नहीं दिया और मध्य प्रदेश में तैनाती के दौरान नौकरी छोड़कर गांव लौट आए और खेती करने लगे। समर पाल सिंह अपने बच्चों को अच्छा और उन्नतिशील काश्तकार बनाना चाहते थे।

## एक नजर

### ऊषा वर्मा बनी सपा की लोकसभा प्रत्याशी

**हरदोई, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने हरदोई लोकसभा सीट से ऊषा वर्मा को मैदान में उतारा है। ऊषा वर्मा पहले भी हरदोई से सांसद रह चुकी है। पिछले चुनाव में वह भाजपा के जयप्रकाश रावत से चुनाव हार चुकी हैं, लेकिन इस बार सपा ने उन्हीं पर भरोसा जताते हुए दोबारा प्रत्याशी बनाया है। वहीं मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र से रामपाल राजवंशी को सपा ने अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है।

### धोखाधड़ी कर बैनामा कराने का आरोप

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** थाना कछौना के ग्राम खजोहना निवासी शांति देवी ने एसडीएम से शिकायत करते हुए कहा कि उसका पुत्र राकेश कुमार की जमीन गांव में स्थित है जिसकी खाता संख्या 582 की गाटा संख्या 1715 हेक्टेयर है जो कि उसके पुत्र के नाम है। ग्राम सांक का निवासी एक युवक उसके पुत्र को बहला फुसलाकर ले गया तथा शराब पिलाकर फर्जी व धोखाधड़ी करके संडीला मे बैनामा करा लिया। उसके बाद कछौना कोतवाली में शिकायत की गई, लेकिन पुलिस ने नहीं सुनी। पुलिस से उल्टा पीड़ित पर ही कार्यवाही कर दी। एसडीएम तान्या सिंह ने बताया कि पीड़ित को बैनामा ख़ारिज करने के लिए कोर्ट जाना पड़ेगा। मामले की जांच की जाएगी।

### आज व कल संकल्प यात्रा का किया जाएगा आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** संकल्प यात्रा का आयोजन मंगलवार को कस्बा सांडी स्थित नवाबगंज में किया जाएगा। इसी प्रकार बुधवार को भी सरायमुल्लागंज में संकल्प यात्रा का आयोजन होगा। संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी सत्य प्रकाश वशिष्ठ रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जाएगा।

## सड़क पर गिरे पड़े विद्युत पोल से टकराकर बाइक सवार की मौत

**सूरसा, हरदोई, अमृत विचार।** टूटकर सड़क पर गिरे पड़े बिजली के पोल से टकरा कर घायल बाइक सवार की मौत हो गई। बाइक सवार बारात में शामिल होने के बाद वापस लौट रहा था। हादसे में उसकी मौत की खबर सुन कर उसके घर में कोहराम मच गया। सुरसा थाने के जगतपुरवा निवासी संदीप पुत्र संतोष रविवार की शाम को अपनी वैगन-आर कार से रिश्तेदारों को सुरसा तिराहा छोड़ कर वापस गांव जा रहा था, उसी बीच सथरी पुलिया के पास उसकी कार बिजली के पोल से टकरा गई, जिससे पोल सड़क पर गिर पड़ा, उधर सहिमापुर निवासी 27 वर्षीय अजीत कुशवाहा पुत्र रघुनाथ कुशवाहा जगतपुरवा में एक शादी में शामिल हो कर देर रात को अपनी बाइक से घर जा रहा था। सथरी पुलिया के पास पहुंचते हई वह गिरे पड़े पोल से टकरा कर बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने उसे एम्बुलेंस-108 से उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही अजीत कुशवाहा की मौत हो गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।



युवक की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन।

## खेल रहे बच्चे की ट्रैक्टर की टक्कर से हुई मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** एक दो साल का बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था। उसी बीच उधर से निकल रहे ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बच्चा बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। मेडिकल कालेज ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। उधर ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गया। सोमवार को बघौली थाने के तिलक पुरवा निवासी नौशाद का दो साल का पुत्र असलम अपने घर के बाहर खेल रहा था, उसी बीच उधर से निकले ट्रैक्टर जो कि गांव के नितिन पुत्र सुरेश तिवारी का बताया जा रहा है, ने उसे टक्कर मार दी, जिससे असलम बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। बुरी तरह ज़ख्मी हुए दो साल के असलम को उसके घर वाले इलाज के लिए मेडिकल कालेज ला रहे थे, उसई बीच उसकी रास्ते में ही मौत हो गई।

## बिजली कर्मी का रिश्वत लेते वीडियो वायरल, जांच शुरू

हरदोई

**अमृत विचार।** शाहाबाद के इस्लामगंज पावर हाउस में तैनात एक संविदा कर्मी महिला के घर पहुंच कर उससे रिश्वत ले रहा है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बारे में एक्सईएन विनोद कुमार ने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है। उसके बाद ही आगे की कार्यवाई की जाएगी।

सोशल मीडिया पर बड़ी तेज़ी से वायरल हो रहआ वीडियो शाहाबाद के इस्लाम गंज पावर हाउस में तैनात एक संविदा कर्मी का बताया जा रहा है। संविदा पर तैनात बिजली कर्मी एक महिला के घर पहुंच कर उससे रिश्वत के रुपये ले रहा है। बिजली कर्मी जब रुपये ले रहा था, उसी बीच किसी ने दूर से उसका मोबाइल से वीडियो बना लिया। वीडियो बनने की भनक लगते ही बिजली कर्मी बौखला गया और वीडियो डिलीट करने का दबाव बनाने के लिए छीना-झपटी करने लगा। लेकिन शोर सुन कर वहां भीड़ पहुंच गई। जिसे देख कर संविदा कर्मी वहां से भाग निकला। एक्सईएन विनोद कुमार का कहना है कि जांच की जा रही है।

## लक्ष्मण ने सूखनखा के काटे दिए नाक व कान

**हरदोई, अमृत विचार।** श्री रामलीला मैदान में सोमवार को नुमाइश मेला में गोविंद गोपाल लीला संस्थान स्वामी कन्हैया लाल के निर्देश में सूर्पनखा का नाक भंग हुआ। मंचन में दर्शाया गया कि एक दिन में सूर्पनखा घूमती हुई पंचवटी पर पहुंची और राम जी को देख कर बोली मुझसे विवाह कर लीजिये। राम ने लक्ष्मण के पास भेजा तो लक्ष्मण क्रोध में आकर नाक काट देते हैं तब सूर्पनखा भाई खरदूषण त्रिशरा के पास पहुंचती है, तब तीनों भाई चौदह हजार सेना लेकर राम के पास पहुंचते हैं, राम ने एक माया का ऐसा तीर चलाया कि निशाचर आपस में लड़-लड़ कर मर गए।

## सीओ ने ट्रैक्टर-ट्राली से उतरवाईं सवारियां

हरदोई

**अमृत विचार।** लगातार ट्रैक्टर ट्रालियों के पलटने से लोगों की जान जा रही है। इसके बावजूद ट्रालियों पर सवारियों का चलना बंद नहीं है, जबकि सरकार काफी पहले ट्रालियों पर सवारियां ले जाने पर रोक लगा चुकी है। ऐसे ही एक ट्राली पर सवार 50 सवारियों को क्षेत्राधिकारी नगर ने उतरवाकर बस से रवाना कराया।

बताते चलें कि शासन ने ट्रैक्टर ट्रालियां पर सवारी ले जाने पर रोक लगा रखी है। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों के लोग ट्रालियों पर सवारियां ढोने से बाज नहीं आ रहे हैं। सोमवार को ट्रैक्टर ट्रालियों पर सवार होकर तमाम लोग अपने बच्चों का मुंडन व अन्नप्राशन कराने के लिए धार्मिक स्थलों पर पहुंचे। सिनेमा चौराहे पर गश्त कर रहे क्षेत्राधिकारी नगर अंकित मिश्रा ने ऐसी ही एक ट्रैक्टर ट्राली को रुकवाकर उस पर सवार 50 सवारियों को बस से रवाना कराया। साथ ही ट्रैक्टर चालक को भविष्य में सवारियां न बैठने की चेतावनी दी। बताते चलें कि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी धड़ल्ले से ट्रैक्टरट्रालियों पर लोगों का आना जाना जारी है। एक सप्ताह पूर्व ट्राली में भरी सवारियों सहित ट्रैक्टर ट्राली पलट गई थी, जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी तथा दर्जनों लोग घायल हो गए। इन सबके बावजूद अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर ट्रालियों पर आवागमन चल रहा है जो मार्ग दुर्घटनाओं का कारण बनती है।



ट्रैक्टर-ट्राली से सवारी उतरवाते सीओ अंकित मिश्रा। अमृत विचार

## आश्वासन नहीं समाधान चाहिए : सत्येन्द्र

कोथावां, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारियों के आश्वासन से अब परेशान हो चुके हैं। ऐसा कहते हुए किसान नेता फिर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन पर बैठ गए हैं।

भारतीय किसान यूनियन दशहरी संगठन के तहसील सण्डीला अध्यक्ष ठाकुर सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं से खण्ड विकास अधिकारी कोथावां को समय-समय पर अवगत कराने पर उनके द्वारा समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया गया, परन्तु काफी समय बीत जाने के बाद भी समस्याओं का निस्तारण नहीं हो सका। इसी के क्रम में ब्लॉक मुख्यालय पर क्षेत्रीय किसान साथियों के साथ अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है और इस बार समस्याओं के निस्तारण पर आश्वासन से काम नहीं चलने वाला है। इस बार समस्याओं के निस्तारण के बाद ही धरना प्रदर्शन समाप्त किया जाएगा। इस दौरान किसी भी प्रकार की घटित घटना की जिम्मेदारी ब्लॉक प्रशासन की होगी। वहीं धरनास्थल पर पहुंचे बेनीगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक की मौजूदगी में खण्ड विकास अधिकारी महेश चन्द्र व किसानों के मध्य ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की जांच व अन्य समस्याओं के निस्तारण कराए जाने के आश्वासन पर हुई वार्ता भी असफल रही। सभी किसान समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर अड़े रहे।



धरना प्रदर्शन पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक से वार्ता करते किसान यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

## मौसम विभाग की चेतावनी से किसानों को सताने लगी चिंता

हरदोई

**अमृत विचार।** मौसम विभाग ने आने वाले दो-तीन दिनों में बारिश की संभावना जताई है। बारिश की संभावना के चलते किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच रही हैं।

मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों में बरसात की चेतावनी दी है। सोमवार को शाम होते ही ठंडी हवाएं चलने लगीं, आसमान में बादल भी छा गए। तेज हवाएं चलने से गेहूं की फसल पलट गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए अगले एक-दो दिन ओलावृष्टि व बरसात की चेतावनी दी है। बताते चलें कि इन दिनों सरसों की फसल लगभग तैयार होने को है। आलू भी खेतों में तैयार हो चुका है। तमाम मेहनत के बाद रबी की फसल बेहतर होने की उम्मीद किसान लगाए बैठे हैं। इस बीच मौसम विभाग की चेतावनी ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी है। इस समय बारिश व ओले पड़ने से खेतों में नुकसान के सिवा कुछ नहीं है। वैसे भी आवारा गोवंश किसानों के लिए मुश्किल बने हैं। फिलहाल सोमवार की शाम से मौसम में बदलाव में आना शुरू हो गया है।

### मांगलिक कार्यों में बाधा बन सकता है मौसम

मांगलिक कार्य इन दिनों जोरों पर चल रहे हैं। इस बीच मौसम विभाग की चेतावनी से लोगों को परेशानियां पड़ती नजर आ रही है। जिनके घरों में मांगलिक कार्यक्रम होने वाले हैं। सहालग इन दिनों पूरे शवाब पर है, वहीं मौसम की गड़बड़ी से इन सहालगों पर बहुत प्रभाव पड़ सकता है। मौसम के बदले रुख को देख वह लोग काफी मुश्किल में हैं, जिनके एक-दो दिनों में मांगलिक कार्यक्रम होने हैं।

## सार-संक्षेप

### शार्ट सर्किट से लगी आग, गृहस्थी हुई राख

**हरदोई, अमृत विचार।** दूसरों के घरों में चौका-बर्तन कर किराए के मकान में रह कर अपने बच्चो आए साथ गुज़ारा कर रही विधवा के मकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे एक लाख 80 हज़ार रुपए की नकदी और गृहस्थी का सारा सामान राख हो गया। कोतवाली शहर इदरीस गंज निवासी रीतेश दीक्षित की करीब 14 साल पहले हुए ट्रेन एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद उसकी पत्नी ज्ञानू अपने तीन बच्चों की परवरिश के लिए दूसरों के घरों में चौका-बर्तन करने लगी। वह मोहल्ले के जयजय राम के मकान में रहती थी। उसने खुद की छत के लिए इधर-उधर मेहनत-मज़दूरी कर किसी तरह एक लाख 80 हज़ार रुपये जोड़ रखे थे। रविवार को ज्ञानू बच्चों को साथ ले कर शादी समारोह में काम करने के लिए गई हुई थी। उसी बीच वहां शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें उसके सारे रुपये और अलमारी, टीवी, फ्रिज, बेड, बर्तन, कपड़ों के अलावा और भी सारा सामान जल कर राख हो गया। देर रात को जब ज्ञानू वापस लौटी तो उसके मकान से आग की लपटें निकल रहीं थी।उसका शोर सुन कर आस-पड़ोस वाले बाहर निकल आए और उन्होंने किसी तरह आग पर काबू पाया। लोंगों का कहना है कि अगर ज्ञानू का सिलेंडर आग पकड़ लेता तो एक बड़ा हादसा होने से इंकार नही किया जा सकता था। आग लगने के बाद ज्ञानू और उसके बच्चे दाने-दाने को मोहताज हो गए। सब कुछ बर्बाद होने के बाद उन सब के आंसू नहीं थम रहे थे। इसका पता होने पर कन्यादान योजना समिति के संस्थापक गोपेश दीक्षित उनके घर पहुंचें और ज्ञानू को राशन मुहैया कराया साथ ही उसके बच्चो को पहनने के लिए उन्हें कपड़े दिए। इस तरह से समिति ने बुरे वक्त से जूझ रहे लोगो के आंसू पोंछे।

### चोरी के माल के साथ दो आरोपियों को भेजा गया जेल

**हरदोई, अमृत विचार।** घर में घुसे चोर वहां से ज़ेवर चोरी कर ले गए थे। कासिमपुर पुलिस तकरीबन एक महीने बाद दो चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया है। करीब एक माह पूर्व बहलोलपुर बताते हैं कि चोरों की निशानदेही पर चोरी का माल भी बरामद किया है। बताया गया है कि तकरीबन एक महीना पहले कासिमपुर थाने के बहलोलपुर में सुनीता के घर घुसे चोर ज़ेवर के अलावा तमाम सामान चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने सुनीता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस टीम एसएचओ कासिमपुर रामलखन की गाइडलाइन पर जुटी हुई थी। पुलिस टीम ने नहर रोड से चोरी में शामिल मुकेश उर्फ मुतीश व सूरज निवासी पाल्हाराई को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया है। दोनों की निशानदेही पर चोरी का माल भी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक दोनों को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### आपसी सहमति से निपटाए मुकदमें

**हरदोई।** आगामी 09 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए मोटर दुर्घटना अधिकरण में युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश शमसुल हक बराबर प्रयासरत हैं। न्यायाधीश श्री हक ने सोमवार को विभिन्न बीमा कंपनियों के वकीलों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमसभी का एक ही उद्देश्य है कि वादकारी को शीघ्र न्याय दिलाना। इस उद्देश्य को सफल बनाने के लिए लोक अदालत का गठन किया गया है। न्यायाधीश श्री हक ने कहा कि लोक अदालत में जो मुकदमें निर्णीत हो सकते हैं और उनमें किसी प्रकार की कोई दिक्कत आ रही है तो ऐसे मुकदमों की सूची बनाकर मुझे दे दें ताकि सुलह में आ रही दिक्कतों को समय से दूर किया जा सके और लोक अदालत में अधिकाधिक मामलों को निपटाया जा सके। उन्होंने कहा वकीलों के बिना न्याय रूपी रथ का गतिमान रहना संभव नहीं है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए उन्होंने वकीलों से सहयोग की अपेक्षा की है। इस बैठक में बीमा कंपनी अधिवक्ता एसके सिंह, राजीव मिश्र, सर्वेश रस्तोगी, श्रवण दीक्षित, संजीव सिंह, अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में वकील एवं वादकारी मौजूद रहे।

### गोंडा से श्रेया व बहराइच से रमेश को मिला टिकट





**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने सोमवार को देवी पाटन मंडल के दो सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। गोंडा लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व पार्टी के कद्दावर नेता रहे स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री को उम्मीदवार बनाया है। वही पार्टी के टिकट पर मनकापुर (सु) सीट से विघानसभा चुनाव लड़ चुके रमेश गौतम को बहराइच लोकसभा सीट से टिकट दिया गया है। टिकट मिलने के बाद दोनों नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि वह पार्टी और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा में समाजवादी पार्टी अन्य पार्टियों की तुलना में तेजी से आगे बढ़ रही है। पार्टी ने सोमवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। इस सूची में गोंडा लोकसभा सीट से श्रेया वर्मा व बहराइच सीट से रमेश गौतम को उम्मीदवार बनाया गया है। रमेश गौतम इसके पहले सपा के टिकट पर मनकापुर सुरक्षित सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। सपा में आने से पहले वह बहुजन समाज पार्टी में थे और बसपा से वह विधायक भी रह चुके हैं। रमेश गौतम दलित चेहरा माने जाते हैं। पार्टी ने अब उन्हे बहराइच सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। लोकसभा का टिकट मिलने पर रमेश गौतम ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव का आभार जताया और कहा कि वह पार्टी अध्यक्ष की उम्मीद पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। गोंडा लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार बनाई गई श्रेया वर्मा समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता रहे स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री व राकेश वर्मा की बेटी हैं। पिछले दिनों उन्होंने जिले के टाउन हॉल में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी और खुद को गोंडा लोकसभा सीट का संभावित प्रत्याशी बताया था।

## 1010 आवेदकों के खातों में भेजे शादी अनुदान के रुपए

हरदोई

**अमृत विचार।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विनीत कुमार तिवारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के तहत अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों की पुत्रियों के विवाह अनुदान हेतु संचालित शादी अनुदान योजनान्तर्गत जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त अब तक प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष 1010 पात्र आवेदकों के बैंक खातों में धनराशि 20 हजार रुपये प्रति आवेदक की दर से कुल धनराशि दो करोड़ दो लाख मात्र ई-कुबेर (कोषागार) के माध्यम से प्रेषित कर दी गई है। अवशेष आवेदन पत्रों पर सम्बन्धित उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी की सत्यापन आख्या प्राप्त होने के उपरान्त- अग्रेतर कार्यवाही नियमानुसार प्रचलित है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने हेतु पात्र आवेदक जन सेवा केन्द्र साइबर कैफे आदि माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर समस्त वांछित अभिलेखों सहित आवेदन पत्र सम्बन्धित तहसील विकास खण्ड कार्यालय में जमा करें।

## बंदरो के हमले में टूटे दोनों हाथ, सिर में चोट

**हरदोई।** अधेड़ पत्नी के साथ स्कूटी से आ रहा थाएउसी बीच हरदोई-शाहजहांपुर हाईवे पर बंदरों ने हमला बोल दिया। जिससे अधेड़ और उसकी पत्नी दोनों गिर पड़े। अधेड़ के दोनों हाथ टूट गए और सिर में गहरी चोंट लगी है। पत्नी भी ज़ख्मी हो गई। बेहटा गोकुल निवासी 50 वर्षीय अंसार अहमद मंसूरी सोमवार को अपनी 45 वर्षीय पत्नी रुखसाना के साथ स्कूटी से शहर आ रहा था। उसी बीच रास्ते में हाईवे पर बेहटा गोकुल गन्ना सेंटर के पास बंदरों ने उसके ऊपर हमला कर दिया। जिससे अंसार और उसकी पत्नी रुखसाना सड़क पर गिर पड़ी। अंसार के दोनों हाथ टूट गए, सिर में काफी गहरी चोंट पहुंची है।



## सामूहिक विवाह में 13 जोड़े हुए एक दूजे के

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के शीतला माता मंदिर मे अखिल भारतीय दोसर वैश्य महासभा द्वारा आयोजित दोसर वैश्य समाज का अठारहवां सामूहिक विवाह महायज्ञ में 13 जोड़े हुए एक दूजे के जिसमें गायत्री प्रज्ञा मंडल के गुरु प्रसाद गुप्ता व गायत्री शक्ति पीठ रामनगर बाराबंकी के परिवारजक पंडित राजेश कुमार मिश्रा द्वारा विवाह संस्कार कराया। वर वधू ने एक दूसरे को वर मालाएं पहना कर अपना जीवन साथी चुना इस मौके पर प्रदीप कुमार गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

**उपेक्षा** — नगर में जगह-जगह चौराहों पर लगे सीसीटीवी पड़े हैं खराब

## नगर पर नजर रखने वाली तीसरी आंख खराब



बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र में सुरक्षा के मद्देनजर नगर के मुख्य चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर नगर वासियों और पुलिस प्रशासन की मांग पर नगर पालिका द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरे मात्र शोपीस बनकर रह गए हैं। अधिकांश कैमरे पिछले लम्बे समय से बन्द पड़े हैं। इनकी मरम्मत कराने में सम्बंधित विभाग उदासीन बना हुआ है। ऐसे में नगर में चोरियां एवं कोई बड़ी वारदात होने पर अपराधियों की शिनाख्त करना पुलिस के लिए मुश्किल हो रहा है।

नगर में अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा नगर के विभिन्न चौराहों, प्रमुख स्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर सर्वे कर सीसीटीवी कैमरे लगावाए थे। हालांकि, चिन्हित किए गए सभी स्थानों पर कैमरे तो लगे हैं पर कैमरे चल नहीं रहे हैं। जिन स्थानों पर कैमरे लगाए गए हैं अधिकांश कैमरे वर्तमान में खराब पड़े हुए हैं, जिनके लगाने का कोई औचित्य नहीं है। कैमरे बन्द रहने से नगर में कोई भी घटना घटित होने या अपराधिक वारदात होने पर पुलिस को अपराधियों का सुराग लगाने या घटना आदि का पूरा विवरण लेने में इन कैमरों का कोई सहयोग नहीं मिल पा रहा है। इसके बावजूद नगर की सुरक्षा को लेकर पालिका प्रशासन सभी कैमरे लगवाने एवं बन्द कैमरों को चालू करवाने के प्रति गंभीरता नहीं दिखा रही है।

## सेल्समैन को पिकअप ने मारी टक्कर, मौत

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** बाइक सवार शराब सेल्समैन को पिकप डाला ने टक्कर मार दी जिसमें सेल्समैन गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को गंभीर हालत में सीएचसी से लखनऊ के ट्रामा सेंटर के लिए रिफर कर दिया जहां इलाज के दौरान सुबह मौत हो गई। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया। कस्बे के मोहल्ला गोवर्धनपुर निवासी आदेश गुप्ता 42 वर्ष पुत्र प्रकाश चंद्र गुप्ता बिलग्राम कस्बे के देशी शराब ठेके पर सेल्समैन के रूप में कार्य करता था। रविवार को देर रात्रि शराब ठेका बंद कर बाइक से अपने घर आ रहा था। जैसे ही मल्लावां कस्बे के मोहल्ला काजीटोला के पास एक गेस्ट हॉउस के पास पहुंचा, तभी बांगरमऊ की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे एक पिकप डाला ने सीधी टक्कर मार दी जिसमें आदेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां में भर्ती कराया गया। ऐसे में चिकित्सकों ने गंभीर हालत में लखनऊ के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान लखनऊ में उसकी मौत हो गई। परिजनों को जैसे ही जानकारी मिली तो पूरे घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के एक पुत्री और एक पुत्र है। मृतक की पत्नी और बच्चों का रो -रोकर बुरा हाल है।



## एक नजर

### राजवंशी क्रिकेट क्लब ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार।** देवपुरी ग्राउंड नैमिषारण्य में खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का 18 फरवरी को फाइनल खेलकर समापन हुआ। फाइनल मैच में राजवंशी क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 127 रन बनाकर 128 रनों का लक्ष्य दिया लक्ष्य का पीछा करते हुए पवनसुत क्रिकेट क्लब 9 ओवर में 66 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। राजवंशी क्रिकेट क्लब ने 66 रनों से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज जयदान रहे। टूर्नामेंट के आयोजक डॉ विजेंद्र सिंह खेल टीचर सहगल इंटर कॉलेज रहे। फाइनल मैच में पंकज शुक्ला, अनिल सिंह, देवेश बाजपेई, आदिल अहमद, डेनिस, सिद्धार्थ, अमन, समीर, कार्तिक आदि उपस्थित रहे।

### चोरी की योजना बना रहे चार चोर गिरफ्तार

**पैंतेपुर सीतापुर, अमृत विचार।** चौकी प्रभारी पैतेपुर अमित पांडे अपने हमराही अवधेश, हरिशंकर और विपिन के साथ दोपहर में गस्त और ग्राम केदारपुर की तरफ जा रहे थे तभी उन्हें पावर हाउस के समीप बाग में बने कमरे में कुछ आवाज आती हुई सुनाई पड़ी तो उन्होंने उसे कमरे को चारों तरफ से घेर लिया और उसमें चोरी की योजना बनाते हुए लल्लन तिवारी उर्फ कुशमेश तिवारी पुत्र रामानन्द तिवारी निवासी ग्राम अवनापुर, अवतार सिंह पुत्र हरदीप सिंह निवासी चतुरीपुर, सुनील तिवारी पुत्र गोवर्धन तिवारी व रामगोपाल तिवारी पुत्र कन्हैया लाल तिवारी निवासी रायसेनपुर थाना रामपुर मथुरा को दो मोटरसाइकिल बजाज पल्सर यूपी 34 बीएच 9143, . टीवीएस अपाचे यूपी 34 एके 2322 तथा चाबी के गुच्छे व अन्य उपकरणों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### वाहन की टक्कर से युवक घायल

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना नैमिष अन्तर्गत सोनू 24 वर्ष पुत्र रुस्तम निवासी गांव लोकनापुर लोकनापुर से गेहूं की बोरी लेकर अपनी साइकिल से कल्ली चैराहा जा रहा था, उसी दौरान गांव के पास नैमिष की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही बुलेरो गाड़ी ने उसको टक्कर मार दी और फरार हो गई। राहगीरों की सूचना पर घायल युवक को एंबुलेंस से मछरेहटा अस्पताल भेजा गया।

# अधिक से अधिक उद्योग स्थापित कर जनपद का करें विकास: सांसद

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का शुभारंभ कार्यक्रम का एलईडी के माध्यम से सीबी लॉन में किया गया सजीव प्रसारण, उद्योग से लोगों को मिलेंगे रोजगार

सीतापुर


प्रसारण व जानकारी देते डीएम


ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 का शुभारंभ का सजीव प्रसारण देखते सांसद, राज्यमंत्री, डीएम, एसपी व सीडीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का शुभारंभ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ से किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी के माध्यम से सीतापुर स्थित सीबी लान में आयोजित जनपदस्तरीय कार्यक्रम के दौरान किया गया।

सांसद सीतापुर राजेश वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का स्वप्न है कि भारत विकसित राष्ट्र बने और इसके लिए हमारे प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाना होगा। प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाये जाने हेतु जनपद को विकसित जनपद बनाना आवश्यक है। इसके लिये सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करना होगा। उन्होंने जनपद के सभी उद्यमियों का आवाहन करते हुये कहा कि जनपद में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित कर जनपद का विकास कर नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगों के साथ-साथ छोटे उद्योगों के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं है। बड़े निवेशक जनपद की ओर आकर्षित हो रहे है। अवस्थापना सुविधाओं में सुधार के दृष्टिगत जनपद में 07 आर.ओबी. का निर्माण कार्य हो रहा है। साथ ही निकट भविष्य में एनएच 24 को छह लेन भी किया जाएगा।

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि जनपद उद्योगों की स्थापना की दृष्टि से निवेशकों को लगातार आकर्षित कर रहा है। जनपद में जहां एक तरफ जहां जमीनों की कीमत तुलनात्मक रूप से कम है, वही पर्याप्त जनशक्ति सुगमता से उपलब्ध है। बेहतर संचार साधनों के साथ साथ कानून व्यवस्था की दृष्टि से भी जनपद बेहतर स्थिति में है। उद्योगों की स्थापना हेतु स्थानीय प्रशासन का भी पूर्ण सहयोग मिल रहा है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने जनपद में कानून व्यवस्था की बेहतर स्थित के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि उद्योगों की स्थापना हेतु शांतिपूर्ण माहौल होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। अराजकता फैलाने का प्रयास करने वाले अथवा उद्यमियों को किसी प्रकार से परेशान करने का प्रयास करने वालों को किसी भी दशा में बक्शा नहीं जाएगा। उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता ने उद्यमियों एवं निवेशकों ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि जनपद में नए उद्योगों के विकास से बड़े पैमाने पर रोजगार की उपलब्धता जनपद में हो सकेगी। जिससे जनपद के युवाओं को जनपद में हो रोजगार मिल सकेगा और वे अपने पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति करते हुए अपनी प्रतिभा का भी सदुपयोग कर सकेगें। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, सीडीओ निधि बंसल, एडीएम नीतीश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी, गणमान्य नागरिकगण, उद्यमी एवं निवेशक उपस्थित रहे।

# पति ने फावड़े से पत्नी को काट डाला खुद भी फांसी लगाकर दे दी जान

## आपसी विवाद के बाद पति ने उठाया खौफनाक कदम, मासूम के सिर से उठा मां-बाप का साया

सीतापुर


घटना के बाद परिजनों से जानकारी लेते सीओ सिधौली व मौजूद अन्य।


मोहिनी (फाइल फोटो)

> पति-पत्नी के आपसी विवाद के बाद पति ने पत्नी की हत्या की और फिर खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतकों के परिजन किसी प्रकार के आरोपों से इंकार कर रहे है। तहरीर के मिलते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाई की जाएगी।
>
> – रोहित दुबे, प्रभारी निरीक्षक अटरिया

**अमृत विचार।** अटरिया थाना इलाके में सोमवार को एक पति ने पत्नी की फावड़े से प्रहार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद पति स्वयं के जेल जाने के डर से घर के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तफ्तीश शुरू कर दी है। दंपत्ति की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इस वारदात के पीछे पति पत्नी के बीच आपसी कलह बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार,क्षेत्र के ग्राम गुलरिया निवासी अजय सिंह ने अपने ही परिवार की खुशियों को उजाड़ कर स्वयं को भी मौत के गले लगा लिया। बताया जाता है कि अजय सिंह की पत्नी मोहिनी रविवार की शाम मायके से ससुराल आई थी। सोमवार की सुबह पति अजय और पत्नी मोहिनी के बीच किसी बात को लेकर आपस मे विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि पति अजय ने पत्नी के सर पर फावड़े से वारकर मौत के घाट उतार दिया। पत्नी की मौत के बाद जेल जाने के डर से पति अजय ने भी घर के अदंर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने कमरे में दोनो के शवों को देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची अटरिया पुलिस सहित सीओ सिधौली ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य भी संकलित किये है।

### दो साल का मासूम हुआ बेसहारा



दंपत्ति के बाद घर में मौजूद मृतका के परिजनों ने बताया कि मोहिनी की शादी को 5 वर्ष हुई थी। पति-पत्नी की मौत के बाद दो साल के मासूम बच्चे के सर से माता पिता का साया उठ गया है। बताया जाता है कि वारदात के दौरान मासूम घटना से अंजान घर के आंगन में खेल रहा था। दंपत्ति की मौत के बाद मासूम अपने नाना की गोद में रहकर मां को आवाज दे रहा था। यह दृश्य जिसने भी देखा वह सिहर उठता था। मृतक अजय मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

# थानगांव में स्टेयरिंग फेल होने से पेड़ से टकराया ट्रक, क्लीनर की मौत


हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त ट्रक। अमृत विचार

**थानगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** बीती रात रेउसा -महमूदाबाद मार्ग पर चिरैया ठेकी के पास सुल्तानपुर से लकड़ी लादकर तंबौर जा रहे ट्रक की अचानक स्टेयरिंग फेल हो गई। जिससे तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराया। जिससे ट्रक में सवार ड्राइवर व क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गये।

घायलों को सीएचसी रेउसा पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने क्लीनर साबिर उर्फ फरियाद उम्र करीब 24 वर्ष पुत्र मो. इदरीस निवासी सरैंया घोसी, सिंहनपुरवा, जिला सुल्तानपुर को मृत घोषित कर दिया। घायल ड्राइवर दुर्गा प्रसाद यादव पुत्र मुन्नू निवासी रामसाहपुरवा जिला सुल्तानपुर को सीएचसी रेउसा में भर्ती कराया गया है। थानगांव पुलिस ने क्लीनर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सड़क पार कर रहे बालक को टैंपों ने मारी टक्कर, मौत

**रामपुर मथुरा,सीतापुर, अमृत विचार।** रोड पार करते समय टैंपो की चपेट में आने से आठ वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई है। तुतहीपुर/माधवगंज निवासी मोहमद रफीक का आठ वर्षीय लड़का शोएब रोड पार कर रहा था, उसी दौरान एक टेंपो तेज गति से रामपुर मथुरा से महमूदाबाद की तरफ जा रहा था, जिसके नीचे आ जाने से शोएब की मौत हो गई। पिता मोहम्मद रफीक ने बताया कि अचानक तेज गति से महमूदाबाद की तरफ जा रहे टैंपो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे नाक व सिर पर गहरी चोट लगने से बालक घायल हो गया। जिसे लेकर परिवारीजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुर मथुरा लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने लड़के को मृत घोषित कर दिया। इस संबध में प्रभारी निरीक्षक रामपुर मथुरा महेश चंद्र पांडे ने बताया कि टैंपो को पकड़ लिया गया है। लड़के की पिता की तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार। सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर ग्राम बाड़ी के कटरा पुलिया पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइकसवार व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना देर रात की बताई जा रही है, लेकिन हादसे के बारे में लोगों को सुबह पता लगा। घटना की जानकारी होते ही काफी भीड़ एकत्र हो गई। शव की शिनाख्त रामपाल यादव लगभग 55 वर्ष पुत्र रंजित यादव उम्र निवासी ग्राम गैलनपुरवा (दतवल) थाना संदना के रूप में हुई। अज्ञात वाहन को लेकर मृतक के परिजनों ने सिधौली कोतवाली में शिकायत की है। घटना की सूचना पर पहुंची सिधौली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# सरकार ने निवेश के नाम पर जनता के साथ किया छलावा: आनंद

सीतापुर


समाजवादी पीडीए यात्रा निकालते सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया, अफजाल कौसर व अन्य

**अमृत विचार।** धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी आनंद भदौरिया के नेतृत्व में चल रही समाजवादी पीडीए पदयात्रा आज छठे दिन उदनापुर, शेखवापुर, माहिमपुर, इस्माइलपुर चैराहा, तुर्तीपुर, हरगांव तीर्थ, हरगांव चैराहा, भटपुरवा, गुरधपा, कटका होते हुए हैदरपुर में लाल सिंह यादव के आवास पर पहुंची, समाजवादी पीडीए पद यात्रा का शेखवापुर में अनिल भार्गव, लल्लन भार्गव, इस्माइल चैराहा में रिजवान अंसारी, तुर्तीपुर में मोहम्मद असलम, रईस प्रधान, हरगांव में लतीफ कुरेशी, नजीर अहमद, गुरधपा में जसवंत राजहंस, रवि कौशल, भटपुरवा में अर्जुन लाल, हसीब खां ने फूल मालाओं के साथ स्वागत और अभिनंदन कियां समाजवादी पार्टी प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने युवा नौजवानों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने इन्वेस्टर समिट और निवेश के नाम पर अभी तक जनता के साथ छलावा किया है और उसे धोखा दिया है, पिछले दस साल में भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार मिलकर बड़े-बड़े आयोजन कर जनता की आंख में धूल क्यों झोंक रही है? इस सरकार में अभी तक कोई निवेश जमीन पर नहीं दिखाई दिया है।

जनता की गाढ़ी कमाई इन बड़े-बड़े आयोजनों में लुटाने के बावजूद प्रदेश में किसी भी जिले में कोई बड़ी फैक्ट्री या उद्योग नहीं लगा सका जिसमें नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिला हो, उन्होंने आगे कहाकि चमक दमक और दिखावा करने से निवेश नहीं आता है। निवेश और नौकरी, रोजगार के लिए ठोस और स्पष्ट नीति की आवश्यकता होती है। जिसका भाजपा सरकार में अभाव है।

पद यात्रा में पूर्व मंत्री रामहेत भारती, पूर्व विधायक रामसरन, विधानसभा अध्यक्ष फुरकान खां, जिला उपाध्यक्ष विजय वर्मा, बड़कन्नू, रामप्रकाश यादव, धर्मेंद्र यादव, हनीफ अंसारी, रवि कौशल, धनंजय सिंह, योगेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, राजेश सिंह, ओमकार यादव, सलमान खान, भंवर सिंह, रामासरे यादव, नईम प्रधान, वारिस अली समेत सैकड़ो लोग शामिल रहे।

### शादी का झांसा देकर युवती का किया शारीरिक शोषण

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार।** शादी का झांसा देकर मामा के घर रह रही एक युवती के साथ उसके जीजा के भाई ने शारीरिक शोषण किया। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना रेउसा इलाके के एक गांव की रहने वाली युवती तम्बौर कस्बे के एक मोहल्ला में अपनी मामी के घर पर करीब छह माह से रह रही थी। इसी दौरान मामी के दामाद का भाई निवासी कोतवाली देहात जिला बहराइच का युवती से प्रेम प्रसंग हुआ। युवती के मुताबिक करीब डेढ़ बरस से युवक शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। दिसंबर में मामी के घर पर ही तीन दिन रूककर शारीरिक संबंध बनाये, जब शादी की बात की तो युवक ने न सिर्फ मना कर दिया बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। इस दौरान पीड़िता ने थाने में तहरीर दी, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। जिस पर पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र सौंपा। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी युवक आसिफ समेत उसके पिता मुबारक समेत मामा इश्तियाक, मामी शबनम के खिलाफ रेप व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर विजयेंद्र सिंह ने बताया की आरोपी युवक को पंजाब के लुधियाना से दबिश देकर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# महिला पेंशनविहीन कर्मचारियों को अटेवा से जोड़ने की योजना



अटेवा पेंशन बचाओ मंच लहरपुर कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य।

लहरपुर सीतापुर

**अमृत विचार।** स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र पर सोमवार को अटेवा पेंशन बचाओ मंच लहरपुर कार्यकारिणी की बैठक अटेवा जिला उप महामंत्री विकास सैनी की अध्यक्षता में संपन्न की गई। ब्लॉक संरक्षक पुष्पेंद्र मौर्य ने स्थानीय ब्लॉक में महिला पेंशनविहीन कर्मचारियों को अटेवा से जोड़ने की योजना, प्रत्येक संकुल में अटेवा चर्चा अभियान शुरू करने की योजना की जानकारी दी। जिला उप संयोजक आर. के. अहिरवार ने नई पेंशन और पुरानी पेंशन में अंतर स्पष्ट किए। जिला उप महामंत्री विकास सैनी ने सिक्किम राज्य में पुरानी पेंशन बहाली की बधाई देते हुए, निजीकरण के भयावह परिणाम बताए। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक संयोजक कृष्ण मोहन गोंड एवं ब्लॉक महामंत्री संदीप कुमार ने किया। कार्यक्रम का समापन रामचंद्र वर्मा ने किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा, सुरेश कुमार एआरपी, संरक्षक ध्रुव बाजपेई, सह संयोजक अर्पित त्रिवेदी, ब्लॉक प्रवक्ता ऋषिकेश बाजपेई, कार्यप्रभारी शशिभूषण राजवंशी, ब्लॉक प्रवक्ता पवन मित्तल, प्रिंट मीडिया प्रभारी सत्येंद्र मिश्र, मीडिया प्रभारी सरवर अंसारी, संयुक्त मंत्री रईस अहमद, उप कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्रवक्ता आदित्य राठौर, रमाकांत यादव, सत्यपाल सिंह, विमलेश कुमार, कुलदीप कुमार वर्मा, राजेश कुमार वर्मा, धर्मेंद्र कुमार मिश्र, नित्यानंद त्रिपाठी, महेंद्र सिंह मोहम्मद रिजवान एवं अन्य कई पेंशनविहीन कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मोबाइल से दूर रहकर किताबों पर ध्यान दें बच्चे: नेहा


वार्षिकोत्सव में सम्मानित किये गये पत्रकार। अमृत विचार

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** सोमवार को स्थित नालंदा पब्लिक इंटर कॉलेज में हर वर्ष की तरह इस बार भी वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। विद्यालय प्रबंधक विनित शर्मा ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष इसी तरह धूमधाम से किया जाता है। सीतापुर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने बच्चों से बात करते हुए बताया कि बचपन बार बार नहीं आता है, इसलिए हमें मोबाइल से दूर होकर किताबों पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खैराबाद पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू, विभाग प्रचारक अभिषेक सिंह, डॉ. दीपिका पांडेय पुलिस लाइन सीएमएस, अमित तिवारी, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. विनीत शर्मा प्रबंदक नालंदा इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य संत राम यादव, प्रदीप राठौर अध्यापक सहित छात्र व अभिभावक मौजूद रहे।

### घर की कन्या बनेगी सुमंगला


एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देशन के क्रम में सोमवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को छह श्रेणियों में प्राप्त होने वाली धनराशि में बढ़ोतरी क्रमश प्रथम श्रेणी (जन्म के समय) रु. 5000, द्वितीय श्रेणी (1 वर्ष के समस्त टीकाकरण पूर्ण होने पर) रु. 2000, तृतीय श्रेणी (कक्षा 1 में प्रवेश पर) रू. 3000, चतुर्थ श्रेणी (कक्षा 6 में प्रवेश पर) रू. 3000, पंचम श्रेणी (कक्षा 9 में प्रवेश पर) रू0 5000, षष्ठम श्रेणी (दसवीं या 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर दो वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा या स्नातक में प्रवेश पर) रू. 7000 किए जाने के संबंध में जन सामान्य को जागरुक किए जाने एवं प्रचार प्रसार करने के लिए एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एलईडी वैन द्वारा शहर में लालबाग चौराहा, बस स्टैंड, जिला महिला चिकित्सालय एवं काशीराम कॉलोनी में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी, महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी एवं कलेक्ट्रेट के कर्मचारीं एवं साथ ही विधान फाउंडेशन के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### मनाई गई छत्रपति शिवाजी की जयंती


छत्रपति शिवाजी जयंती कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी व अध्यापक।

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च में छत्रपति शिवाजी महाराज के जयंती के शुभ अवसर पर सीतापुर कैंपस में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शिवाजी महाराज के जयंती के पावन अवसर पर छात्रों ने रंगोली, स्लोगन, पोस्टर प्रेजेंटेशन में भाग लिए। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह, प्राचार्या डॉ. स्तुति वर्मा, उप निदेशक डॉ. आदित्य सिंह, एचओडी डॉ. राहुल शर्मा, रजिस्ट्रार रोहित सिंह, अनुपम, राजीव कुमार, ऋषभ शुक्ल, तबस्सुम बानो, शशि प्रभा, रीता, नसरा, ज्योति, तारिक, रिहान, तिलकराज, अबरार, कोमल आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** आठ बच्चे हुए हाफिज-ए-कुरान, आला हजरत कांफ्रेंस एवं दस्तार हिफजुल कुरान का हुआ आयोजन

# बच्चों को तालीम देना हर मां-बाप का पहला अधिकार

महमूदाबाद,सीतापुर


कार्यक्रम में हाफिज-ए-कुरान बच्चों को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

### 'ये बच्चे हुए हाफिज-ए-कुरान

हाफिज मो. अहमद (14) पुत्र मो. मुजीब खां कस्बा बाँसुरा, हाफिज मो. सूफियान (14) पुत्र साबिर कस्बा बाँसुरा, हाफिज मो. फहीम (15) पुत्र कल्लू गांव चिखड़ी धंधार, हाफिज मो. जुनैद (15) पुत्र मो. अय्यूब कस्बा बाँसुरा, हाफिज मो. हफीज (14) पुत्र मो. शरीफ गांव समदा, हाफिज मो. जावेद (14) पुत्र मो. शमशाद गांव रमदवारी, हाफिज मो. रोज अली (16) पुत्र मो. उमर गांव कोठिला व हाफिज मो. इमरान (16) पुत्र अब्दुल सईद कस्बा बाँसुरा

**अमृत विचार।** रविवार को मदरसा अहले सुन्नत वल जमात ऐनल उलूम कस्बा बांसुरा में जलसा ए दस्तारबंदी कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें मौलाना कारी मोहम्मद रईस कादरी और प्रधानाध्यापक मौलाना कुतुबुद्दीन निजामी की कड़ी मेहनत से मदरसा अहले सुन्नत वल जमात ऐनल उलूम में पढ़ाई कर रहे हाफिज-ए-कुरान हुए आठ बच्चों को पगड़ी बांधी गई और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। जलसे की शुरुआत मदरसे में तालीम दे रहे कारी मोहम्मद रईस साहब ने तिलावते कुरान से किया। जलसे की सदारत हजरत मौलाना सूफी जियाउद्दीन कादरी साहब ने की और मदरसे की सालाना रिपोर्ट पेश की।

मौलाना सय्यद मोहम्मद आमिर मसऊदी बांदा और मौलाना समीउल्लाह कादरी प्रतापगढ़ी ने जलसे में खिताब फरमाते हुए कहा कि आज सबसे बड़ी जरूरत तालीम को आम किए जाने की है। हर बच्चे को तालीम और तहजीब सिखाना हर मां बाप का पहला अधिकार है। मौलाना ने मुआशिरे में फैली खुराफात और समाज में फैली बिदअत से बचने की हिदायत की। अंत में हजरत ने मुल्क में अमन ओ अमान एवं आपसी भाई चारा-सौहार्द कायम रहे इसके लिए दुआ कराई। जलसे में मोहम्मद उमर कादरी कानपुर, इकरार अहमद बलरामपुर, मोहम्मद जाहिद बलरामपुर, मुख्तार अहमद मिस्बाही सेवता, जमालुद्दीन सेवता, मौलाना मुइनुद्दीन बाराबंकी, मौलाना मोहम्मद यूसुफ रजा कानपुरी, मौलाना इस्लामुद्दीन बलरामपुरी, मोहम्मद अमन रजा उरई, मौलाना अफसर रजा उरई, मौलाना इल्मी रजा कानपुरी, मुख्तार अहमद मिस्बाही, अब्दुल कय्यूम मिस्बाही, मौलाना मोहम्मद इदरीस कादरी, मौलाना मोहम्मद नूरूल हुदा, मौलाना फरयाद हुसैन सहित मदरसा अहले सुन्नत वल जमात ऐनल उलूम से पढ़ कर फारिग हुए तलीबे इल्म और हाफिज ए कुरान बच्चों के वालिदैन सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।

### लाभार्थी सम्पर्क और ग्राम चलो अभियान पर की चर्चा

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार।** ब्लाक सभागार मिश्रिख में भाजपा मिश्रिख नैमिषारण्य मंडल की कार्यशाला की बैठक आयोजन किया गया। जिसमें लाभार्थी सम्पर्क अभियान व ग्राम चलो अभियान सहित पार्टी के अन्य अभियानों पर चर्चा की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल सतीश शास्त्री ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी कल्याण सिंह रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीजेपी मंडल अध्यक्ष सतीश शास्त्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता प्रत्येक लाभार्थी परिवार के घर-घर जाकर उसको सम्मानित करने का काम करेगा। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की तरफ से चलाई गई योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य प्रत्येक कार्यकर्ता करेगा इस दौरान भाजपा उपाध्यक्ष शुभम दीक्षित, सोनू सागर, डा. सागर, शिवशंकर राजवंशी, सन्नो देवी सहित संयोजक व सहसंयोजक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

षड् दोषा : पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छिता।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता।।

ऐश्वर्य या उन्नति चाहने वाले पुरुषों को नींद, तन्द्रा (उंघना), डर, क्रोध,आलस्य तथा दीर्घसूत्रता (जल्दी हो जाने वाले कामों में अधिक समय लगाने की आदत)– इन छः दुर्गुणों को त्याग देना चाहिए।

## संपादकीय

# सरकार के प्रस्ताव

केंद्र सरकार और आंदोलनरत किसान संगठनों के बीच हुई चौथे दौर की वार्ता बेनतीजा रही। किसान संगठनों और सरकार के बीच इससे पहले तीन बैठकें हो चुकी हैं। ये बैठकें 8, 12 और 15 फरवरी को चंडीगढ़ में ही हुई थीं। हालांकि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार देर रात हुई इस बैठक को सकारात्मक बताया है। किसानों के साथ वार्ता के बाद तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति ने दाल, मक्का और कपास सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने के लिए पांच वर्षीय समझौते का प्रस्ताव रखा है। किसान नेताओं का कहना है कि सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा करके भविष्य की रणनीति तय करेंगे। फिलहाल दिल्ली चलो मार्च को स्थगित किया गया है। किसान एमएसपी के लिए कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि पहले भी किसानों ने तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन किया था। किसानों के आंदोलन को देखते हुए केंद्र सरकार ने कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) क़ानून -2020, कृषक (सशक्तीकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार कानून 2020 और आवश्यक वस्तुएं संशोधन अधिनियम 2020 को रद कर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने का वादा किया था। इस पर किसानों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया था। जानकारों के मुताबिक गेहूं, धान पर एमएसपी की गारंटी व्यावहारिक नहीं है। वैसे भी एमएसपी का फायदा तभी है, जब यह बाजार भाव से ज्यादा हो। संभावना जताई जा रही है कि उदारीकरण के इस दौर में निजी क्षेत्र में ज्यादा कीमत मिल सकती है। अब केंद्र सरकार ने किसानों के सामने फसलों के विविधीकरण का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत अलग-अलग फसलें उगाने पर उन्हें एमएसपी पर ख़रीदा जाएगा। फसलों के विविधीकरण का सरकार का यह प्रस्ताव अनूठा है। कपास, दलहन और मक्का अगर बहुतायत में उगाई जाएंगी तो इससे न केवल किसान अपितु देश की अर्थव्यवस्था को और बल मिलेगा। सरकार ने ए 2 प्लस एफएल फार्मूले पर भी जोर दिया है। इसके तहत बीज, खाद, सिंचाई एवं अन्य वस्तुओं की कीमतों और मजदूरी के आधार पर ही फसल की लागत तय होगी। वास्तव में इन प्रस्तावों में कोई बुराई नहीं है और प्रस्ताव किसान के हित में हैं। सरकार ने किसानों की मांगों पर सकारात्मक संकेत दिए हैं, तो आंदोलनकारी किसानों को इस पर आगे बढ़ना चाहिए। आंदोलन से प्रभावित जनजीवन को सामान्य बनाने में सहयोग करना चाहिए।

# कृषि और पशुपालन में सिमुलेशन अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती, क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है।

भारतीय कृषि का आधार गाय ही है। हरित क्रांति के दौर के समाप्त होते ही एक विशाल परिवर्तन हुआ जिसमें खेती का आधार ही बदल गया और यह गाय आधारित कृषि से ट्रैक्टर और फार्म इम्प्लेमेंट्स आधारित खेती हो गई। इसी के साथ भारत के ग्राम्यांचलों में रहने वाले लोगों की आहार परंपरा और सेहत के पैमाने भी बदलने लगे। भारत के गांवों में कुपोषण जनित एनीमिया (रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी), पैराप्लेगिया और प्रोटीन एनर्जी मॉलन्यूट्रीशन, इन्फेक्शस डिजीजेज जैसे कि टीबी,स्त्री रोग -खासतौर से गर्भाशय का कैंसर और शिशु स्वास्थ्य तो पहले से ही एक चुनौती रहे हैं। अब डायबिटीज, कार्डियो वैस्कुलर डिजीजेज और कैंसर बढ़ गए हैं। इसमें जन्मजात बीमारियों की बात शामिल नहीं है।

शराब का चलन हद से अधिक होने के कारण लीवर,पित्ताशय और अग्नाशय का कैंसर के मामलों में बड़ा इजाफा हुआ है। लोग आराम तलब हो गए हैं और जिस्मानी मेहनत से जी चुराने लगे हैं। गाय के घी,लस्सी,दूध,बाजरा, जौ और चने की आहार में कमी हो गई है। हरी पत्तेदार सब्जियों की जगह मटर-पनीर, छोले-पूरी, चावल और बाजार से अर्द्ध-पके या अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की खपत गांवों में बढ़ी है और तो और इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड थैली के पास्च्युरायिज्ड मिल्क की मांग बड़ी है। यह तो 'उलटे बांस बरेली को' वाली बात हो गई। चूल्हे पर जो खाना धीमी आंच पर पकता था उसे अब आनन-फानन में प्रेशर-कुकर और गैस स्टोव पर बना लिया जाता है, लेकिन मैंने देखा है कि अनेक घरों में खाना पकाने के लिए हाइब्रिड मेथड अपनाया जाता है अर्थात् सब्जी तो प्रेशर कुकर में बना लेते हैं और रोटी,चूल्हे पर।

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती, क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है। लाइफ-स्टाइल,होम इकोनॉमिक्स, किनशिप,एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स और इसके सामाजिक प्रभाव पर आज न्यूनतम अनुसंधान अध्ययन होते हैं। मीडिया के लोग ऐसी स्टडीज और इनकी रिपोर्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं रखते। गांव, खेती, पशु, जीवन शैली, पर्यावरण, आर्ट, आर्किटेक्चर, उन्नत वैज्ञानिक जानकारी स्वास्थ्य के अनुरूप घरों के डिजाइन बनाने, मैटेरियल साइंस आदि के बारे में कोई रिपोर्टिंग नहीं होती। गलियां पक्की करने, नलके लगवाने, पुरानी कलात्मक चौपाल को गिराकर नए तरीके की बदसूरत डिजाइन की चौपाल बनाकर और रिश्वत खाकर,खेत में पानी लेने वाला खाला पक्का करवाकर, बिजली से चलने वाले घरेलू यंत्र लगाकर विकास नहीं होता।

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए,पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है,मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय–भक्षी कहते नहीं थकते, भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल–बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546 .35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655 .33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

गांव में गाय की किसी को जरूरत नहीं। गाय गई तो इसके साथ बैल गया और बैल गया तो और 50 चीजें और इससे जुड़े हुए काम-धंधे और कारीगरी खत्म हो गई। अब गाय सिर्फ चमड़ा और अन्य बायोलॉजिकल उत्पाद प्राप्त करने का एक जरिया मात्र बन गया है। गाय अब एक पॉलिटिकल 'सूत्र' और टूल मात्र है। गाय पर इन दिनों यामिनी नारायणन की किताब 'मदर काऊ, मदर इंडिया' खूब चर्चित है। इस किताब में यामिनी ने गाय का स्लॉटर या वध करने वाले लोगों का जिक्र भी किया है। ये वे लोग हैं,जो देहातों से नकारा गाय को खरीदकर और 150-300 किलोमीटर दूर स्थित हत्थों में हांक कर ले जाया करते और फिर इनका वध करते थे। ये लोग गरीब और निम्न जाति के मुसलमान और हिन्दू दोनों ही हुए,लेकिन इन्हें गाय बेचने वाले तो अधिकतर हिंदू ही होते थे, चाहे मदुरै हो। रोहतक या बनारस या बहराइच और बरेली के गांव नकारा पशु हत्थे के लिए ले जाने वाले इन लोगों के हाथ ही बिका करती। कोई भाग्यवान घर होता था जिसके घर में गाय-बैल सिधार जाता तो उसे सम्मानपूर्वक खेत में या घेर में दबा दिया करते।

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए,पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है,मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते,भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546.35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655.33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

प्रधानमंत्री इमरान खान के समय में भी रासायनिक खाद और मंहगी बिजली को लेकर जबरदस्त आंदोलन हुआ। अभी कुछ ही सप्ताह पहले फ्रांस में जबरदस्त आंदोलन हुआ था। यह विश्व्यापी है,लेकिन भारत उपमहाद्वीप या दक्षिण-एशिया के मुल्कों की तरह यूरोप या अमेरिका में बैल से खेती नहीं की जाती, बल्कि अफ्रीका में जरूर की जाती रही है। फार्म टेक्नोलॉजी और केमिकल फर्टिलाइजर से हम उपज तो बढ़ा सकते हैं,लेकिन यह गारंटी नहीं दे सकते कि इसके उपयोग से मनुष्य,पशु-पक्षी,जीव-जंतुओं और पर्यावरण की सेहत ठीक रहेगी। एक समस्या से निजात पाने के लिए दस समस्याएं और खड़ी हुई ही हैं। लोगों को जरा देर से अक्ल आती है,लेकिन जब तक आती है,तब तक देर हो चुकी होती है। गहरी चिंता इसी बात को लेकर है कि कृषि को लेकर 'सिमुलेशन स्टडीज' क्यों नहीं की जाती? यह तो कम से कम देखना चाहिए कि ऐसा करना संभव है भी या नहीं। वैज्ञानिक लोग इसे कैसे करेंगे, यह तो उन्हें ही डिजाइन करना होगा।

## प्रसंगवश

# भारत - नेपाल संबंध निरंतरता और परिवर्तन



डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने विगत महीने नेपाल की यात्रा पर थे। भारत और नेपाल वैश्विक स्तर पर सहयोगी राष्ट्र हिंदुत्व की विचारधारा और सांस्कृतिक मूल्यों के उन्नयन के लिए पड़ोसी देश हैं। भारत और नेपाल के मध्य साझा हितों के मुद्दे के समाधान के त्वरित कदम उठाने के साथ-साथ दोनों पड़ोसी देशों के मध्य सद्भाव, माधुर्य, कूटनीतिक और सफल राजनीतिक संबंध उत्तरोत्तर गुणात्मक उन्नयन कर रहे हैं। दोनों सभ्य राष्ट्रों के बीच भारतीय रॉकेट से नेपाली सैटेलाइट "मुनाल" को प्रक्षेपित करना, सीमा पर ट्रांसमिशन लाइन और भूकंप के पश्चात राहत सामग्री के लिए 1000 करोड़ रुपए अनुदानित की बात हुई है।

भारत अगले 10 साल के भीतर नेपाल से 10000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा और नेपाल के भीतर जल विद्युत यानी हाइड्रोइलेक्ट्रिक सिटी के क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा। इस समझौते का उपादेयता आर्थिक,राजनीतिक और कूटनीतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान भी है। इस समझौते के द्वारा चीन को नेपाल में सामरिक और राजनीतिक उपादेयता को न्यून करना है। विगत 2015 की कथित नाकेबंदी,नक्शा संबंधी विवाद (भौगोलिक सीमाओं की स्थिति को लेकर) संबंधित घटनाएं हुई थी जिससे भारत और नेपाल के बीच संबंधों में दूरियां बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में चीन ने मौके का फायदा उठाकर नेपाल में निवेश किया। शासकीय व्यवस्थाओं को सहयोग किया था जिससे भारत अपने आपको असहज महसूस करने लगा था। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई कहते थे कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में मित्र बदले जा सकते हैं,लेकिन पड़ोसी नहीं।

वैश्विक स्तर पर क्षेत्र नीति का अध्ययन और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यावहारिक अध्ययन के तथ्यों एवं आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि अंतर्राष्ट्रीय वैदेशिक संबंध स्थिर नहीं होते हैं,क्योंकि राष्ट्र के संबंध परस्पर राष्ट्रीय हितों और बहुपक्षीय संबंधों पर आधारित होता है। इसके अतिरिक्त भारत और नेपाल के संबंध परिवर्तनों के साथ भी प्रगतिशील और सद्भावना पर आधारित हैं। 2016 से नेपाल के सांसदों की भारत यात्रा की बारंबारता से दोनों देशों के मध्य आपसी संबंधों में माधुरता आई है। जून 2023 में नेपाली प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान आर्थिक और विकास पर सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे।

भारत और नेपाल के रिश्ते इतिहास और भूगोल के चलते,कई विभिन्न वास्तविकताओं से जूझते आएं हैं। उनका सुदूर और निकट अतीत का संदर्भ,आधुनिक इतिहास और समकालीन राजनीति उनकी प्रतिरूपी किंतु भिन्न प्रगति और उनका उभरता हुआ भविष्य कुल मिलाकर एक ऐसे कठिन मैट्रिक्स की रचना करते हैं जिसमें वैश्विक शक्ति संपन्न राष्ट्रों के उत्सुकता बढ़ जाती है। इस रिश्ते के विभिन्न पक्षों के बीच संतुलन ही इसका समग्र चरित्र को निर्धारित कर रहा है। सदियों की संपन्न बौद्धिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों ने भारत और नेपाल के आपसी शासकीय और नागरिक संबंधों को सामिप्य लाने में मजबूत कारक है। इनकी प्रेरक प्रत्यय दोनों देशों के विचारों और व्यापार का सशक्त समीश्रण है।

भारत और नेपाल के संबंधों की ऊर्जावान क्रियाशीलता,भारतीय फिल्मों की लोकप्रियता और पर्यटन के प्रोत्साहन के साथ घनिष्ठता की ओर उन्नयन हो रहे हैं। 1962 के भारत-चीन युद्ध में गोरखा रेजीमेंट द्वारा दुर्गम हिमालय में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को सैनिकों के लिए जीवन रेखा के समान था। हालांकि 2015 के पश्चात इसकी उपादेयता कम हो गई है। बंधुत्व को संजोए रखना भारत और नेपाल के लिए लाभदायक सिद्ध होने वाला है। भारतीय वैदेशिक मंत्री की यात्रा के दौरान सफलता का प्रबल उपादेयता इस तथ्य में है कि नेपाली प्रधानमंत्री से 10 सालों में 10000 मेगावाट बिजली खरीदने के लक्ष्य को दोनों देशों के शासकाध्यक्ष के मध्य औपचारिक अनुसमर्थन था जिसको विदेश मंत्री के कूटनीतिक कौशल से सफल कर दिया। यह समझौता भारत और नेपाल के मध्य कूटनीतिक उपादेयता का प्रबल संकेत है।

# मौद्रिक समीक्षा पर हावी रही महंगाई



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है।

भारत से इतर वैश्विक स्तर पर खाद्य पदार्थों की कीमत में गिरावट का सिलसिला 2023 से जारी है और यह 2024 के जनवरी महीने में 35 माह के सबसे निचले स्तर 118 अंक पर पहुंच गया है, जो मार्च 2022 में 160.3 अंक पर था। संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संस्थान (एफएओ) के मुताबिक दुनिया के अधिकांश देशों में गेहूं मक्का के साथ मांस की कीमत में आई गिरावट के कारण वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक में गिरावट दर्ज की गई है। एफएओ के अनुसार अनाज मूल्य सूचकांक जनवरी 2024 में घटकर 120.1 अंक पर पहुंच गया। चूंकि भारत में कृषि क्षेत्र अभी भी कमजोर है और आर्थिक मानकों के तय करने के पैमाने दुनिया के दूसरे देशों से थोड़े अलग हैं। इसलिए भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंकों द्वारा तय की गई सहनशीलता के अंदर रहने के बावजूद मध्यम स्तर पर है। इसलिए रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखना एक समीचीन फैसला हो सकता है,क्योंकि महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील हैं और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है। रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। इस तरह विगत 12 महीनों से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। रेपो दर में लंबे समय तक वृद्धि नहीं करने का इतिहास भी रहा है। 2008 की आर्थिक मंदी के समय 10 महीनों तक रेपो दर 6.5 प्रतिशत की दर पर बरकरार था। 2013 के कर्ज संकट के समय भी रेपो दर 7.85 प्रतिशत के स्तर पर 8 महीनों तक यथावत रहा था। फिर 2020 में कोरोना काल के समय में भी रेपो दर चार प्रतिशत के स्तर पर 25 महीनों तक बना रहा था। जनवरी महीने में पीएमआई के आंकड़े जारी किये गए थे जिसके अनुसार सेवा क्षेत्र की गतिविधियां विगत छह महीनों में सबसे अधिक बढ़ी हैं और सेवा क्षेत्र का पीएमआई विगत 30 महीनों से लगातार आगे बढ़ रहा है।

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है। विनिर्माण क्षेत्र का पीएआई सूचकांक भी दिसंबर महीने में 54.9 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 56.5 अंक पर पहुंच गया,जो विगत तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। पीएमआई का कंपोजिट सूचकांक भी दिसंबर महीने में 58.5 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 61.2 अंक पर पहुंच गया,जो दुनिया में सबसे अधिक है। पीएमआई कंपोजिट सूचकांक में 52.5 अंक के साथ चीन दूसरे स्थान पर और 52.3 अंक के साथ अमेरिका तीसरे स्थान पर है।

पीएमआई सूचकांक के 50 अंक से कम रहने पर यह माना जाता है कि संबंधित क्षेत्र में संकुचन आ रहा है, जबकि सूचकांक के 50 अंक से ऊपर रहने पर यह माना जाता है कि वह क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है। वहीं वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है।

महंगाई की वजह से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है,लेकिन बीते कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी 'इक्रा' के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर बैंकों का ऋण वृद्धि दर दिसंबर 2023 में 16.5 प्रतिशत रहा जिसके वित्त वर्ष 2024-25 में 12 से 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। अभी रिजर्व बैंक का लक्ष्य विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाना है ताकि आम आदमी को परेशानी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।

भारत की अर्थव्यवस्था काफी तेजी से बढ़ रही है और अब दुनिया भी इसे मानने लगी है। आने वाले सालों में अर्थव्यवस्था का जो रुझान रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय दिखा रहा है उसके बाद मानना होगा कि भारत अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे नंबर पर आ जाएगा तथा पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना साकार होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी चीजें भविष्य में सही रास्ते पर होंगी।

## सोशल फोरम

# जिंदगी का हेल्थ कार्ड

यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं,जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए।



संजय वर्मा
इंदौर

एक दोस्त अरसे बाद मिलने आया। देर तक अपनी रंग-बिरंगी जिंदगी के किस्से सुनाता रहा। यहां पार्टी,वहां अवार्ड ऐसे कपड़े,वैसी कार... ! मुझे अपनी उदास जिंदगी और भी टूटी-फूटी लगने लगी।

एक रूसी उपन्यास में पढ़ा किस्सा,धुंधला याद आ रहा है। एक लड़की है। बदसूरत और कम अक्ल। एक बड़े घर में नौकरानी है। मगर वह खुशमिजाज है उसे किसी ने उदास या रोते नहीं देखा। सारा दिन दौड़-दौड़ कर काम करती है। फिर एक दिन मालकिन की बेटी जो नौकरानी की हम उम्र है,उसकी शादी होती है। शादी के जोड़े में गहने श्रृंगार के साथ दुल्हन को देखकर अचानक वह नौकरानी फूट-फूट कर रोने लगती है। अजीब बात है न! हम अपनी बेरंग बेमजा जिंदगी को इस हद तक स्वीकार कर लेते हैं कि उसे भूल जाते हैं। फिर अचानक कोई दृश्य, कोई वाकया होता है और हमारी जिंदगी की सारी कुरूपता हमारे सामने वैसे ही जाहिर हो जाती है। जैसे उस नौकरानी को शादी वाली रात हुई थी। हम इस आईने से भागने बचने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों से मिलने से कतराते हैं पर जिंदगी बेरहम है।

हम इंसान ऐसे ही हैं। हम अपने जीवन की क्वालिटी को अपने भाई,पड़ोसी, दोस्त की लेबोरेटरी में टेस्ट करते हैं और रिजल्ट्स की तुलना से पता लगाते हैं कि हमारी जिंदगी का हेल्थ कार्ड कैसा है। यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं,जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए। किस्से प्रेरणा नहीं देते,क्षोभ पैदा करते हैं जिसका कड़वा स्वाद मुलाकात के कई दिनों बाद तक जबान पर बना रहता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# देखने में पास लगती कुर्सी है बहुत दूर



डॉ.बीएन सिंह
वाराणसी

लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया।

मैंने पिछले चुनाव के समय कहा था कि जब तक नीतीश कुमार हैं तेजस्वी यादव कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। फिर दुहरा रहा हूं कि जब तक नीतीश कुमार राजनीति में हैं,तेजस्वी कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। तेजस्वी स्थापित हो चुके हैं,लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी देखने में बहुत पास लगती है,किंतु है बहुत दूर। देश में नीतीश कुमार की बहुत चर्चा हैं।

बीजेपी समर्थित सवर्ण और लालू समर्थित पिछड़े भी उनको पलटू चाचा कहकर ट्रोल करने में सबसे आगे हैं। नीतीश लालू को जानना है तो 90 के दशक में चलते हैं। लालू-नीतीश दोनों जेपी आंदोलन की पैदाइश हैं। दोनों दोस्त रहे और आज भी दोस्ती है,लेकिन मिर्चा-गुड़ की तरह। कभी दोनों के थाली में मिर्चा की तो कभी गुड़ की मात्रा घटती-बढ़ती रहती है। सबसे बड़ी दोनों की खूबी है कि आपसी वार्ता कभी दोनों ने बंद नहीं की। दोनों एक दूसरे से मिलते,बिछुड़ते है,लेकिन बिहार की कुर्सी तीसरे को न जाए,इसका बराबर ख्याल रखते हैं।

बिहार में एक से एक बढ़कर बाहरी नेता जार्ज, शरद, रामविलास पासवान जैसे लोग आए,लेकिन दोनों ने मिलकर जार्ज-शरद को पलिहर का बानर बनने पर मजबूर कर दिया। दोनों को अस्तित्व की रक्षा के लिए बीजेपी की शरण में जाना पड़ा। लालू-नीतीश दोनों ने मिलकर रामविलास पासवान को मरते अंत तक मुख्यमंत्री की कुर्सी तक नहीं फटकने दिया। जब लालू से नीतीश अलग पार्टी बनाकर चुनाव लड़े तो नीतीश मात्र आठ सीट पाए जिसमें तीन रातों-रात लालू के खेमें मे लौट गए। बीजेपी ने नीतीश पर दांव लगाया,राबड़ी देवी के बाद नीतीश के बीजेपी के समर्थन से हल्दी लग गई। फिर तो नीतीश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। लालू जब कमजोर हुए ,उन्हें बिहार में मात्र चार सीट मिलीं,तब वक्त पर नीतीश से हाथ मिला लिया। ये वह समय था जब नीतीश ने मोदी के गुजरात से दिए सहयोग राशि को लौटाकर,मोदी को अपने घर पर दी दावत रद्द कर दी। लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया। नीतीश को लालू यादव अरदब में रखना शुरू किए,तब नीतीश बिदक गए। नीतीश अरदब में आने वाले न तब थे,न आज हैं। तेजस्वी बाबू के लड़कपन और महत्वाकांक्षा के चलते लालू यादव पहली बार तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए साजिश करने लगे तब सुशासन बाबू लालू से बिदककर बीजेपी की गोद में चले गए। फिर वक्त आया साथ आए, इस बार भी लालू यादव ने वही साजिश शुरू की तो नीतीश कुमार पुनः बिदक गए। इधर सुशासन बाबू बिहार के विभिन्न क्षेत्र में विकास में लगे थे। उधर रोज लालू यादव कांग्रेस से मिलकर तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने में लगे रहे।

कांग्रेस लालू के कंधे पर बंदूक रखकर नीतीश को इंडिया गठबंधन में कमजोर करने लगी। जब लालू यादव को लगने लगा कि इंडिया सुशासन बाबू को प्रधानमंत्री प्रत्याशी नहीं बनाएगी तो किसी बहाने से नीतीश से चुनाव पहले सत्ता छीनने की साजिश करने लगे,जो अब पर्दाफाश हो रहा है। लालू यादव को धैर्य नहीं रहा। बीजेपी को अपने तीन-तीन एजेंसियों के सर्वेक्षण में पता चल गया था कि नीतीश के न रहते बीजेपी की 14 लोकसभा में जमानत जब्त हो जाएगी। तभी लालू ने मौका दे दिया,पुत्र को मुख्यमंत्री बनाने के लोभ के कारण। नीतीश ने पुनः बीजेपी की गोद में जाकर पिछड़ों की ताकत को कमजोर कर दिया। नीतीश सामने से दोषी दिखाई दे रहें हैं ,लेकिन लालू भी कम दोषी नहीं हैं। तेजस्वी का बड़बोलापन कि 'लड़ाई नीतीश कुमार जी शुरू किए हैं, अंत हम करेंगे'। युवा नेता अभी मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे ही नहीं कि विधायकों के खरीद फरोख्त मामले में बुरे फंस गए। विधायक खरीद रिश्वत कांड में एक की गिरफ्तारी हो चुकी है। कई लिप्त बिचौलियों की होने वाली है। जब पता है कि केंद्र में हमारे विरोधी की सरकार है तो विधायक रिश्वत कांड की ऊब क्या थी? भविष्य के बिहार के नेता तो अब आप बन ही चुके थे। अब जब आप पर सोरेन की तरह कार्रवाई हो जाएगी तो निश्चित मानिए कि कांग्रेस भी तमाशा देखेगी। आपके इस भीतरघात की स्थिति में तो पिछड़े आरक्षण वृद्धि वाले जनता दल यू को तो अस्तित्व रक्षा हेतु सरकारी पार्टी के शरण में जाना ही था और चले गए।

इसमें आप सिर्फ नीतीश कुमार को पलटू चाचा कहकर अपनी नादानी को नहीं छिपा पाएंगे। भाजपा आपकी ताकत को तहस-नहस करने को सुशासन बाबू से तो गृह विभाग छीनना ही चाहता है,मगर अभी भी नीतीश कुमार इस पक्ष में नहीं हैं कि आप व आपकी पार्टी ज्यादा कमजोर होकर भाजपा भस्मासुर बन जाए। आगे आपकी या आपके पिताश्री (जो 10 मार्च 1990 को 'नीतीश फार्मूला' से मुख्यमंत्री बन पाए थे) की इच्छा। हम लोगों की तो इच्छा यहीं है कि मामा द्वय के चक्कर में मत रहें,जिनसे फिर सक्रिय मदद आप ले रहे थे। मिथलेश जी का आंकलन कि लालू यादव , नीतीश से कम दोषी नहीं। नीतीश के साथ आने पर नई पीढ़ी लालू यादव के जंगल राज को भूलकर तेजस्वी को स्वीकार करने लगी थी,जो लालू ने पुत्र मोह में सब गुड़-गोबर कर दिया।

# गांव की महिलाएं निकल रहीं आगे, शहर की रफ्तार धीमी

## बेटी बचाओ- बेटी बढ़ाओ योजना और महिलाओं की स्थितियां जानने के लिए किए गए शोध में हुआ खुलासा

जीशान कदीर, लखनऊ

- सीतापुर, हरदोई, फतेहपुर और फर्रुखाबाद जनपद में हुआ सर्वे
- शासन के निर्देशों के आधार पर जुटाया गया है इनपुट

**अमृत विचार :** गांव की माटी में जन्मी महिलाएं और बेटियां अब शहर वासियों से दस कदम आगे हैं। वो खुलकर हर सवाल का जवाब ही नहीं दे रहीं, बल्कि कुछ नये आयाम भी गढ़ रही हैं। ये खुलासा केन्द्र सरकार की योजना में चुनी गईं भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ की प्रवक्ता के शोध में सामने आया है। इन्होंने लखनऊ से जुड़े सीतापुर सहित चार जनपदों का सर्वे किया, जिसमें शहरी महिलाओं की अपेक्षा गांव की माटी की तस्वीर बेहतर नजर आई है।


डॉ. रुचिता सुजय चौधरी

दरअसल, केन्द्र सरकार के इण्डियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च (आईसीएसएसआर) ने स्पेशल काल योजना के अन्तर्गत शार्ट टर्म इंपेरिकल रिसर्च में महिलाओं की भूमिका और उनके मानसिक स्तर को जानना चाहा। इसके लिए उन्होंने उप्र में ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. रुचिता सुजय चौधरी को चुना। इनको जिम्मेदारी मिली कि उन चार जनपदों का सर्वे करें, जो लखनऊ के निकट हो। इसमें बेटी बचाओ- बेटी बढ़ाओ योजना और महिलाओं की स्थितियों को जानना था। डॉ. रुचिता बताती हैं कि उन्होंने अपने सर्वे में सीतापुर, हरदोई, फतेहपुर और फरुर्खाबाद जनपदों को चुना। इसमें अलग-अलग क्षेत्र, वर्ग और स्थितियों से जुड़ी 400 से अधिक महिलाओं से बातचीत की। वैकल्पिक प्रश्नों के अलावा सामाजिक सरोकार से जुड़े सवाल भी शामिल रहे। सर्वे में महिलाओं से जुड़ी गांव की तस्वीर शहरी वासियों की अपेक्षा बेहतर नजर आई है।

### चार जनपदों में बेटियों की बढ़ी जन्मदर

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2014-2019 में आए रिर्पोर्ट में पाया गया था कि इन चार जनपदों में बेटियों की जन्म दर का अनुपात एक हजार के सापेक्ष 918 से कम है। मानक से कम जन्म दर को आधार बनाकर ही केन्द्र सरकार ने सर्वे कराया है। बताती हैं कि वर्तमान सर्वे में ये दर 918 को पार कर 929 पहुंच चुकी है।

### शहर की महिलाओं में झिझक और रोक-टोक

सर्वे रिपोर्ट में सामने आया है कि शहर की महिलाओं से की गई बातचीत में झिझक और परिवार की रोक-टोक शामिल है। इन सबके बावजूद उनमें पढ़ाई का स्तर गांव की अपेक्षा अधिक है।

### बेटी बचाओ योजना दिखी कारगर

चाइल्ड सेक्स रेशियो और सेक्स रेट ऑफ बर्थ की रिपोर्ट बीते वर्ष की अपेक्षा बढ़ोतरी की ओर है। दोनों ही रिपोर्ट में बेटियों की जन्म दर बढ़ी है। बेटी बचाओ योजना का कारगर असर शोधकर्ता की रिपोर्ट में है।

### बहुविकल्पीय प्रश्नों में भ्रूण हत्या भी शामिल

बेटियां पढ़ेगी तो कैसा रहेगा, घर से बाहर नौकरी, भ्रूण हत्या सहित अन्य विषय सम्मिलित हैं।

## जल्द ही लोगों को जाम से मिलेगा छुटकारा: डीएम

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने नगर क्षेत्र में जल्द ही जाम की समस्या से लोगों को छुटकारा मिल जाएगा। इसके लिए आठ रेलवे उपरिगामी सेतु पर कार्य चल रहा है, जिसमें से दो रेलवे उपरिगामी सेतु टेढ़ी बाजार व बड़ी बुआ पर संचालन प्रारंभ है। दो अन्य दर्शननगर चार लेन व चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर सूर्यकुंड पर दो लेन रेलवे उपरिगामी सेतु का कार्य प्रगति पर है। सभी निर्माणाधीन रेलवे उपरिगामी सेतुओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने को निर्देशित किया। पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर हल्कारा का पुरवा पर 4 लेन, मोदहा पर 4 लेन आरओबी व हल्कारा का पुरवा पर दो लेन आरओबी निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

## एक नजर

### राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक मंगलवार से शुरू होगी। बैठक में शामिल होने के लिए राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र सोमवार शाम अयोध्या पहुंचे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते 15 जनवरी से बंद चल रहा राममंदिर निर्माण का काम प्रारंभ हो चुका है। प्रथम तल का 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शेष मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद राममंदिर के दूसरे तल का काम शुरू होगा। नृपेंद्र मिश्र मंगलवार की सुबह रामजन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद बैठक का सिलसिला शुरू होगा।

### जिले को मिले तीन बीईओ दो का हुआ स्थानांतरण

**अयोध्या, अमृत विचार :** चुनाव आयोग के निर्देश पर शासन द्वारा तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके खंड शिक्षा अधिकारियों का तबादला किया है। जिले को तीन नए खंड शिक्षा अधिकारी मिले है। गोंडा से अजय त्रिपाठी,आजमगढ़ से रविता राव और बुलंदशहर से यशवंत कुमार को अयोध्या जिले में नई तैनाती मिली है। वहीं जिले से दो खंड शिक्षा अधिकारियों का ट्रांसफर भी किया गया है। तारुन ब्लॉक की खंड शिक्षा अधिकारी शैलजा मिश्रा का अंबेडकरनगर और मिल्कीपुर की खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह का रायबरेली तबादला हुआ है।

### रामलला दरबार में आज उत्तराखंड सरकार

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने मंत्रिमंडल के साथ मंगलवार को हवाई मार्ग से सुबह 10 :30 बजे के करीब अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद सभी हनुमानगढ़ी व रामलला का दर्शन-पूजन करेंगे। देपहर करीब 2 :30 देहरादून लौट जाएंगे।

### बिना अनुमति काट दिया नीम का हरा पेड़

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के सदरपुर थाना इलाके के तमनापुर गांव स्थित आबादी की भूमि पर एक हरा नीम का पेड़ कई वर्षों से लगा हुआ था। सोमवार की दोपहर ठेकेदार ने लकड़कट्टों की सहायता से पेड़ को बिना किसी अनुमति के काट डाला। जानकारी होने पर क्षेत्रीय लेखपाल रामनाथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। लेखपाल रामनाथ ने बताया कि आबादी की भूमि पर लगे नीम के पेड़ को ठेकेदार द्वारा काटा गया है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व की योजना चल रही है। उसी के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसडीएम शिखा शुक्ला ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था, अगर आबादी पर लगे नीम के पेड़ को बिना किसी अनुमति के कटवाया गया है, तो उसमें शामिल लोगों के विरुद्ध एफआईआर करवाने के लिए क्षेत्रीय लेखपाल को निर्देशित किया जाएगा।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

## हादसे के बाद मौके से फरार हुए वाहन, पुलिस जांच में जुटी

सीतापुर।

**अमृत विचार।** इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जिला मुख्यालय भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।


हादसे के मौके पर मौजूद स्थानीय लोग व पुलिस। अमृत विचार

जानकारी के अनुसार, काजी कमालपुर चौकी क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो लोंगो की मौत हो गयी है। बताया जाता है कि केशवपुर निवासी तकदीर बक्स सिंह (52) पुत्र वीरेंद्र सिंह अपने साथी संजय (45) पुत्र कल्लू सिंह बाइक से दोनों लोग टिकरा जार से काजीकमालपुर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सोमवार की देर शाम अचानक सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।

हादसे में बाइक सवार दोनों व्यक्तियों की मौत से कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की सूचना परिजनों को दी। प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश कुमार का कहना है कि शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हादसे में शामिल वाहन की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाई की जाएगी।

# दवा का सेवन ही फाइलेरिया से एकमात्र बचाव है: डॉ. राजशेखर

- परसेंडी ब्लॉक कार्यालय सभागार में हुई बैठक

**सीतापुर, अमृत विचार।** परसेंडी ब्लॉक कार्यालय के सभागार में जीएलआरए इंडिया संस्था द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों एवं समुदाय के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजशेखर ने फाइलेरिया रोग के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए सरकार द्वारा फाइलेरिया को समाप्त करने के लिए किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया जिसे आम बोलचाल की भाषा में हाथी पांव भी कहा जाता है। लेकिन यह बीमारी किसी भी महिला और पुरुष के लटकने वाले अंगों हाथों, पैरों, पुरुषों के अंडकोष और महिला के स्तन (ब्रेस्ट) को भी प्रभावित करती है। समय रहते अगर यदि फाइलेरियारोधी दवा का सेवन नहीं किया गया तो इसका कोई निदान नहीं है। जिला कुष्ठ अधिकारी कार्यालय से नॉन मेडिकल सुपरवाइजर नरेन्द्र नाथ चैबे ने बताया कि संस्था समुदाय में किस तरह से लोगो को जागरूक करने के लिए कैंप एवं जागरूकता अभियान चला रही है। इसके साथ उन्होंने विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के विषय मे भी जानकारी दी। परसेंडी ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत हंसराज द्वारा बताया गया कि गांव मे संस्था के द्वारा स्वच्छता साफ-सफाई व विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बारे में जन जागरूक हेतु विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार ने आशा वर्कर को एवं संस्था के लोगों को नये मरीजो के पहचान एवं इलाज के विषय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताया। जिला मलेरिया अधिकारी मंजूषा गुप्ता ने मलेरिया की रोकथाम व उसके इलाज की जानकारी दी। कार्यक्रम मे परसेंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पैरामेडिकल वर्कर संजय वर्मा, सहायक विकास अधिकारी कृषि जावेद अख्तर, सीफार संस्था से राजीव गुप्ता व जीएलआरए संस्था से मनीष बहेल, संतोष सक्सेना, प्रतिभा, आदित्य, राजेन्द्र, रीता सहित विभिन्न पंचायत के ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम स्वच्छता व स्वास्थ्य समिति के सदस्य, आशा कार्यकर्ता आदि ने प्रतिभाग किया।

## सार-संक्षेप

### कार्य योजना के लिए क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने दिये प्रस्ताव


बैठक के दौरान आये लोगों को सम्मानित करते ब्लॉक प्रमुख।

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** स्थानीय विकासखंड सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख उमाशंकर वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख एडवोकेट उमाशंकर वर्मा ने विकासखंड की सभी क्षेत्र पंचायतों से अगली कार्य योजना के लिए प्रस्ताव मांगे गए। सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपनी-अपनी क्षेत्र से प्रस्ताव बैठक में दिए। बैठक का संचालन अपर जिला सहकारी अधिकारी सिद्धार्थ कुमार आर्य ने किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख उमाशंकर वर्मा ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों ग्राम प्रधानों जिला पंचायत सदस्यों एवं मीडिया को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी प्रीति तिवारी, सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार वर्मा, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ओमेंद्र वर्मा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा , सचिव सत्यम सिंह, अमित कुमार वर्मा, विष्णु गुप्ता, प्रधान संघ अध्यक्ष महेश वर्मा ,प्रधान शुभम श्रीवास्तव, प्रधान विवेक शुक्ला, राकेश, राम लखन वर्मा, वसीम बानो, जग्गन, नाजिम पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, भगवानदीन त्रिवेदी सहित सभी प्रधान व बीडीसी साहित जिला पंचायत सदस्य उपस्थित थे।

### अवैध कब्जे पर कार्रवाई सही : राजमणि



**प्रयागराज, अमृत विचार :** अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई को गलत ठहराते हुए उपयोग किए गए विधायक के लेटर का दुरुपयोग किया गया था। इस मामले में अब प्रयागराज विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र भेजकर सफाई दी है। कहा है कि अवैध कब्जा हटाने के लिए की गई कार्रवाई सही थी। इस पत्र में विधायक राजमणि कोल ने कहा है कि दिघिया में चकमार्ग पर किए गए अवैध कब्जे के मामले को सिर्फ एक बार विधानसभा में उठाया था। उसके बाद मामले को अनुश्रवण समिति के सामने लाया गया जिसकी मुझे जानकारी नहीं है। विधायक ने बताया कि इस मामले में उनके लेटर का दुरुपयोग किया गया। उन्होंने अवैध कब्जा हटाए जाने की कार्रवाई को सही बताया है। बता दें कि विधायक के लेटर का गलत इस्तेमाल कर विधानसभा में इस कार्रवाई पर प्रश्न उठाते हुए मुद्दा रखा गया था जिसके बाद जिलाधिकारी प्रयागराज की जांच में की गई कार्रवाई को सही पाया गया।

### मेहनत करने पर मिलती है सफलता : श्याम सारथी

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** इटौरा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को कथा व्यास श्याम सारथी ने दान की महिमा बताई। कहा कि धन का उपयोग करो या दान करो, नहीं तो वह नष्ट हो जाएगा। मेहनत करने वाला व्यक्ति सफल जरूर होता है। आचार्य चंदन शास्त्री, मनीष शास्त्री, शंकर नाथ पांडेय, बलराम आदि रहे।

# मुख्यमंत्री के नैमिषारण्य आगमन को लेकर तैयारियां तेज

नैमिषारण्य, सीतापुर

**अमृत विचार।** उप्र के मुख्यमंत्री के नैमिषारण्य आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी 21 फरवरी को नैमिषारण्य के राजराजेश्वरी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सूबे के मुखिया योगी आदित्य नाथ के साथ-साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का भी आगमन 22 फरवरी को हो रहा है। यहां सर्वप्रथम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोपुरम द्वार का उद्घाटन करेंगे उसके बाद प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होंगे। जिसको लेकर सोमवार सुबह सीतापुर जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा नैमिषारण्य पहुंचे एवं कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। साथ ही मंदिर परिसर के अंदर भी व्यवस्थाओं को परखा। दक्षिण भारतीय सभ्यता को देखते हुए नैमिषारण्य में विशाल आश्रम (स्कंदआश्रम) एवं राज राजेश्वरी मंदिर का निर्माण कार्य बीते कई वर्षों से चल रहा है। त्रिपुर सुन्दरी अधिष्ठात्री आदिशक्ति मां राज राजेश्वरी की प्राण प्रतिष्ठा व अधिष्ठापन महोत्सव का कार्यक्रम 14 से 22 फरवरी तक हो रहा है। उसी कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का आगमन 21 फरवरी को नैमिषारण्य में हो रहा है जिसको लेकर जिला प्रशासन काफी तेजी से तैयारी में जुटा हुआ है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने मंदिर के पुजारी से वहां के बारे में जानकारी ली एवं कार्यक्रम की स्थिति को भी समझा साथ ही अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने की भी बात कही। मौके पर उप जिलाधिकारी मिश्रिख अजय कुमार त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, क्षेत्राधिकारी मिश्रिख राजेश यादव थाना प्रभारी नैमिषारण्य पंकज तिवारी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।


सीएम आगमन को लेकर तैयारियां देखते डीएम अनुज सिंह।

# प्राण-प्रतिष्ठा के साथ रामराज्य की स्थापना : साक्षी महाराज

**अयोध्या, अमृत विचार :** देश 1947 में जरूर आजाद हुआ लेकिन आत्मा का संचार रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद हुआ। 22 जनवरी को रामराज्य की स्थापना हो गई। यह बातें सोमवार को उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने कहीं। वे यहां रामलला का दर्शन-पूजन करने आए थे।



दर्शन-पूजन से भावुक हुए साक्षी महाराज ने कहा कि वह राम मंदिर आंदोलन से होकर आज राजनीति में आए हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर मुक्ति आंदोलन को लेकर वे संघर्ष में शामिल हुए। उन्होंने कोठारी बंधु को गोली लगने के बाद अपने हाथों से उठाया था। उन्होंने कहा कि 500 वर्ष बाद प्रभु राम का भव्य मंदिर बन ठीक उसी तरह मथुरा और काशी में भी मंदिर बनेगा। इसके लिए आंदोलन करने की जरूरत नहीं होगी। स्वामी प्रसाद मौर्य के नई पार्टी बनाने को लेकर साक्षी महाराज ने कहा कि मोदी के आगे सब शून्य हैं। मोदी जी ने कहा है अबकी बार 400 पार। अब लोग अपनी जमीन तलाश रहे हैं अब देश में जो प्रभु राम चाहेंगे वही होगा।

### सपा छात्रसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने शिवांशु



**अयोध्या, अमृत विचार :** छात्र आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले शिवांशु तिवारी को सपा छात्रसभा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह मनोनयन छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर किया है। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि शिवांशु को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक अवधेश प्रसाद, विधायक अभय सिंह, पूर्व विधायक आनंद सेन यादव, पूर्वमंत्री तेज नारायण पांडेय, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महासचिव हामिद जाफर मीसम सहित अन्य सपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# घूस लेते लेखपाल गिरफ्तार

**बीकापुर (अयोध्या), अमृत विचार :** अयोध्या मंडल की एंटी करप्शन टीम ने सोमवार को बीकापुर तहसील में तैनात एक लेखपाल मोतीलाल यादव को घूस लेते रंगे हाथ दबोच लिया। उसने पैमाइश के एवज में पांच हजार रुपये मांगे थे।


एंटी करप्शन टीम के साथ गिरफ्तार लेखपाल।

टीम के प्रभारी निरीक्षक राय साहब द्विवेदी ने बताया कि लक्ष्मणपुर ग्रांट के रामपुर जोहन निवासी मनोज कुमार ने शियत की थी कि लक्ष्मणपुर में स्थित गाटा संख्या 447, 448 की पैमाइश के लिए आरोपी लेखपाल मोतीलाल यादव द्वारा लगातार उसका आर्थिक शोषण किया जा रहा है। अब फिर लेखपाल ने रिश्वत की मांग की है। इस पर एक टीम गठित की गई। योजना के अनुसार एंटी करप्शन टीम ने उप निरीक्षक दिनेश कुमार, विश्वनाथ सिंह के एन शुक्ला, शैलेंद्र सिंह की टीम ने आज सोमवार को घूसखोर लेखपाल मोतीलाल यादव को जोहन तिराहे पर उस समय रंगे हाथ दबोच लिया जब उसने शिकायतकर्ता से घूस की पांच हजार रुपये की रकम ली। आरोपी को कस्टडी में लेकर कोतवाली बीकापुर में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बार एसोसिएशन ने दायर की उच्च न्यायालय में याचिका

**अयोध्या, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के मंत्री की ओर से उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ में याचिका दायर की गई है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ ,सह अध्यक्ष अनुराग पांडे तथा सदस्य और पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन त्रिपाठी को विपक्षी बनाया गया है। बार एसोसिएशन का चुनाव इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के आदेश पर हुआ था। दो माह बाद बाद फिर चुनाव कराने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इस पर कई बार बैठक हुई जिसमें कुछ अधिवक्ताओं को बार की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था। पुरानी एल्डर्स कमेटी को भंग कर नई एल्डर्स कमेटी का गठन किया गया था। जांच कमेटी पर बार काउंसिल ने रोक लगा दी थी। इन्हीं सब बातों को लेकर बार एसोसिएशन के मंत्री ने याचिका दाखिल की है।

खास खबर

प्रसिद्ध शेफ विष्णु मनोहर की 30 सदस्यीय टीम ने मिलकर तैयार किया हलुवा

# हनुमान कढ़ाही में बनाया 7 हजार किलो हलुवा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में रामलला के विराजमान होने के दुनियाभर के भक्त तरह-तरह से अपनी श्रद्धा को निवेदित कर रहे है। इसी कड़ी में सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज पूज्य गोलवलकर की जयंती पर मशहूर शेफ विष्णु मनोहर ने सात हजार किलो वजन का हलुवा बनाया है। इसके लिए 10 हजार लीटर की कढ़ाही का प्रयोग किया गया। श्रद्धालुओं में वितरण के पहले हनुमानगढ़ी में बजरंगबली को भोग लगाया गया।



हलुवा बनाते मास्टर शेफ विष्णु व उनकी टीम के सदस्य। अमृत विचार

शेफ विष्णु मनोहर का दावा है कि डेढ़ टन की इस हनुमान कढ़ाई को लोहा, कॉपर और सर्जिकल स्टील से तैयार किया गया है। 7 क्विंटल सूजी, 7 क्विंटल देसी घी, 11 क्विंटल शक्कर, 4 हजार लीटर पानी, 300 किलोग्राम काजू व किशमिश के मिश्रण से हलवा तैयार करा श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हरिद्वार पट्टी के महंत मुरली दास, संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास, महंत सत्यदेव दास, पहलवान राजेश दास, पुजारी हेमंत दास, मुकेश दास सहित शेफ की 30 सदस्यों की टीम मौजूद रही।

### इस तरह के बना चुके 20 रिकॉर्ड

प्रसिद्ध शेफ विष्णु मनोहर का दावा है कि इसके पहले इस तरह के 20 रिकॉर्ड बना चुके हैं। जिसमें लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड, एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड भी शामिल हैं। यह 21 वां रिकॉर्ड जो वर्ल्ड बुक ऑफ इंडिया रिकॉर्ड में भेजा जाएगा। इससे पहले हलुवे का ही 6000 किलो, 5000 किलो की खिचड़ी, पांच फिट का पराठा, 56 घंटे नास्ता कुकिंग का रिकॉर्ड बन चुका है।

# सफाईकर्मी व सभासद के बीच तीखी नोकझोंक, सफाई व्यवस्था बाधित

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** सफाई करने के दौरान एक सफाईकर्मी की सभासद से नोंकझोंक हो गई। सफाईकर्मी का आरोप है कि सभासद ने अपने घर की सफाई करने के लिए कहा। मना करने पर कूड़े की गाड़ी पलट दी। साथ ही जातिसूचक गालियां देते हुये जान से मारने का प्रयास करने का आरोप भी लगाया। वहीं मामले की जानकारी होने पर अन्य सफाईकर्मी नगरपालिका पहुंच गये और हंगामा करने लगे। उन्होंने सभासद पर मुकदमा दर्ज करने के लिए ईओ व पुलिस को तहरीर दी। सफाईकर्मी संतोष पुत्र राम कुमार का आरोप है कि ड्यूटी के वक्त सफाई कार्य के लिए वह मोहल्ला बीबीपुर वार्ड कटरा में गया था। सुबह करीब 8 :45 बजे वार्ड सभासद इस्लाम पुत्र भोले के घर के पास वह सफाई कर रहा था, उसी वक्त सभासद ने उससे अभद्रता की और स्वयं के घर की साफ सफाई के लिए कहा। जिसको लेकर तीखी नोकझोक के बाद सभासद ने कूड़े की गाड़ी भी पलट दी। जिसके कारण सारा कूड़ा रोड पर ही गिर गया। सफाईकर्मी ने आरोप लगाते हुए यह भी बताया कि सभासद इस्लाम ने सफाईकर्मी को जातिसूचक गाली भी दी और फावड़े से मारने का प्रयास भी किया। ऐसे में वह अपनी जान बचाकर भाग गया। मामले की जानकारी मिलते ही सभी सफाईकर्मी नगर पालिका में इकट्ठा हो गए और धरने पर बैठ गए। मामले की शिकायत सफाईकर्मियों द्वारा ईओ व कोतवाली प्रभारी को भी की गई। सफाईकर्मियों की मांग है कि सभासद पर मुकदमा लिखा जाए। सफाईकर्मियों ने बताया कि जब तक इस मामले को लेकर कार्यवाही नहीं होगी तब तक सफाईकर्मी पुन: काम शुरू नहीं करेंगे। अधिशाषी अशिकारी शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि मामले की जानकारी उनको है। सफाईकर्मियों ने कोतवाली व नगर पालिका में शिकायत की है जिस पर उचित कार्यवाही की जाएगी।


अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

पहले मेरा नाम RAMU था अब मैने बदलकर अपना नाम RAMU GAUTAM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MANIK RAM R/O: NEVARI DURAJPUR JAHAGIRGANJ, AMBEDKAR NAGAR

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्याम बदन गिरि पुत्र रमाकान्त गिरि, निवासी- ग्राम-परसौनी बुर्जुग, थाना-तराया सुजान, जिला-कुशीनगर**, मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम अंकुश गिरि है। परन्तु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश कुनाल व जन्मतिथि- 06.10.2007 दर्ज हो गयी थी। अंकुश गिरि व कुनाल दोनो नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरे पुत्र के है यदि भविष्य में नाम व जन्मतिथि के संबंध में कोई बात होती है तो उसके लिए मै पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा। अतः मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका सही नाम अंकुश गिरि व सही जन्मतिथि 06.10.2008 अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र कवीन्द्र मोहन तिवारी, आर्मी नं.-JC543372F रैंक नायब सूबेदार के सैन्य अभिलेखों में त्रुटिवश मेरा नाम राधा कृष्ण पुजारी दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम राधा कृष्ण है। अतः मेरे पुत्र के सैन्य अभिलेखों में भी राधा कृष्ण दर्ज किया जाये। **-राधा कृष्ण, ग्राम-मरसोली, पोस्ट-शिलिंग, जिला-पिथौरागढ़, 262501 उत्तराखण्ड**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **श्रीमती सीमा पत्नी नन्हेंलाल, निवासी- शहवाजपुर, पो0- परीदपुर कट्टर परगना व तहसील बांगरमऊ, जनपद- उन्नाव**, मेरी पालिसी संख्या- 224457686 दिनांक 28-12-2011ई में मेरा नाम शान्ती देवी पत्नी नन्हें लाल अंकित है। जबकि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम सीमा पत्नी नन्हें लाल है। शान्ती देवी व सीमा देवी पत्नी नन्हें लाल जोकि एक ही महिला के नाम है। अतः मेरी पॉलिसी में मेरा नाम संशोधित कर सही नाम सीमा अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मै कहकशा बानो पुत्री अब्दुल हफीज सिद्दीकी, निवासी- कहला,मलिहाबाद, मेरे पासपोर्ट जिसका नंबर N2686362 पर त्रुटिवश मेरा नाम KAHKASHAM BANO दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरा सही नाम KAHKASHA BANO है जो कि सभी दस्तावेजों में दर्ज है आज से मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**

मैं **विरेन्द्र कुमार पुत्र कपिल देव महतो, निवासी- गहरू रोड, स्कूटर इण्डिया गेट नं-2 गौरी, सरोजनी नगर लखनऊ** एतद्वारा घोषणा करता हूँ कि मैने एक प्लाट क्षे0 822. 800 वर्गफीट स्थित गाटा सं0- 1009अ व 1009 ब ग्राम गहरू परगना बिजनौर, तह0 सरोजरनी नगर लखनऊ को जरिये बैनामा दिनांक 21-10-2009 को सन्दीप कुमार से क्रय किया था जो कि उपनिबन्धक कार्यालय लखनऊ में दिनांक 21-10-2009 को बही सं0 1 जिल्द सं0-5235 प्रष्ठ सं0- 243-280 कमांक 9790 पर दर्ज है। उक्त सम्पत्ति का मूल विक्रय पत्र जो कि मेरे बैग में था वह दिनांक 23.02.2010 को अमौसी के पास कानपुर रोड, लखनऊ में कही बैग गिर जाने के कारण खो गया था जिसकी सूचना मैने दिनांक 28/02/2010 को थाना सरोजनी नगर लखनऊ में दर्ज करायी थी।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं श्रीमती चंदा देवी पत्नी स्वर्गीय लटूरी लाल के आधार कार्ड में जन्मतिथि 01-01-1966 लिखी है जो की गलत है। मेरी वास्तविक जन्मतिथि 1 जुलाई 1953 दर्ज की जाए जो कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड के मुताबिक सही है। **-श्रीमती चंदा देवी पत्नी स्व. हवलदार लटूरी लाल, नगला भदई, पोस्ट ईशम पुर, तहसील छिबरामऊ, जिला कन्नौज**

# प्रधानमंत्री मोदी के साथ अडानी-अंबानी को राहुल गांधी ने घेरा

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले- किसानों को नहीं दे रहे एमएसपी, अरबपतियों का ऋण माफ

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा**

**जितना टैक्स अडानी अंबानी को देते है उतना किसान भी, उन्हें लाखों करोड़ों मिलते है पर किसानों को एक रुपया भी नहीं**

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** भारत जोड़ो यात्रा में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने कहा कि जय श्रीराम, जय श्रीराम। न्याय यात्रा के दौरान सोमवार दोपहर को गौरीगंज थाना क्षेत्र के बाबूगंज निकट टोल प्लाजा के पास आयोजित जनसभा को संबोधित करते राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने एयरपोर्ट छीन लिया, पब्लिक सेंटर सब छीन लिया, इंफ्रास्ट्रक्चर छीन लिया, आपके स्कूल कॉलेज सब उठाकर लेकर चले गए। अपने राम मंदिर समारोह देखा, देखा न, धूमधाम से हुआ, देखा न, उसमें आपने किसी गरीब को देखा, आपकी राष्ट्रपति हमारी राष्ट्रपति आदिवासी है, उनको अंदर नहीं आने दिया गया, उनका चेहरा देखा आपने, मजदूर को देखा, पिछड़े वर्ग को आपने देखा, नहीं। अडानी देखा, उसके बच्चे देखे, अम्बानी देखा, उसके बच्चे देखे, सारे बिजनेसमैन वाले देखे, नरेंद्र मोदी देखे पर नहीं देखे गए तो गरीब।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि किसान दिल्ली जा रहे हैं। आज मैंने फोटो देखी कि किसान पुलिसवालों को खाना खिला रहे हैं और पुलिसवाले किसानों को रोक रहे हैं। किसान क्या मांग रहा है? किसान कह रहा है कि हमें एमएसपी दो। इसमें क्या बड़ी बात है? राहुल गांधी ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है तब से लगातार किसानों के साथ गलत हो रहा है। देश जानता है कि इस देश में किसानों का क्या महत्व है और खेती कितनी महत्वपूर्ण है। भाजपा वो पार्टी है कि 14 लाख करोड़ रुपये 15-20 अरबपतियों में बांट करके और किसानों को आप एमएसपी नहीं दे सकते। कांग्रेस पार्टी एमएसपी के लिए लिखकर गारंटी दे रही है, एक्सरे होगा, जातीय जनगणना भी होगी, सब पता चल जाएगा, कितने पिछड़े, कितने आदिवासी, कितने दलित व कितने गरीब। राहुल गांधी ने कहा कि जिस दिन 73 फीसदी लोग ये सवाल पूछना शुरू कर दिया कि भाई मेरे जेब से हर रोज पैसा निकाल लेते है, पेट्रोल का पैसा जा रहा है, जीएसटी जा रहा है, जितना पैसा मैं देता हूं, उतना ही अडानी दे रहा है तो मुझको लाभ क्यों नहीं मिलता। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को प्रतापगढ़ होते हुए उनके संसदीय क्षेत्र अमेठी पहुंची थी।

सोमवार की रात राहुल गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र में ही रात गुजारी। इस दौरान वह स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी की। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में अमेठी पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा में विधान सभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस यात्रा में राहुल महंगाई, युवाओं को रोजगार और किसानों के मुद्दे के जरिए अपना मत मजबूत करने में जुटे हुए थे। यात्रा में अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा व नेता जयराम नरेश भी शामिल रहे।



गौरीगंज में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी व उनके समर्थक। अमृत विचार


जनसभा में राहुल गांधी को सुनने के लिए उमड़ा जन सैलाब। अमृत विचार

### कोर्ट में पेशी पर जा सकते हैं राहुल गांधी

वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि राहुल गांधी को 20 फरवरी की सुबह सुल्तानपुर में उत्तर प्रदेश जिला न्यायालय में उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया है। मानहानि के मुकदमे से जुड़ा यह मामला 4 अगस्त, 2018 को एक भाजपा नेता द्वारा दायर किया गया था। राहुल की कोर्ट में पेशी के चलते उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज सुबह रुक जाएगी और दोपहर 2 बजे अमेठी के फुरसतगंज से फिर अपने प्रोग्राम को शुरू करेगी। राहुल गांधी कोर्ट में पेशी पर जा सकते हैं।

# आप लेखपाल हैं, अमेठी के मालिक नहीं


जन संवाद विकास यात्रा के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनती केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**सांसद स्मृति ईरानी ने गरीब को ऑन द स्पॉट दिलाया न्याय, लोगों की सुनीं समस्याएं**

**अमृत विचार।** राहुल गांधी अपनी न्याय यात्रा लेकर अमेठी पहुंचे हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री और अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी भी अपने संसदीय क्षेत्र में जनसंवाद यात्रा कर रही हैं। सोमवार को टीकरमाफी में लोगों की समस्याओं को सांसद ने सुना। इस दौरान एक शख्स अपनी जमीन पर कब्जे की शिकायत लेकर उनके पास पहुंचा। उसने सांसद को बताया कि लेखपाल मेरी जमीन पर किसी और को कब्जा दिलवा रहे हैं और मेरे विरोध दर्ज कराने पर कहते हैं, जाओ जहां मन करे शिकायत कर आओ। इस पर सांसद ने लेखपाल को फटकार लगाई, कहा कि आप लेखपाल है, अमेठी के मालिक नहीं।

अपने चार दिवसीय भ्रमण पर सोमवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बाजार में बनाए गए चौपाल स्थल पर 12 बजे पहुंची। सबसे पहले आवास, उसके बाद चिकित्सा फिर राजस्व विभाग और उसके बाद पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें सुनी। यहां अतिक्रमण और अवैध निर्माण की शिकायतें खूब हुई। बाजार में चौपाल के दौरान अवैध कब्जे की शिकायत पर स्मृति ने खासी सख्ती दिखाई और लेखपाल सुधांशू शुक्ला को कहा कि पुलिस से मिलकर आधे घंटे के अंदर अवैध निर्माण हटवाएं, वरना मैं उसी जमीन के सामने आकर धरने पर बैठ जाऊंगी। स्मृति ने कहा कि नौकरी आज है कल नहीं रहेगी। हम जनता के नौकर है, मालिक नहीं बन सकते। शेर बहादुर सिंह की शिकायत पर स्मृति ने आधे घंटे के भीतर अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए।

ग्रामीण संपर्क निर्माण की शिकायत पर उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि को सड़क बनवाने की जिम्मेदारी दी। सांसद के पहुंचने पर सीडीओ सूरज पटेल, सीएमओ डॉ.अंशुमान सिंह, परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, डीएसओ नीलेश उत्पल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण शैलेन्द्र कुमार, एसडीएम प्रीति तिवारी, खंड विकास अधिकारी इन्द्रावती वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार, सीडीपीओ संजय सिंह, एसएचओ श्रीराम आदि अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। वहीं ब्लॉक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ पांडेय, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, रवीन्द्र प्रताप सिंह, वंशीलाल सेठ , श्याम लाल मौर्य, लालशंकर सिंह,बेंचू सिंह, प्रभाकर सिंह ने भी सहयोग किया।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर स्मृति ने कसा तंज

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अमेठी के गांधी चौक पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया एवं राहुल वापस जाओ के नारे लगाए। भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी जय सियाराम का नारा लगाया। केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने एक जगह जन संकल्प विकास यात्रा के दौरान भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग अमेठी को सत्ता का केंद्र मानते थे, जब वे गाजे-बाजे के साथ आए तो अमेठी के लोग उनके स्वागत के लिए नहीं पहुंचे और उन्हें प्रतापगढ़, सुल्तानपुर से लोग लाने पड़े...? लोग यह नहीं भूले है कि इसी व्यक्ति ने वायनाड़ में उत्तर भारत और विशेषकर अमेठी के बारे में कहा था कि यहां के लोगों की समझ ठीक नहीं है, तब से लेकर अब तक लोग आक्रोशित हैं। स्मृति ईरानी ने कहा कि अब माहौल ऐसा है कि रायबरेली की सीट भी परिवार ने छोड़ दी।

# रायबरेली व अमेठी की उपेक्षा कर रही सरकारः खड़गे

**अमेठी, अमृत विचार।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभा में कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकारें रायबरेली और अमेठी की उपेक्षा कर रही है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस सरकार में हजारों करोड़ों की योजनाएं यहां पर आईं, लेकिन ज्यादातर योजनाएं अटकी रहीं। मैं पूछता हूं कि जो योजनाएं यूपीए की सरकार में लाई गई थीं वो आज क्यों बंद हैं ? क्योंकि वे (भाजपा) रायबरेली और अमेठी में काम नहीं करना चाहते हैं। खड़गे ने इसके बाद कहा कि अमेठी की जनता सब देख रही है और मुझे विश्वास है कि आने वाले 2024 में जनता इन्हें जवाब देगी। कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि वो 400 से ज्यादा सीटों के सपने देख रहे हैं, लेकिन जहां तक मुझे समझ आ रहा है उनकी सीटें 100 पार भी चली जाएं तो उन्हें खुश होना चाहिए।



बाबूगंज निकट टोल प्लाजा के पास आयोजित जनसभा को संबोधित करते मल्लिकार्जुन खड़गे। अमृत विचार

## स्मृति जन संवाद विकास यात्रा तो राहुल ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से भरी हुंकार

**अमेठी।** तय कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर राहुल गांधी अमेठी पहुंचे। वहीं स्मृति ईरानी भी जिले में कई जगह जन संवाद विकास यात्रा के माध्यम ने हुंकार भरी। दोनो नेताओं को जनता के बीच में अग्नि परीक्षा से गुजरना पड़ा। अपनी मजबूती का दावा दोनो दिग्गज नेताओं का जनता के बीच सीधा संदेश दिया। पहले से निर्धारित भारत जोड़ो न्याय यात्रा अमेठी सोमवार को पहुंची। यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने दिन रात कड़ी मेहनत की थी। यात्रा में शामिल होने और भीड़ जुटाने के लिए कांग्रेस डोर टू डोर कैम्पेन भी किया था। दोनों दिग्गज नेताओं को एक ही दिन में जिले के अलग-अलग क्षेत्र में रहने से राजनीतिक चर्चाएं तेज रही। लोक सभा चुनाव से ठीक पहले स्मृति ईरानी और राहुल गांधी अपनी मजबूती दिखाने के लिए सीधे जनता के बीच अग्नि परीक्षा से गुजरना पड़ा। दोनों नेताओं के कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए स्थानीय नेता और कार्यकर्ता दिन रात लगे हुए थे। स्मृति जुबिन ईरानी सोमवार को संग्रामपुर ब्लाक में एक व भादर ब्लाक में 8 जगह जन संवाद विकास यात्रा में संबोधन के साथ सरकार की योजनाओं को गिनाने के साथ उससे लाभान्वित होने के लिए प्रेरित कर आये हुए फरियादियों को उनकी मांग के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन पत्र लेने व उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

# राहुल ने कार्यकर्ताओं से रात्रि विश्राम में किया संवाद

**फुरसतगंज।** सोमवार शाम भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जन सभा स्थल बाबूगंज से निकलने के बाद राहुल गांधी का स्वागत गांधीनगर चौराहे पर अनुराग सिंह, राघवेंद्र सिंह, मो. असलम ने किया। इससे बाद राहुल गांधी का काफिला जायस जगदीशपुर तिराहे पर पहुंचा, यहां पर नगर पालिका अध्यक्ष मनीषा सिंह चौहान ने स्वागत किया। उसके बाद बस स्टॉप चौराहे पर अधिवक्ता इशरत हुसैन ने अपने सहयोगियों के साथ स्वागत किया। नौगजी चौराहे पर सकील इदरीशी और वहाबगंज में लल्ला किंग ने स्वागत किया। राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान पर मौजूद सुनीता सिंह ने स्वागत किया। उसके बाद ओदारी चौराहे पर मोहम्मद रऊफ ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। देर शाम 6 बजकर 40 मिनट पर राहुल गांधी अकेलवा स्थित मलिक मोहम्मद जायसी खेल कूद मैदान में बने विश्राम कक्ष प्रांगण में प्रवेश किये। रात में वह कार्यकर्ताओं से संवाद किया। देर रात तक राहुल गांधी से मुलाकात करने का सिलसिला जारी था।

# विभिन्न एजेंसियों के कुल 85 क्रय केंद्रों पर होगी गेहूं की खरीद : डीएम

**अमेठी, अमृत विचार।** डीएम निशा अनंत ने बताया कि शासनानुसार निर्दिष्ट व्यवस्था एवं आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग, उ.प्र. द्वारा दिये गये क्रय केन्द्रों के लक्ष्य के सापेक्ष रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के तहत जनपद में गेहूं खरीद के लिए विभिन्न क्रय एजेन्सियों के कुल 85 गेहूं क्रय केन्द्रों को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने बताया कि जनपद के तहसील गौरीगंज के तहत 17 क्रय केन्द्रों में गौरीगंज के 5 ब्लॉकों में गौरीगंज प्रथम, गौरीगंज द्वितीय, बाहापुर विपणन शाखा एवं पी.सी.यू. केन्द्र, बी.पैक्स दरपीपुर, शाहगढ़ ब्लॉक में 2 पी.सी.यू. केन्द्र, बी. पैक्स चन्दौकी एवं बी. पैक्स पनियार तथा 10 जामों ब्लॉक में जामों प्रथम, जामों द्वितीय, हरदो, दक्खिनवारा विपणन शाखा, बी. पैक्स सिरखिरी व बी. पैक्स रामबक्सगढ़, पी.सी.एफ. केन्द्र, बी. पैक्स रेशी यू.पी.एस.एस. केन्द्र, बी. पैक्स कटारी पी.सी.यू. केन्द्र एवं पी.ई.जी. जामों प्रथम व पी.ई.जी. जामों द्वितीय भा.खा.नि. क्रय केन्द्र को स्वीकृति तथा तहसील अमेठी के तहत 16 क्रय केन्द्रों में अमेठी के 6 ब्लॉकों में अमेठी प्रथम व अमेठी द्वितीय विपणन शाखा, बी.पैक्स गड़ेरी, बी? लैम्प्स महराजपुर, बी. पैक्स रामदयपुर व बी. पैक्स कोरारी गिरधरशाह पी.सी.यू. केन्द्र, भादर के 6 ब्लॉकों में रामगंज विपणन शाखा, बी. पैक्स खरगपुर, बी. पैक्स रामगंज, बी. पैक्स ढेमा व बी. पैक्स भादर पी.सी.एफ. केन्द्र एवं बी. पैक्स भदॉव यू.पी.एस.एस. केन्द्र, भेटुआ के 2 ब्लॉक बी. पैक्स भीमी पश्चिम पी.सी.एफ. केन्द्र व बी. पैक्स गैरिकपुर यू.पी.एस.एस. केन्द्र एवं संग्रामपुर के 2 ब्लॉक बी. पैक्स गोरखापुर व बी. पैक्स मिश्रौली पी.सी.एफ. केन्द्र को स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसी प्रकार तहसील मुसाफिरखाना के तहत 26 क्रय केन्द्रों में मुसाफिरखाना के 5 ब्लॉकों में मुसाफिरखाना विपणन शाखा, बी. पैक्स दादरा, बी. पैक्स पिंडारा करनाई, बी. पैक्स मुसाफिरखाना व बी. पैक्स नेवादा पी.सी.एफ. केन्द्र, जगदीशपुर के 13 ब्लॉकों में जगदीशपुर, जाफरगंज मण्डी प्रथम व जाफरगंज मण्डी द्वितीय विपणन शाखा, बी. पैक्स सिन्दुरवा व बी. पैक्स हारीमऊ पी.सी.एफ. केन्द्र, बी. पैक्स रस्तामऊ यू.पी. एस.एस. केन्द्र, बी. पैक्स देवकाली, बी. पैक्स मंगौली, बी. पैक्स टाण्डा व बी. लैम्प्स थौरी पी.सी.यू. केन्द्र एवं मण्डी जाफरगंज प्रथम व मण्डी जाफरगंज द्वितीय भा.खा.नि. केन्द्र एवं मण्डी समिति जाफरगंज मण्डी क्रय केन्द्र आदि को स्वीकृति प्रदान की गयी है।

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी** — विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किया गया डेमो चेक व टूलकिट

# केंद्रीय मंत्री व सांसद ने फीता काटकर कार्यक्रम का किया उद्घाटन


लाभार्थी को प्रमाण पत्र देतीं केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** सोमवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के प्रांगण में जनपद स्तर पर प्राप्त निवेशों की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @4.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, सांसद अमेठी स्मृति जुबिन इरानी ने फीता काटकर किया, तदोपरांत विभिन्न विभागों यथा उद्योग, दुग्ध, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वयं सहायता समूह, बैंक, स्वास्थ्य आदि विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @4.0 का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बटन दबाकर किया गया। जिसका सजीव प्रसारण डीपीआरसी गौरीगंज में किया गया। जिसे केंद्रीय मंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, डीएम निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित उद्यमियों ने देखा एवं सुना। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केवल अमेठी में 6523 करोड़ के 162 प्रोजेक्ट पर निवेश हुआ है। कोको कोला का प्लांट अमेठी में स्थापित है जो कि एशिया का सबसे बड़ा प्लांट है। अमेठी में विगत 10 वर्षों में 2000 करोड़ से ज्यादा का निवेश लघु उद्योगों में हो पाया है। स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत विगत दो वर्षों में 8 हजार लखपति दीदी बनी है। अमेठी में राइफल फैक्ट्री को मिलाकर 11000 करोड़ का निवेश हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत 10 लाभार्थियों क्रमशः वंदना, कुसुम, मनीषा, अंजलि पाल, ममता, अर्चना, कविता, सुमन पाल, मुस्कान सिंह व कंचन देवी को सिलाई मशीन तथा प्रमाण पत्र वितरित किया तथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत एक लाभार्थी गोपाल गुप्ता को रुपए 25 लाख का डेमो चेक वितरित किया।

## सार-संक्षेप

### परिषदीय स्कूलों में वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक अध्यापक बैठक

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** राज्य परियोजना निदेशक संयुक्त शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशानुसार तथा मुख्य विकास अधिकारी अमेठी सूरज पटेल के निर्देशन तथा खंड शिक्षा अधिकारी राम ललित के प्रयवेक्षण में विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय गुन्नौर उमा मिश्रपुर एवं प्राथमिक विद्यालय भागूपुर सहित विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक अध्यापक की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीबीटी निपुण भारत मिशन ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत मूलभूत अवस्थापना आउट ऑफ स्कूल बच्चे के लिए शारदा कार्यक्रम विद्यालय प्रबंध समिति विद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के प्रयासों को अभिभावकों तक पहुंचाने एवं जागरूक किया जाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता प्राथमिक विद्यालय गुन्नौर के वरिष्ठ सहायक अध्यापक हरि प्रसाद यादव एवं संचालन नोडल संकुल शिक्षक विवेक मिश्र ने किया। प्राथमिक विद्यालय भागूपुर के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार विश्वकर्मा ने परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं डीबीटी शारदा कार्यक्रम आदि के बारे में अभिभावकों को विस्तार से जानकारी दी। उक्त मौके पर विद्यालय के समस्त स्टाफ बच्चे और भारी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

### बस से उतरते समय फिसलकर गिरा बुजुर्ग

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** यात्रा के दौरान थोड़ी सी लापरवाही या चूक कभी कभी बड़ी परेशानी का सबब बन जाती है। ऐसा एक मामला ही मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के मुसाफिरखाना मुंशीगंज मार्ग पर प्रकाश में आया। यहां रोजबेज बस से उतरते समय एक वृद्ध अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। गिरने से वृद्ध व्यक्ति को गम्भीर चोटे आ गई। स्थानीय लोगों ने घायल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर क्षेत्र के पिछौरा निवासी पित्तरदीन पुत्र रामखेलावन रोडवेज बस से सुल्तानपुर जा रहे थे। मुसाफिरखाना मुंशीगंज मोड़ पर बस से उतरते समय अनियंत्रित होकर गिर पड़े। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### संस्कार ही सुंदर आचरणों की जननी है : देवी राज नंदिनी

**जगदीशपुर।** गर्भ से लेकर बच्चों को जन्म तक जो संस्कार दिए जाते हैं। ठीक उसी सांचे में बच्चे ढल जाते हैं। वास्तव में संस्कार ही सुंदर आचरणों की जननी है। उक्त बातें अयोध्या से पधारी कथा वाचिका देवी राज नंदिनी ने दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर कोठी में चल रही सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान कही। उन्होने भक्तो को अमृत रूपी कथा का रसपान कराते हुए आगे कहा कि भक्त प्रह्लाद को मां के गर्भ में ही ज्ञान प्राप्त हुआ था। इसलिए बच्चे के गर्भ से लेकर जन्म तक जो संस्कार माता पिता व संतो द्वारा दिए जाते हैं। राम कथा आयोजक अश्वनी कुमार पांडेय, बलराम कौशल, मान सिंह राठौर, हरी शंकर, राम कुमार, पवन कुमार, रमेश आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### डा. एसपी पटेल बनाए गए लोकसभा उम्मीदवार



**प्रतापगढ़ :** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव उम्मीदवार की दूसरी सूची सोमवार को जारी किया। सपा ने अब तक 27 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। सूची में पूर्व स्नातक एमएलसी डा. एसपी सिंह पटेल (शिवपाल सिंह पटेल) को सपा ने प्रतापगढ़ लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है।एक जनवरी 1956 को सदरपुर हरदोई में जन्में डा.एसपी सिंह पटेल ने वनस्पति विज्ञान से एमएससी और पीएचडी हैं। वह लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेज के मालिक हैं। जिसके छात्र-छात्राएं अपने देश ही नहीं विदेशों में सम्मानित पदों पर कार्यरत हैं। 1983 में स्थापित लखनऊ पब्लिक स्कूल की शाखा लखनऊ, माधवगंज, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर और नई दिल्ली में है।

### शास्त्री पुल से महिला ने लगाई छलांग

**प्रयागराज।** झूंसी की ओर से आने वाले मार्ग शास्त्री पुल पर पहुंची एक महिला ने अचानक गंगा में छलांग लगा दिया। जानकारी होने पर जल पुलिस और गोताखोरों ने उसे बाहर निकाल लिया। संहसो प्रयागराज की रहने वाली एक महिला सोमवार को किसी बात से नाराज होकर शास्त्री पुल पर पहुंची और गंगा में छलांग लगा दी। उसके कूदते ही पाल्टून नंबर दो के पास हड़कंप मच गया। जानकारी जल पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची जल पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसे तत्काल बाहर निकाल लिया। जल पुलिस प्रभारी जनार्दन प्रसाद साहनी ने बताया कि शास्त्री पुल के ऊपर सोमवार की शाम करीब 6:00 बजे एक महिला खड़ी होकर नदी की तरफ देख रही थी। वह अचानक पानी में छलांग लगा दी।

# आदिवासी व पिछड़ी जाति का हक मार रही सरकार : राहुल

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बोले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार:** प्रयागराज से होते हुए सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देल्हूपुर से प्रतापगढ़ सीमा में पहुंची। शहर से होते हुए जिले के रामपुरखास विधानसभा के लालगंज पहुंची। लालगंज में उन्होंने लोगों को सम्बोधित किया। राहुल गांधी ने मोदी सरकार की राष्ट्रीय नीतियों की कमियों को गिनाते हुए हमला बोला।

कहा कि देश में 50 फीसदी पिछड़ी जाति और 15 फीसदी दलित लोग रहते हैं। भारत में आदिवासियों की संख्या आठ प्रतिशत है। 73 प्रतिशत आबादी के हक के साथ नाइंसाफी हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि श्रीरामोत्सव में आदिवासी, दलित, पिछड़ों की भागीदारी में उपेक्षा की गई। कहा कि वहां एक भी किसान, गरीब नहीं दिखा। यह भी कहा कि भारत के प्रधानमंत्री धर्म, जाति के नाम पर देश को तोड़ रहे हैं जो पूरी तरह से सरासर गलत है। इसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। इसके खिलाफ हर जगह पुरजोर आवाज भी उठाई जाएगी। जनता से सीधा संवाद करते हुए कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को एक रखने के लिए निडर संघर्ष जारी रखूंगा। ईडी व अन्य एजेंसियों को सरकार की कठपुतली बताते हुए कहा कि हक और अधिकार की आवाज उठाने पर सरकार ईडी, सीबीआई, प्रवर्तन दल के द्वारा देश मे भय का माहौल बनाये हुए है। चंद पूंजीपतियों ने मीडिया सेक्टर के साथ अस्पताल, विश्वविद्यालय, स्कूल -कालेज में भी आर्थिक आय पर कब्जा कर लिया है। पीएम मोदी खुद को पिछड़ी जाति से जोड़ रहे हैं जबकि उनका जन्म सामान्य वर्ग में हुआ है। राहुल गांधी लालगंज में 40 मिनट रहे और खुली जीप में सवार होकर 32 मिनट सम्बोधित किया। उनके साथ कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी, राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, रामपुरखास विधायक आराधना मिश्रा मोना, विधायक वीरेंद्र चौधरी, पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत आदि मौजूद रहे।



लालगंज के इंदिरा चौक पर लोगों को संबोधित कांग्रेस सांसद राहुल गांधी।

### कसा तंज

- कहा कि श्रीरामोत्सव में आदिवासी, दलित, पिछड़ों की भागीदारी में की गई उपेक्षा
- कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को एक रखने के लिए निडर संघर्ष रखूंगा जारी

### मैं कांग्रेस भक्त हूं लेकिन वाराणसी के काशी मंदिर में मोबाइल पर पाबंदी

राहुल ने यात्रा के दौरान के प्रदेश में अनुभवों को साझा करते हुए कहा मैं वाराणसी में काशी मंदिर गया, मैं शिव को मानता हूं। लेकिन पुलिसवालों ने मोबाइल फोन रखवा लिए। वो नहीं चाहते कि राहुल की एक भी फोटो शिव मंदिर की दिखे। नेटवर्क डाउन कर दिया गया ताकि कोई वीडियो वायरल न हो सके। राहुल ने कहा ये मेरा भाषण मीडिया में नहीं दिखेगा। बीजेपी व आरएसएस देश में नफरत फैला रही है।

# यात्रा में सिर्फ अभिवादन, गढ़ में गरजे राहुल

## प्रतापगढ़ में 85 किलोमीटर रही राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा



प्रतापगढ़ में अभिवादन स्वीकारते राहुल।



बिल्ली को पुचकारते राहुल गांधी।





प्रेसवार्ता को संबोधित करते कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश। अमृत विचार

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रयागराज में एक दिन के प्रवास के बाद सोमवार की सुबह आठ बजे पहुंचने का समय निर्धारित था। लेकिन उनकी यात्रा दो घण्टे देरी से देरी से पहुंची। जनपद की सीमा में पहुंचते ही वहां पर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.लालजी त्रिपाठी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दानिश माबूद समेत कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

लाल रंग की खुली जीप में सवार कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का काफिला आगे बढ़ा। यात्रा विश्वनाथगंज, भुपियामऊ चौराहा होते हुए शहर के भगवा चुंगी पहुंची। यहां कांग्रेस पार्टी के सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डा.नीरज त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं के साथ राहुल गांधी का स्वागत किया। चौक घंटाघर में कांग्रेस पार्टी द्वारा ढोल की थाप पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद यात्रा जीआईसी गेट, पुलिस लाइन तिराहा होते हुए आंबेडकर चौराहा पहुंचेगी। यहां छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार राहुल गांधी के स्वागत में प्रस्तुति दे रहे थे, लेकिन यात्रा आगे बढ़कर सुखपाल नगर, मोहनगंज, सगरा सुंदरपुर होते हुए कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले रामपुर खास पहुंची। राहुल गांधी ने प्रतापगढ़ में 85 किलोमीटर की यात्रा की। खास बात यह रही कि अपने यात्रा में उन्होंने कांग्रेस पार्टी व कार्यकर्ताओं के द्वारा निश्चित स्थानों पर ही जीप में खड़े हो कर अभिवादन किया। कुछ लोगों ने इसे कांग्रेस पार्टी के जनाधार की स्थिति तो कुछ ने पार्टी की गुटबाजी बताया, हालांकि उनके साथ जीप में सवार कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी, इमरान प्रतापगढ़ी, कांग्रेस की नेता विधानमंडल दल व रामपुर खास विधायक आराधना मिश्रा मोना जीप में खड़े होकर लोगों का अभिवादन स्वीकारते हुए आगे बढ़ रहे थे।

### जनता के मूल अधिकारों की मजबूत आवाज बनेगा राहुल का संघर्ष : जयराम रमेश

**लालगंज, प्रतापगढ :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अंतर्गत सांगीपुर के गांधी इंटर कालेज में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी का संघर्ष जनता के मौलिक अधिकारों की मजबूत आवाज बनेगा। आगामी लोकसभा चुनाव में इण्डिया गंठबंधन के लिए यह सकारात्मक साबित होगी। राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि पूरे देश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के 3वेंवे दिन उत्तर प्रदेश में जिस तरह से राहुल गांधी के संघर्षो को जनता का समर्थन मिल रहा है, उससे यह तय है कि तानाशाही के जरिये सच्चाई को दबाया नही जा सकता है।

### समर्थक ने थमाई बिल्ली, राहुल ने पुचकारा

शहर के निर्मल तिराहे पर स्टेशन रोड निवासी राहुल गांधी समर्थक अख्तर अपनी पालतू बिल्ली के साथ पहुंचे। तिराहे पर राहुल का काफिला करीब पहुंचने पर जिंदाबाद के नारे लगाते हुए कांग्रेस का झंडा लहराया। बिल्ली के साथ उत्साहित समर्थक को देख राहुल ने गाड़ी रोक दी। बिल्ली को चलती जीप पर रखकर पुचकारा। इस दौरान अख्तर भी राहुल की जीप में सवार रहे। अख्तर राहुल की इस अदा पर गदगद नजर आए। बोले राहुल गांधी ने उनके दिल को छू लिया।

### बुलडोजर जल्दी से रुकवा दो

राहुल गांधी की न्याय यात्रा भंगवा चुंगी पहुंचने से कुछ देर पहले एक जेसीबी जोगापुर की ओर जाने लगी। जिसे देख सीओ सिटी शिव नारायण ने नगर कोतवाल को फोन कर बुलडोजर को किनारे लगवाने की बात कही। जेसीबी रुकवाने के लिए पुलिसकर्मियों को दौड़ लगानी पड़ी।

### सुरक्षा के घेरे में रहा न्याय यात्रा रुट

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। प्रतापगढ़ में उनकी यात्रा का रूट पूरी तरह से पुलिस ल सुरक्षा घेरे में रहा। हाइवे, शहर के अलावा हर मोड़, गलियों, नुक्कड़, तिराहों, चौराहों पर भारी फोर्स तैनात रही। एसपी सतपाल अंतिल ने यात्रा से पहले रूट की सुरक्षा का जायजा लिया। डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल यात्रा के दौरान लालगंज में डटे रहे।

# जिला प्रशासन ने सेंट्रल जेल का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश



केंद्रीय कारागार का निरीक्षण करती जिला प्रशासन की टीम। अमृत विचार

**संवाददाता, नैनी:** सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से केंद्रीय कारागार नैनी का निरीक्षण किया गया। इससे जेलकर्मियों में हड़कंप मचा रहा। एडीएम सिटी मदन कुमार एवं डीसीपीयमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय पुलिस बल के साथ कारागार पहुंचे। फोर्स के साथ उनके पहुंचने पर जेलकर्मियों में खलबली मच गई। निरीक्षण के क्रम में टीम ने पाकशाला, अस्पताल, अन्न भंडार, उच्च सुरक्षा तथा विशेष सुरक्षा बैरकों का मुआयना किया तथा बंदियों से उनकी समस्याएं पूछीं। साथ ही जेल अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए।

## अनुपस्थित दो हेडमास्टर सस्पेंड

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** नियम के विरुद्ध कंपोजिट ग्रांट का उपभोग और एमडीएम का संचालन करने के आरोप में प्राथमिक विद्यालय पूरे राम दयाल ब्लॉक कालाकांकर के इंचार्ज प्रधानाध्यापक नरेंद्र कुमार निर्मल को बीएसए भूपेंद्र सिंह ने निलंबित कर दिया है। उन्होंने यह कार्रवाई बीईओ कुंडा और सांगीपुर की रिपोर्ट पर की है। वहीं दूसरी ओर प्राथमिक विद्यालय हुलास ब्लॉक बाबागंज के हेडमास्टर कृष्णानंद तिवारी को बिना सूचना के 5 फरवरी से स्कूल से अनुपस्थित रहने और अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में निलम्बित किया गया है। इसकी रिपोर्ट बीईओ ने बीएसए को दी थी।

# सॉल्वर गैंग का अगुवा बेसिक शिक्षक गिरफ्तार, मिले जाली दस्तावेज

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** बेल्हा में सक्रिय प्रतियोगी परीक्षाओं में पास कराने का ठेका लेने वाली साल्वर गैंग का पुलिस ने खुलासा किया है। गैंग संचालक को सोमवार को नगर कोतवाली की पुलिस ने पकड़ा तो वह परिषदीय विद्यालय का शिक्षक निकला। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। जानकारी पर बीएसए ने निलंबित भी कर दिया।

नगर कोतवाली पुलिस के निरीक्षक मनोज कुमार ने एक दरोगा और दो सिपाहियों के साथ चिलबिला रेलवे ओवरब्रिज के पास से प्रमोद कुमार यादव पुत्र छोटेलाल यादव निवासी ग्राम गजरिया, थाना पट्टी को हिरासत में लिया। पुलिस को तलाशी में उसके पास कूटरचित दस्तावेजों में आठ जाली आधार कार्ड, तीन पैन कार्ड, नौ प्रवेश पत्र, छह एटीएम कार्ड मिले।उस पर केस दर्ज किया गया। इस मामले में खास बात यह है कि प्रमोद व उसके पिता दोनों सुखऊ दुबौली प्राइमरी स्कूल पट्टी में ही तैनात हैं। दोनों के शैक्षिक अभिलेखों पर संदेह होने पर उच्च स्तर पर कुछ साल पहले शिकायत भी की गई थी, लेकिन उसमें कार्रवाई नहीं हुई। नगर कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि पूछताछ में प्रमोद ने बताया है कि वह उसके छह-सात साथी एक गैंग बनाकर प्रतियोगी परीक्षा में पास कराने के नाम पर अभ्यर्थी को नकल कराने तथा उनको झांसा देकर पैसे ऐंठने का ठेका लेते हैं।

### दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी को लोगों ने पीटा

**नैनी, प्रयागराज :** घूरपुर थाना क्षेत्र के बोंगी गांव में दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी को लोगों ने जमकर पीट दिया। इससे वह मरणासन्न हो गया। बाद में पुलिस ने इलाज के लिए भर्ती कराया। बताया जाता है कि एक महिला खेत में गई थी। अकेला पाकर गांव का एक युवक उसे जबरदस्ती खींच लिया। महिला ने जब शोर मचाया तो लोग दौड़े। आरोपी भागने लगा तो लोगों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। इसके बाद उसकी जमकर धुनाई कर दी गई। जब वह मरणासन्न हो गया तो लोग उसे छोड़कर चले गए।

# टोल प्लाजा पर कर्मचारियों की दबंगई, पीटा

**नैनी, अमृत विचार:** यमुना नगर के बारा थानांतर्गत गन्ने टोल प्लाजा पर सोमवार को दबंगई देखी गई। रुपये के लेन-देन को लेकर कर्मचारियों और वाहन चालक से हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। टोल प्लाजा कर्मचारियों ने वाहन सवार लोगों को लाठी-डंडा से दौड़ा-दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया। सूचना पर कई थाने की पहुंची पुलिस ने किसी प्रकार मामले को शांत कराया। वहीं घटना के दौरान का एक वीडियो और फोटो भी वायरल है, जिसमें एक महिला कर्मचारी हाथ में डंडा लेकर दौड़ते हुए वार कर रही है। भुक्तभोगी की तहरीर पर टोल कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

बताया जाता है कि एक वाहन पर क्षेत्र के कुछ लोग जारी की ओर जा रहे थे। टोल प्लाजा पर उन्हें रोक लिया गया। रुपये के लेन-देन को लेकर उनका विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान टोल प्लाजा कर्मचारियों ने वाहन सवार लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। सूचना पाकर कई थाना की फोर्स भी पहुंच गई। वहीं घटना की एक वीडियो भी खूब वायल हो रही है जिसमे एक महिला डंडा लेकर दौड़ा रही है। इस संबंध में पुलिस ने तीन नामजद समेत लगभग डेढ़ दर्जन लोगों पर केस दर्ज किया है। मामले में दो तीन को पकड़ा भी गया है। एसीपी बारा ने बताया कि टोल को लेकर विवाद हुआ था। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में सब दिख जाएगा।



रुपये के लेन-देन को लेकर कर्मचारियों और वाहन चालकों में हुई मारपीट।

### रामतीर्थ भक्तमाल शिविर में फटा सिलेंडर, लगी आग

**प्रयागराज, अमृत विचार :** माघ मेला मे सोमवार को सतुआ बाबा शिविर के सामने खाक चौक मे राम तीर्थ भक्त माल के शिविर में अचानक एक के बाद एक दो सिलेंडर फटने से हड़कंप मच गया। शिविर में अफरा तफरी का माहौल मच गया। घटना से पूरे शिविर में आग फैल गयी। शिविर में लगी आग से कई पंडाल जल कर राख हो गये। पंडाल में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने पहुंची तब तक काफी नुकसान हो चुका था। फ़ायर स्टेशन की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर आग को बुझा दिया। आग लगने से काफी नुकसान बताया जा रहा है।

## वर्ग पहेली-348

**बाएं से दाएं**

1. पापों का नाश करने वाला।
4. फाड़ना, विदीर्ण करना, नष्ट-भ्रष्ट करना।
6. 1. एकाधिक व्यक्तियों का साथ चलना 2. साथ, संग, सोहबत 3. विभिन्न व्यक्तियों के विचारों में बिसराना, भुलाना, भुला देना, विस्मृत करना।
7. 1. कठोर आवरण वाले और बहुत खट्टे फलों का एक वृक्ष, कैथ 2. उक्त वृक्ष का फल, कपित्य।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पाप से मुक्त होने की क्रिया या भाव 2. पाप निवारण 2. पाप निवारण करने का स्थान, तीर्थस्थान।
2. शव को जलाने हेतु निर्मित गृह, श्मशान।
3. पुरानी दीवारों या खारवाली ज़मीन में ऊपर से निकल आने वाला क्षार अथवा नमक।
5. दे. तीर्थ।



### वर्ग पहेली - 347 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कँ | ग | ला | ■ | 2 अ | ■ |
| टि | ■ | ■ | ■ | व | ■ |
| या | ■ | 3 की | ■ | स | ■ |
| ■ | 4 फ | ट | का | र | ना |
| ■ | ■ | ना | ■ | वा | ■ |
| 5 सु | दे | श | ■ | दि | ■ |
| धि | ■ | 6 क | र | ता | ल |

## सुडोकू -65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | | | | 8 | | 2 |
| | | 6 | | | 4 | | | |
| | 8 | | | | | 7 | 6 | |
| | 4 | | 1 | | 5 | | | 8 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 8 | | | 6 | | 2 | | 4 | |
| | 6 | 8 | | | | | 9 | 3 |
| | | | 7 | | | 2 | | |
| 2 | | 9 | | | | | 7 | 5 |

### सुडोकू - 64 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 09 .55 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-आर्द्रा 12 .13 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष:** आज सामाजिक संस्थाओं द्वारा आपकी प्रशंसा हो सकती है। किसी बुरी आदत को छोड़ने के लिए प्रेरित होंगे। आप अनेक लोगों की करियर में सहायता करने का प्रयास करेंगे। कार्य के विस्तार की रणनीति सफल रहेगी।

**वृष:** आज स्वयं को भ्रमित होने से बचाएं। व्यर्थ की बातों को करने से बचें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। परिवार के लोग आपकी किसी बात से नाराज हो सकते हैं। लिहाज से दिन शुभ रहेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन:** आज परिवार का माहौल अच्छा रहने वाला है। किसी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। अवसरों का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। नौकरी में आपको उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**कर्क:** आज धन की कमी के कारण कुछ चलते हुए कार्यों में गतिरोध उत्पन्न हो सकता है। परिवार का सहयोग नहीं मिलेगा। अपने काम पर फोकस नहीं कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है।

**सिंह:** आज अपनी सकारात्मक सोच से परिस्थितियों का सही लाभ उठा पायेंगे। मित्रों से सही सलाह मिलेगी। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। व्यापार में तरक्की होने के योग बन रहे हैं। कोई अच्छा समाचार मिलेगा।

**कन्या:** आज लव लाइफ काफी अच्छी रहेगी। कार्य की व्यस्तता के बीच स्वजनों के लिए समय अवश्य निकालें। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। अचानक धन लाभ मिलने की संभावना बन रही है। कई तरह की परेशानियों का अंत होगा।

**तुला:** आज जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। आवेश में आकर कोई निर्णय न लें। कार्यक्षेत्र में परेशानियां बढ़ सकती हैं। आध्यात्मिक अभिरुचियों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** आज किसी अनजानी गलती के कारण आप आत्मग्लानि से पीड़ित हो सकते हैं। जिद्दी रवैये से आपको ही नुकसान झेलना पड़ेगा। दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आपके स्वास्थ्य सुख में बाधा आ सकती है।

**धनु:** आज नया निवेश करने के लिए समय अनुकूल है। आय बढ़ने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। व्यापार में धन की कमी दूर होगी। कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

**मकर:** आज कर्मचारियों का व्यवहार चिन्तित कर सकता है। परिजनों के व्यवहार से मन प्रसन्न रहेगा। अनजाने में हुई गलती परेशानी खड़ी कर सकती है। व्यवसाय में जोखिम लेने के लिए दिन उचित नहीं है। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

**कुंभ:** आज अपनी प्रतिभा और योग्यता पर संदेह न करें। कला और साहित्य आदि में विशेष रुचि लेंगे। धैर्य और संयम से कार्य करें। किसी निकटस्थ व्यक्ति के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मीन:** आज विवादास्पद मामलों से दूर रहने में ही उत्तम है। किसी को धन उधार न दें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपके आसपास कई तरह की चीजें बदल रही हैं जिसके कारण उचित निर्णय लेने में कठिनाई होगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- होते होते प्यार हो गया — सुबह : 10 .00
- कर्तव्य — रात : 07 .00

**Sony Pix**
- एनाकोंडा — सुबह : 10 .17
- मॉन्स्टर हंटर — रात : 09 .00

**Sony Max**
- कोई जाने ना — सुबह : 09 .00
- नहले पे दहला — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
- बादल — सुबह : 10 .30
- लव शुदा — रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
- तो बात पक्की — सुबह : 11 .04
- हीरोज — रात : 09 .48

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर सुबह-10 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# पुरानी कर मांगों को वापस लेने के मामले में प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा तय

### सरकार के अंतरिम बजट में की गई घोषणा के तहत आयकर विभाग ने किया निर्धारित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आयकर विभाग ने छोटी कर मांगों को वापस लेने को लेकर बजट में की गई घोषणा के तहत प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा निर्धारित की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के लिए अपने अंतरिम बजट भाषण में आकलन वर्ष 2010-11 तक 25,000 रुपये और आकलन वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक 10,000 रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने की घोषणा की। इसमें शामिल कुल कर मांग करीब 3,500 करोड़ रुपये है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 2024-25 के अंतरिम बजट में की गई घोषणा को अमल में लाने के लिए यह आदेश जारी किया। सीबीडीटी ने आदेश में कहा है कि 31 जनवरी, 2024 तक आयकर, संपत्ति कर और उपहार कर से संबंधित ऐसी बकाया कर मांगों को माफ करने को लेकर प्रति करदाता के लिए एक लाख रुपये की अधिकतम सीमा तय की गयी है। एक लाख रुपये की सीमा में कर मांग की मूल राशि, ब्याज, जुर्माना या शुल्क, उपकर, अधिभार शामिल है। हालांकि, आयकर अधिनियम के टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) या टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) प्रावधानों के तहत कर कटौती करने वालों कर संग्राहकों के खिलाफ की गयी मांगों पर यह छूट लागू नहीं होगी। नांगिया एंडरसन इंडिया के भागीदार मनीष बावा ने कहा कि निर्देश यह स्पष्ट करता है कि यह छूट करदाताओं को 'क्रेडिट' या 'रिफंड' के किसी भी दावे का अधिकार नहीं देता है।

### नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद: पीयूष गोयल



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भरोसा जताया कि मुद्रास्फीति के काबू में आने के साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नीतिगत दर में कटौती करेगा। नीतिगत दर रेपो फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। आरबीआई महंगाई को काबू में लाने के लिए रेपो दर का उपयोग करता है। गोयल ने कहा कि देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत है और महंगाई नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि भारत में 10 साल की औसत महंगाई दर करीब 5 से 5.5 प्रतिशत रही है। यह सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला दशक था और इसके कारण, ब्याज दर में उल्लेखनीय रूप से कमी आई और केंद्रीय बैंक मजबूत हुआ तथा अब वह ब्याज दर को नीचे लाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा- बेशक पिछले डेढ़ साल में, यूक्रेन-संकट के बाद, ब्याज दर में फिर से 2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन अब जब मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रण में है, मुझे उम्मीद है कि ब्याज दर की स्थिति पलटेगी।

### राजाध्यक्ष ने 16वें वित्त आयोग की सदस्यता पर असमर्थता जताई

**नई दिल्ली।** सोलहवें वित्त आयोग का सदस्य बनाए गए 'अर्थ ग्लोबल' के कार्यकारी निदेशक निरंजन राजाध्यक्ष ने निजी कारणों से इसके लिए असमर्थता जताई है। मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने 31 जनवरी को 16वें वित्त आयोग के गठन की अधिसूचना जारी करते हुए अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में आयोग के चार सदस्यों की नियुक्ति की थी। इसमें राजाध्यक्ष के अलावा पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा और सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू को आयोग के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया था। वहीं एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष को अंशकालिक सदस्य नामित किया गया। मंत्रालय ने कहा-राजाध्यक्ष ने अप्रत्याशित व्यक्तिगत परिस्थितियों की वजह से यह जिम्मेदारी संभालने में असमर्थता जताई है।

## अब एआई-जनित गलत सूचना से निपटना हो जाएगा आसान

- मार्च तक जनता के लिए शुरू होगी हेल्पलाइन
- डीपफेक से बचाने के लिए एमसीए, मेटा ने की साझेदारी



**नई दिल्ली, एजेंसी**

मिसइनफॉर्मेशन कॉम्बैट अलायंस (एमसीए) और मेटा ने व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इसका मकसद डीपफेक और एआई-जनित भ्रामक सामग्रियों से निपटना है। यह सेवा मार्च, 2024 में जनता के लिए उपलब्ध होगी। डीपफेक पर नकेल कसने का संकल्प ऐसे समय में आया है जब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र आम चुनाव की तैयारी कर रहा है। इस साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने हैं।

एक बयान के अनुसार, ''एमसीए और मेटा कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करके बनाई गई सामग्री से निपटने के प्रयास के तहत व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन शुरू करने पर काम कर रहे हैं। कृत्रिम मेधा (एआई) से बनी सामग्री सार्वजनिक हित के मामलों में लोगों को धोखा दे सकती है। ऐसी सामग्री को आमतौर पर डीपफेक कहा जाता है। इस सेवा का मकसद लोगों को सत्यापित और विश्वसनीय जानकारी से जुड़ने में सहायता करना है।'' बयान के मुताबिक, यह सेवा मार्च, 2024 से उपलब्ध होगी। एमसीए व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाले सभी 'इनबाउंड' संदेशों को प्रबंधित करने के लिए एक 'डीपफेक विश्लेषण इकाई' स्थापित करेगा।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,500-47,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,300 |
| चांदी तैयार | 73,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 724 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,100। |

## बुजुर्गों के लिए अनिवार्य बचत आवास योजनाओं की जरूरत

- नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट की वकालत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीति आयोग ने बुजुर्गों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कर सुधारों, अनिवार्य बचत और आवास योजनाओं की वकालत की है। आयोग के मुताबिक, 2050 तक देश की आबादी में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 19.5 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल विकसित किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया- चूंकि भारत में सामाजिक सुरक्षा ढांचा सीमित है, इसलिए अधिकांश वरिष्ठ नागरिक अपनी बचत से मिलने वाली आय पर निर्भर रहते हैं। ब्याज दरों में कमी होने की स्थिति में उनकी आय में कमी आती है। कभी-कभी यह आजीविका से भी कम हो जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसलिए वरिष्ठ नागरिक जमा पर मिलने वाले ब्याज के लिए एक न्यूनतम दर तय करने को नियामकीय व्यवस्था की जरूरत है। नीति आयोगी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में इस समय बुजुर्गों की आबादी कुल जनसंख्या का 10 प्रतिशत से कुछ अधिक है।

### चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष में 2.48 प्रतिशत घट गया

**नई दिल्ली।** देश का चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 फरवरी तक 2.48 प्रतिशत घटकर 2.236 करोड़ टन रह गया। एक साल पहले समान अवधि में यह 2.293 करोड़ टन था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। उद्योग संगठन भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर 3.305 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष में 3.662 करोड़ टन था। इस्मा के अनुसार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और तमिलनाडु में चीनी उत्पादन कम रहा।

## हैकिंग अलर्ट पर एप्पल का जवाब साफ नहीं

- प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर बोले-कंपनी से पूछे गए थे सवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को आईफोन विनिर्माता एप्पल की तरफ से पांच महीने पहले भेजे गए हैकिंग संबंधी अलर्ट पर अभी भी कंपनी की तरफ से स्पष्ट जवाब का इंतजार कर रही है। एप्पल ने इस संदेश में विपक्षी नेताओं को आगाह किया था कि कथित तौर पर सरकार-समर्थित हैकर उनके फोन की हैकिंग के प्रयास कर रहे हैं। इस पर सरकार की तरफ से एप्पल से कुछ स्पष्टीकरण मांगा गया था।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार ने एप्पल से दो सवाल पूछे हैं। पहला सवाल उनके उपकरणों के सुरक्षित होने से संबंधित है जबकि दूसरा सवाल विपक्षी सदस्यों को अलर्ट भेजने की वजह से जुड़ा है। चंद्रशेखर ने कहा, "मेरी राय में यह ऐसी बात नहीं है जिसे कोई भी मंच कमजोरियां होने पर भी पूरी तरह से स्वीकार करेगा। किसी भी मंच में इस बात से इनकार करने की प्रवृत्ति होती है कि उनके सुरक्षा कवच को भेदा जा सकता है। चंद्रशेखर ने कहा-हम कंपनी से एक स्पष्ट सवाल पूछ रहे हैं कि क्या आपका फोन असुरक्षित है? इसका जवाब पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। अक्टूबर में विपक्षी दलों के कई नेताओं ने दावा किया था कि उन्हें एप्पल से एक अलर्ट मिला है जिसमें राज्य-प्रायोजित हमलावरों द्वारा उनके आईफोन को दूर से ही नियंत्रित करने की कोशिश और सरकार की तरफ से कथित हैकिंग की चेतावनी दी गई। अलर्ट पाने वाले नेताओं में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, शशि थरूर, पवन खेड़ा, के सी वेणुगोपाल, सुप्रिया श्रीनेत आदि शामिल हैं।



# आवाज दबा रही सरकार, राष्ट्रपति शासन लागू हो

### संदेशखालि में महिलाओं की आपबीती सुनकर एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने की मांग

**कोलकाता, एजेंसी**



राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर संदेशखालि में महिलाओं की आवाज को दबाने का आरोप लगाते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। वहीं, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आरोप लगाया कि आयोग ''भाजपा के प्रभाव'' में काम कर रहा है। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा कथित अत्याचार को लेकर विरोध-प्रदर्शन हुए थे।

शर्मा ने फोन पर बताया-इलाके की महिलाओं से बात करने के बाद, मुझे पता चला कि संदेशखालि में स्थिति भयानक है। कई महिलाओं ने अपनी आपबीती सुनाई। उनमें से एक ने कहा कि यहां टीएमसी पार्टी कार्यालय के अंदर उसके साथ बलात्कार किया गया था। हम अपनी रिपोर्ट में इसका भी उल्लेख करेंगे। हमारी मांग है कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। भाजपा के प्रभाव में काम करने के टीएमसी के आरोपों से जुड़े सवाल पर शर्मा ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। शर्मा ने कहा-उन्हें जो कहना है उन्हें कहने दीजिए, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष रेखा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिन में हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा किया। रेखा ने कहा कि उनका दौरा हिंसा प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं में आत्मविश्वास जगाने के लिए था, ताकि उनमें से कई महिलाएं बाहर आएं और अपने मन की बात कहना शुरू करें। रेखा शर्मा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार महिलाओं की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है, ताकि सच बाहर न आ सके।

### जांच संबंधी याचिका पर सुनवाई से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल के संदेशखालि गांव में हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले ही मामले पर संज्ञान ले लिया है। पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता देते हुए कहा-दोहरे मंच पर मामले नहीं होने चाहिए। सुनवाई शुरू होते ही याचिकाकर्ता-वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि परेशान करने वाली घटनाएं सामने आई हैं, जहां कई महिलाओं ने दावा किया है कि उनके साथ बलात्कार हुआ है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने भी कथित घटनाओं का संज्ञान लिया है।

### राजस्थान में कांग्रेस विधायक मालवीया भाजपा में शामिल

**जयपुर।** राजस्थान में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं चार बार के विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीया सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। बाद में उन्होंने विधानसभा सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने कहा कि वह विकास के मुद्दे को लेकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं और अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। इस बीच, कांग्रेस ने कहा है कि मालवीया के जाने से उसे कोई नुकसान नहीं होगा तथा इलाके में नया नेतृत्व तैयार होने से वह और मजबूत होगी। कांग्रेस ने यह भी कहा कि मालवीया के खिलाफ विधानसभा चुनाव में इलाके में पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के खिलाफ काम करने की शिकायतें थीं।



मराठा समुदाय के लोगों ने हैदराबाद के पुराने शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के जश्न में शिवाजी की वेशभूषा में हिस्सा लिया। शिवाजी की जयंती का जश्न लोगों ने बढ़-चढ़कर मनाया। ● एजेंसी

### एक नजर

#### पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल घायल

**पणजी।** दक्षिण गोवा के एक गांव में सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण के बाद पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल देसाई घायल हो गए। कुछ लोगों द्वारा मराठा सम्राट की मूर्ति स्थापित करने के बाद रविवार को मडगांव शहर के पास साओ जोस डी एरियाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मूर्ति स्थापित करने पर एक अन्य समूह ने आपत्ति जताई थी। आज मराठा सम्राट की 394वीं जयंती है और इसे मनाने के लिए राज्य भर में कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। पथराव दोपहर में तब हुआ जब मंत्री प्रतिमा का अनावरण करने के बाद अपनी कार में बैठ रहे थे।

#### परेशान व्यक्ति ने खुद को लगाई आग

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सोमवार को मानसिक रूप से अस्वस्थ एक 35 वर्षीय व्यक्ति ने एक व्यस्त सड़क पर खुद को आग लगा ली। अधिकारियों ने कहा कि यह हादसा आज सुबह पंचवटी नगर चौराहे पर हुआ। लक्ष्मी नगर निवासी प्रवीन इंगले ने पेट्रोल छिड़क कर खुद को आग के हवाले कर दिया।

## कमलनाथ कहीं नहीं जा रहे, नकुल कांग्रेस के टिकट पर लड़ेंगे चुनाव

- पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी सज्जन वर्मा ने अटकलों को किया खारिज



**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कमलनाथ के पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि वह कहीं नहीं जा रहे तथा उनके पुत्र नकुल नाथ कांग्रेस के टिकट पर ही चुनाव लड़ेंगे। कमलनाथ के दिल्ली स्थित आवास पर उनसे मुलाकात के बाद वर्मा ने यह टिप्पणी की।

वर्मा के मुताबिक, उनकी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के साथ विस्तृत चर्चा हुई और कमलनाथ ने उन्हें बताया कि वह राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की मध्य प्रदेश में सफलता सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही भोपाल में एक बैठक करेंगे। यह यात्रा मार्च महीने की शुरुआत में मध्य प्रदेश में दाखिल होगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा-उन्होंने (कमलनाथ) मुझसे कहा कि मैं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रभारियों को बुलाऊंगा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करूंगा। मैंने उनके बारे में मीडिया की अटकलों के बारे में पूछा जिस पर उन्होंने कहा कि मैं क्यों एक काल्पनिक प्रश्न का उत्तर दूं।

वर्मा के मुताबिक कमलनाथ ने उनसे कहा-मुझे नहीं लगता कि मुझे ऐसे काल्पनिक सवालों का जवाब देने की जरूरत है। मैंने किसी भी मीडियाकर्मी को यह नहीं बताया कि मैं (कांग्रेस) छोड़ रहा हूं या भाजपा के साथ समझौता कर रहा हूं...मुझे काल्पनिक प्रश्न का उत्तर क्यों देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमलनाथ के कांग्रेस छोड़ने का सवाल ही नहीं उठता और वह कहीं नहीं जा रहे। वर्मा ने कहा कि यह सोचना ही व्यर्थ है कि जिस व्यक्ति ने इंदिरा जी, राजीव जी और संजय जी के साथ काम किया है, जिन्हें इंदिरा (गांधी) का तीसरा बेटा कहा जाता है, वह पार्टी छोड़ देंगे। जिस व्यक्ति ने कांग्रेस में 40 साल बिताए हैं, वह कहीं भी कैसे जा सकते हैं?

## केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने पर चर्चा के लिए सहमत

**एचपीसी की बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने दी जानकारी**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करने और काफी ऊंचाई पर स्थित इस केंद्रशासित प्रदेश के लिए एक विशेष लोक सेवा आयोग गठित करने की मांगों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया।

लद्दाख के विभिन्न संगठनों का प्रतिननिधित्व कर रहे शीर्ष निकाय लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की अध्यक्षता में लद्दाख के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक में यह सहमति बनी। एबीएल और केडीए की ओर से जारी बयान में कहा गया कि बैठक में हमारी मुख्य मांगों पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया जिनमें लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करना और 24 फरवरी को लद्दाख के लिए विशेष लोक सेवा आयोग के गठन की मांग शामिल है।

### पवार गुट अगले आदेश तक राकांपा शरदचंद्र पवार नाम का इस्तेमाल कर सकता : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि शरद पवार के गुट को पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' देने का निर्वाचन आयोग का सात फरवरी का फैसला अगले आदेश तक जारी रहेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के आयोग के सात फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार की याचिका पर अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जवाब मांगा है।

### सिद्धारमैया, अन्य के खिलाफ कार्यवाही पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2022 में कर्नाटक में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और अन्य के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की पीठ ने मामले में कर्नाटक सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया और सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव व कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, राज्य के मंत्रियों एम.बी. पाटिल और रामलिंगा रेड्डी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायालय ने उच्च न्यायालय के उस आदेश पर भी रोक लगा दी जिसमें उन पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

## मतपत्र, मतगणना के दिन का वीडियो पेश करने का निर्देश

**चंडीगढ़ महापौर चुनाव**

- उच्चतम न्यायालय ने रिकॉर्ड लाने के लिए न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का दिया आदेश



**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने खरीद-फरोख्त होने का जिक्र करते हुए कहा है कि वह मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव के मतपत्रों और मतगणना के दिन की पूरी वीडियो-रिकॉर्डिंग का अवलोकन करेगा।

अदालत ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से दिल्ली लाने के लिए एक न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का भी निर्देश दिया। पांच फरवरी को सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने महापौर चुनाव कराने वाले निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह को फटकार लगाते हुए कहा था कि यह स्पष्ट है कि उन्होंने मतपत्रों को विकृत किया है और उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। अदालत ने इसे हत्या के समान करार देते हुए लोकतंत्र का मजाक बताया था।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सोमवार को चंडीगढ़ प्रशासन को उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारी और रिकॉर्ड की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन्हें सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-हम दोपहर दो बजे खुद रिकॉर्ड देखेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने महापौर चुनाव के मामले की सुनवाई मंगलवार के बजाय किसी और दिन किए जाने की अर्जी को खारिज करते हुए कहा-खरीद-फरोख्त हो रही है। शीर्ष अदालत के निर्देश के अनुपालन में मसीह पीठ के समक्ष उपस्थित हुए और न्यायाधीशों ने कुछ मतपत्रों में कथित छेड़छाड़ के मामले में उनसे सवाल किये। न्यायाधीशों के सवालों का जवाब देते हुए, मसीह ने कहा कि उन्होंने पहले से ही ''विकृत'' आठ मतपत्रों पर ''X'' चिह्न लगाया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों पर हंगामा करने और मतपत्र छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि इसी के चलते वह मतगणना केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरे की तरफ देख रहे थे। आप पार्षद कुलदीप कुमार ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने चंडीगढ़ में दोबारा महापौर चुनाव की मांग करने वाली पार्टी की अर्जी पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था।

# रोज 500 गेंद खेल स्पिन पर सरफराज ने बनाई पकड़

## पिता के मार्गदर्शन में 15 साल तक की कड़ी मेहनत, राजकोट टेस्ट में दो अर्धशतक जड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के आई काम
- मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की गेंद खेलते थे

सरफराज खान का अपने पदार्पण टेस्ट में इंग्लैंड के स्पिनरों के खिलाफ दबदबा बनाना संयोग नहीं है बल्कि यह अपने पिता नौशाद खान के मार्गदर्शन में 15 साल तक हर दिन 500 गेंद खेलने की कड़ी मेहनत का नतीजा है।

सरफराज ने राजकोट में अपने पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जड़कर दिखा दिया कि भारतीय टीम में उनका भविष्य उज्ज्वल है। इस क्रिकेटर को अपने पिता के 'माचो क्रिकेट क्लब' में कौशल निखारने और घरेलू क्रिकेट में वर्षों तक ढेरों रन बनाने के बाद पदार्पण का मौका मिला। कुछ वर्षों की कड़ी मेहनत और व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के काफी काम आई। उन्होंने विशेष रूप से कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान कड़ी मेहनत की। मुंबई के सरफराज की प्रगति को करीब से देखने वाले कोच ने कहा, मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की 500 गेंद खेलने से ऐसा हो पाया।

उन्होंने कहा कि (कोविड) लॉकडाउन के दौरान उसने कार से 1600 किमी की यात्रा की। मुंबई से अमरोहा, मुरादाबाद, मेरठ, कानपुर, मथुरा और देहरादून। उसने यात्रा की और ऐसी जगहों पर खेला जहां गेंद बहुत अधिक टर्न करती है, कुछ गेंद काफी उछाल लेती हैं और कुछ नीची रहती हैं। स्पिनरों के खिलाफ आसानी से कदमों का इस्तेमाल करने वाले सरफराज ने अपने कौशल को निखारने के लिए कड़ी मेहनत की है। सरफराज को तैयार करने का श्रेय हालांकि सिर्फ नौशाद को नहीं जाता।

भुवनेश्वर कुमार के कोच संजय रस्तोगी, मोहम्मद शमी के कोच बदरूद्दीन शेख, कुलदीप यादव के कोच कपिल देव पांडे, गौतम गंभीर के कोच संजय भारद्वाज और भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के पिता आरपी ईश्वरन ने भी सरफराज को निखारने में कुछ ना कुछ योगदान दिया है। इन सभी ने स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के नेट सत्र का आयोजन किया विशेषकर लॉकडाउन के दौरान। कपिल पांडे ने बताया, लॉकडाउन के दौरान नौशाद ने मुझे फोन किया क्योंकि हम दोनों आजमगढ़ के हैं और जब मैं भारतीय नौसेना का कर्मचारी था तो मुंबई में हमने क्लब क्रिकेट खेला है। इसलिए जब वह चाहता था कि उसके बेटे को अभ्यास का मौका मिले तो मुझे लगा कि यह मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, लॉकडाउन के दौरान सरफराज ने हमारी कानपुर अकादमी में कुलदीप का सामना किया। उन्होंने एक साथ काफी नेट सत्र किए।



# पूर्व कप्तानों ने 'बैजबॉल' को बनाया निशाना

लंदन, एजेंसी



- नासिर और माइकल ने कहा-मेहमान टीम को मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत

इंग्लैंड के पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल वान ने भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट शृंखला में 'बैजबॉल' (बेहद आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये की आलोचना करते हुए कहा है कि मेहमान टीम को हमेशा आक्रामक होकर खेलने की रणनीति की जगह मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत है। भारत ने रविवार को राजकोट में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से हराकर टेस्ट क्रिकेट में रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारत के 557 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 122 रन पर ढेर हो गई। मेजबान टीम 5 मैच की शृंखला में 2-1 से आगे चल रही है। अंतिम दो टेस्ट रांची और धर्मशाला में खेले जाएंगे। वॉन ने कहा, यह स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में सबसे खराब हार थी और इसने उनकी रणनीति को उजागर किया। वे हर मौके पर आक्रामक नहीं हो सकते, उन्हें अपने लम्हों को चुनना होगा। हुसैन भी वॉन से सहमत दिखे।

हुसैन ने कहा, बैजबॉल आक्रामक होने के बारे में है लेकिन यह दबाव झेलने के बारे में भी है। इसके विपरीत अब तक शृंखला में दो दोहरे शतक लगाने वाले भारत के यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल और पदार्पण कर रहे सरफराज खान ने राजकोट में परिपक्व पारियां खेलीं और शॉट खेलने से पहले क्रीज पर समय बिताया। वॉन ने कहा कि उन्हें यह देखने की जरूरत है कि तीसरे दिन जायसवाल और शुभमन गिल ने कैसा प्रदर्शन किया। उन्होंने 30 या 40 गेंदों तक दबाव झेला और फिर उन्होंने बाउंड्री लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि टेस्ट बल्लेबाजी यही है। भारत ने 228.5 ओवर में 875 रन बनाए। कोई भी मुझे यह नहीं कह सकता कि भारत को यहां बल्लेबाजी करते देखना उबाऊ था। हैदराबाद में सीरीज का शुरुआती मैच जीतने के बाद से इंग्लैंड के लिए चीजें खराब होती गईं। मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले जिससे मेजबान टीम को फायदा मिला।

## खेल डायरी

### घरेलू क्रिकेट के 5 खिलाड़ियों ने कहा अलविदा

नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले पांच दिग्गज खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी के इस सत्र के समापन के साथ ही खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है। इन खिलाड़ियों में बंगाल के दिग्गज मनोज तिवारी, झारखंड के बल्लेबाज सौरभ तिवारी और तेज गेंदबाज वरुण आरोन, मुंबई के धवल कुलकर्णी और विदर्भ के रणजी ट्रॉफी विजेता कप्तान फैज फजल हैं। इन खिलाड़ियों ने संन्यास लेने के अलग-अलग कारण बताए हैं जिनमें इंडियन प्रीमियर लीग का अनुबंध नहीं होना तथा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद समाप्त होना है। इन कारणों से ये खिलाड़ी दूसरे काम या फिर राजनीति से जुड़ना चाहते हैं। आरोन, मनोज और फजल ने उसी मैदान पर अपने करियर को अलविदा कहा जिसमें उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। इन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट में निश्चित तौर पर कमी खलेगी। बंगाल के मनोज तिवारी ने सोमवार को बिहार के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाकर अलविदा कहा।

### केकेआर ने किया दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के विकल्प के तौर पर सोमवार को श्रीलंका के दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल किया। आईपीएल आयोजकों ने बयान में कहा कि चमीरा 50 लाख की आधार कीमत पर केकेआर से जुड़े हैं। श्रीलंका का यह तेज गेंदबाज 2018 और 2021 सत्र में क्रमश: राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का हिस्सा रह चुका है। चमीरा ने 2022 सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स का प्रतिनिधित्व किया और 12 मैच में नौ विकेट चटकाए।

### बायर्न म्यूनिख की तीसरी हार, बोकुम ने हराया

बर्लिन, एजेंसी। बायर्न म्यूनिख को रविवार को यहां लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा जब बोकुम ने बुंदेसलीगा फुटबॉल मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 11 बार के गत चैंपियन को 3-2 से हराया। इस हार के बाद बायर्न म्यूनिख की टीम शीर्ष पर चल रहे बायर्न लीवरकुसेन से आठ अंक पीछे है जबकि 12 दौर का खेल बाकी है। बायर्न म्यूनिख को पिछले सप्ताहांत लीवरकुसेन में 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी जबकि चैंपियन्स लीग में लाजियो ने भी उसे हराया। इस प्रदर्शन के बाद कोच के रूप में थामस टचेल के भविष्य को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।



### रीयाल मैड्रिड को रेयो वालेकानो ने बराबरी पर रोका

मैड्रिड, एजेंसी। रीयाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग में रेयो वालेकानो ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया जबकि अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया ने अनचाहा रिकॉर्ड बनाया जब वह ला लीगा में 28 मैच जीतने में नाकाम रहने वाली पहली टीम बना। अल्मेरिया ने ग्रेनाडा से 1-1 से ड्रॉ खेला। टीम मौजूदा सत्र में 25वां मैच जीतने में नाकाम रही जबकि पिछले सत्र में भी अपने अंतिम तीन मुकाबले नहीं जीत पाई थी। रीयाल मैड्रिड को जोसेलु ने तीसरे ही मिनट में बढ़त दिला दी थी लेकिन मेजबान टीम ने 27वें मिनट में पेनल्टी पर राल डि टॉम्स के गोल की बदौलत बराबरी हासिल की। दोनों टीम ने इसके बाद गोल करने में कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। इस ड्रॉ से मैड्रिड की दूसरे स्थान पर गिरोना पर बढ़त छह अंक की रह गई है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 अंक हैं। गिरोना की टीम सोमवार को पांचवें स्थान पर चल रहे एथलेटिक बिलबाओ से खेलेगी। गिरोना के 24 मैच में 56 अंक हैं। बार्सीलोना 54 अंक के साथ तीसरे जबकि एटलेटिको मैड्रिड 51 अंक के साथ चौथे पायदान पर है। अन्य मुकाबलों में छठे स्थान पर चल रहे रीयाल सोसीदाद ने मालोर्का को 2-1 से हराया जबकि सातवें स्थान पर चल रहे रीयाल बेटिस को 12वें स्थान पर चल रहे अलावेस ने गोल रहित बराकरी पर रोका।

# बुमराह को रांची टेस्ट में मिल सकता है विश्राम, राहुल की वापसी संभव

## पांच मैचों की शृंखला में जसप्रीत बुमराह ने 80.5 ओवर फेंके और 17 विकेट

राजकोट, एजेंसी



भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच से विश्राम मिल सकता है जबकि 'क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियों)' चोट से उबर कर लोकेश राहल टीम में वापसी कर सकते हैं। पांच मैचों की इस शृंखला में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम 3 मैचों में 17 विकेट है। उन्होंने विशाखापत्तनम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में अपने दम पर भारतीय टीम को जीत दिलाई थी। भारत इस शृंखला में अभी 2-1 से आगे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने कहा कि टीम कल रांची के लिए रवाना होगी और बुमराह को विश्राम मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राहुल पूर्ण फिटनेस हासिल करने के करीब है और उनके टीम में शामिल होने की संभावना है। बुमराह को आराम देने का फैसला चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि पहले 3 टेस्ट मैचों में उन्होंने 80.5 ओवर गेंदबाजी की है। गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के तौर पर भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज को विश्राम दिया था। उन्होंने राजकोट टेस्ट में टीम में वापसी की थी। सिराज ने इस टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटके थे। भारतीय टीम ने इस मैच को 434 रन से अपने नाम किया था। भारतीय टीम रांची में शृंखला जीतने के लिए अच्छी स्थिति में है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो घरेलू टीम को 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुमराह की सेवाओं की काफी जरूरत होगी। राहुल अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। पिछले सप्ताह उन्होंने 90 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली थी। वह मैच फिटनेस हासिल करने के करीब है। उन्हें रांची टेस्ट के लिए उपलब्ध होना चाहिए। शृंखला के पहले मैच में राहुल भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे। वह इसके बाद चोट के कारण अगले दो मैच नहीं खेल सके।

### हम रांची में जीतने के इरादे से उतरेंगे : बेन स्टोक्स



राजकोट। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम जल्द तीसरे टेस्ट मैच में मिली हार के सदमे से उबरते हुए रांची में चौथे मैच को जीतने के इरादे से उतरेगी। स्टोक्स ने हो रही आलोचनाओं पर कहा कि हमें हार की हताशा को छोड़कर आगे बढ़ना होगा। स्टोक्स भी पहली पारी में रवींद्र जाडेजा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में 41 के निजी स्कोर पर आउट हो गए थे। स्टोक्स ने कहा कि हर किसी के पास किसी चीज को लेकर अपनी राय है लेकिन वास्तव में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के विचार ही हमारे लिए मायने रखते हैं। हमें पता है कि नतीजा हमेशा आपके पक्ष में नहीं आता लेकिन अभी भी हमारे पास इस शृंखला को 3-2 से जीतने का मौका है। हम अगले मैच की ओर बढ़ने से पहले इस हार की हताशा को यहीं छोड़ देंगे।

# नए खिलाड़ियों ने दिखाया कि अनुभव सब कुछ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- शृंखला में यशस्वी ने दो दोहरे शतक जड़कर खुद को आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर किया स्थापित

इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू टेस्ट शृंखला के पहले मैच में भारत की हार के बाद टीम की बल्लेबाजी पर सवाल उठे थे लेकिन दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में टीम के युवा बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने शृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली है।

शृंखला के दौरान यशस्वी जायसवाल ने खुद को आक्रामक सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्थापित किया और लगातार दो दोहरे शतक जड़कर इस खिलाड़ी ने साबित किया कि वह लंबी रेस का घोड़ा हैं। जायसवाल के खेल में रनों की भूख दिखती है। राजकोट में उन्होंने धैर्य से बल्लेबाजी की और क्रीज पर समय बिताने के बाद बेखौफ बड़े शॉट लगाए। अनुभवी जेम्स एंडरसन के खिलाफ 3 छक्के उनके आत्मविश्वास की कहानी बयां करते हैं। उन्होंने दिखाया कि वह जरूरत के मुताबिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों शैली में खेल सकते है। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने भी अपने खेल से प्रभावित किया। सरफराज ने दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ा तो जुरेल ने पहली पारी में 46 रन बनाकर बेहतर बल्लेबाजी का सबूत दिया।

जुरेल को हालांकि स्पिनरों की पिचों पर विकेटकीपिंग कौशल को थोड़ा और निखारने पर काम करना होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी इन तीनों युवा खिलाड़ियों से प्रभावित दिखे। उन्होंने इनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, ये आजकल के बच्चे। लंबे समय से राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे सरफराज को विराट कोहली और लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में जब मौका मिला तो उन्होंने अपनी पारी की पहली ही गेंद से पूरा आत्मविश्वास दिखाया।

# भारतीय महिलाओं ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुष टीम हारी

बुसान, एजेंसी

### विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप



भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को उज्बेकिस्तान को हराया लेकिन पुरुष टीम को मेजबान द. कोरिया के खिलाफ लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला को आराम दिए जाने के बावजूद भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी। अर्चना कामत और दिया चितले ने अपने मुकाबले जीते जबकि टीम की सीनियर साथी मनिका बत्रा ने भी जीत दर्ज करते हुए भारत को 3-0 से जीत दिलाई। अर्चना ने रिमा गुफ्रानोव को शिकस्त दी जबकि मनिका ने मारखाबो मेगदिएवा को हराया। दिया ने कड़े मुकाबले में रोजालिना खादजिएवा को हराकर भारत की जीत की।

# छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश का रणजी मुकाबला ड्रा

- कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के बीच इकाना स्टेडियम में खेला गया रणजी मुकाबला सोमवार को ड्रा हो गया। मैच के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के प्रियम गर्ग ने नाबाद शतकीय पारी खेली। आखिरी दिन यूपी को जीत के लिए 376 रन का लक्ष्य मिला। चाय के समय तक टीम ने तीन विकेट खोकर 201 रनों का स्कोर बोर्ड पर टांगा। बाद में दोनों टीमों के कप्तानों की सहमति से मुकाबले को ड्रॉ घोषित किया गया। मुकाबले में पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर छत्तीसगढ़ ने तीन अंक अर्जित किए, जबकि उत्तर प्रदेश को महज एक अंक से संतोष करना पड़ा। अंकों से अब दोनों टीमों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। दोनों ही टीमें पहले ही नॉकआउट राउंड से पहले ही बाहर हो चुकी हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने आज पांच विकेट खोकर 124 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने करीब 45 मिनट बल्लेबाजी की और आठ विकेट पर 199 रन पर पारी घोषित कर दी। अजय ने 51 रनों की नाबाद पारी खेली। उत्तर प्रदेश से शिवम शर्मा ने 34 पर तीन और सौरभ कुमार ने 72 पर दो विकेट चटकाए। दूसरी पारी में उत्तर प्रदेश को 72 ओवर में 376 रन का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश टीम को पहला झटका 44 रन पर लगा। सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी 14 रन पर आउट हो गए। उन्होंने जीवेश की गेंद पर अनुज तिवारी को आसान कैच थमा दिया। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने उतरे शिवम ने प्रियम गर्ग के साथ पारी को संभला। लेकिन शिवम शर्मा ज्यादा देर नहीं टिक सके। उन्हें रिटायर हर्ट करार दिया गया। कप्तान नितीश राणा 20 और करन शर्मा 10 रन बनाकर आउट हो गए।



शतकीय पारी खेलने वाले प्रियम।



## बॉलीवुड हलचल

# बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक जारी



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' के टाइटल ट्रैक को अनिरुद्ध रविचंदर और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। वहीं, गाने के लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे है, जबकि विशाल मिश्रा ने इसे कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ शामिल हैं। बड़े मियां छोटे मियां ईद के मौके पर इस वर्ष रिलीज की जाएगी।

### अरविंद और पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू और अभिनेत्री पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत गाना करेजा करीना नियन को अरविंद अकेला कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है। गाना करेजा करीना नियन को लेकर कल्लू ने कहा कि यह गाना भोजपुरी के तमाम लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लेगा इसमें वह पूरी क्षमता है। गाने का निर्माण भव्य पैमाने पर हुआ है, जो किसी को भी अपना दीवाना बना लेने वाला है। शिल्पी राज एक बेहतरीन सिंगर है और पारुल ठाकुर उतनी ही बेहतरीन अभिनेत्री है। दोनों के साथ मिलकर हमने एक मजेदार गाना बनाया है। उम्मीद करता हूं कि सभी को पसंद आयेगा और आप खूब आशीर्वाद से नवाजेंगे साथ ही इस गाने को चार्टबस्टर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी गाने अपने दर्शकों के लिए बनाते हैं और यह गाना भी उन्हीं को समर्पित है। अक्सर लड़कियों की ख्वाहिश आम जिंदगी में बॉलीवुड स्टार जैसे दिखने की होती है।

# माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज



मुंबई, एजेंसी। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज हो गया है। 'रंग डाला रंगदार' होली सांग वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में गोल्डी यादव के साथ माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को होली में रंग गुलाल लगाने की हिदायत दे रही है और उसे होली खेलने का ऑफर भी कर रही है। गाने की वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को ऑफर देते हुए कहती है कि... रंग छोटा लगाइएगा गाल को कवर मत करिएगा लेकिन दिल से मोहब्बत को जता के जाईएगा। इस बात को माही श्रीवास्तव शानदार ठुमका लगाते हुए रंग से सराबोर और सखी सहेलियां के साथ नाचते, गाते हुए कहती है कि... 'होली में तोहरा के देत बानी ऑफर, छोटा लगाइहा गाल करब ना काभर, दिल के मोहब्बत तू जता के जइहा हो, ये इयार रंगदार रंग लगा के जइहा हो...' इस गाने को लेकर निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि फागुन का महीन अब बस शुरू होने ही वाला है। जिसमे हर तरफ रंग और गुलाल उड़ता हुआ नजर आएगा। ऐसे में लोगों को फागुन के गीत सुनना बहुत पसंद आते हैं इसी त्योहार को ध्यान में रखते हुए हमने होली के गीत रिलीज करने शुरू कर दिए हैं जिससे दर्शकों की होली इस बार और भी रंगीन हो जाए। गाने को दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जो दर्शकों को अभी से पसंद भी आ रहा है। वही माही श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे गाने में काम करके बहुत मजा आया है क्योंकि होली मेरा फेवरेट त्योहार है। इस गाने में मैंने होली आने से पहले ही होली का आनंद ले लिए। वन में सभी एक दूसरे को रंग लगा रहे हैं। गाना परफॉर्म करते समय पता ही नहीं चला कि हम शूट पर हैं।

# छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाएंगे रितेश देशमुख



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रितेश देशमुख, छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाने जा रहे हैं। रितेश देशमुख फिल्म 'राजा शिवाजी' का निर्देशन करने जा रहे हैं, जबकि जेनेलिया देशमुख, ज्योति देशपांडे फिल्म की प्रोड्यूसर हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी द्वारा प्रस्तुत किया गया है। रितेश देशमुख ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म 'राजा शिवाजी' की अनाउंसमेंट की। साथ ही कैप्शन में मराठी में लिखा गया है, इतिहास के गर्भ में एक ऐसी शख्सियत ने जन्म लिया जिसका अस्तित्व नश्वरता से भी आगे निकल गया। एक छवि, एक किंवदंती, जो ज्वलंत प्रेरणा की एक शाश्वत भट्टी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज.. सिर्फ एक ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं हैं। ये साढ़े तीन सौ साल की एक अनुभूति है, असाधारण वीरता की एक चिंगारी है..हर किसी के दिल में उगता हुआ आशा का एक महान सूरज है। शिव राय की महागाथा को बड़े पर्दे पर जीवंत करना हमारी प्रबल महत्वाकांक्षा थी। एक शानदार बेटे की महाकाव्य यात्रा जिसने एक विशाल शक्ति को उखाड़ फेंका और स्वराज्य की लौ जलाई .एक योद्धा, जहां बहादुरी की कोई सीमा नहीं होती. जिन्होंने ज़मीन पर नहीं बल्कि रैयतों के दिमाग पर शासन किया...और इसलिए सभी के मुखी का नाम...'राजा शिवाजी।

### निरहुआ-आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पूर्वांचल वेब सीरीज का निर्माण यशी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से हुआ है। यह फिल्म 21 फरवरी को ओटीटी ऐप चौपाल पर रिलीज की जाएगी। इसे लेकर दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि यह एक अभूतपूर्व वेब सीरीज है जिसकी कहानी सत्य घटनाओं से प्रेरित कहा जा सकता है। यह पूर्वांचल के लोगों की अपनी कहानी है। इसलिए हम पूर्वांचल की जनता से आग्रह करेंगे की विशेष कर अपनी इस कहानी को जरूर देखें और अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि अभय सिन्हा की पहल पर इस वेब सीरीज का निर्माण हुआ है और हम इसकी सराहना भी करते हैं कि उन्होंने भोजपुरी में भी एक शानदार शुरुआत की है, क्योंकि जिस दौर में दुनिया भर में सिनेमा आ चुकी है, उसे दौर में अब भोजपुरी काफी पदार्पण इस सीरीज के माध्यम से हो रहा है यह हम सबों के लिए गर्व की बात है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## मनमोहक



गुवाहाटी में सोमवार को आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान रंगारंग प्रस्तुति देते कलाकार। ● एजेंसी

## ब्रिटेन के स्कूलों में मोबाइल प्रतिबंधित

**लंदन, एजेंसी:** ब्रिटेन सरकार ने अधिकारियों को विद्यार्थियों के व्यवहार, ध्यान को बेहतर बनाने, सीखने में व्यवधान को रोकने तथा बच्चों को साइबरबुलिंग और चिंता से बचाने के लिए हर स्कूल में मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। ब्रिटेन के शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए दिशानिर्देश जारी हुआ है, जिसमें स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश हैं। स्कूल को मोबाइल फोन के प्रयोग पर रोक लगानी चाहिए, न केवल कक्षाओं के दौरान बल्कि ब्रेक और दोपहर के भोजन के समय भी।

### कटरा से बारामूला तक विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

**श्रीनगर, एजेंसी**

- परियोजना पूरा होने से जम्मू से श्रीनगर साढ़े 4 घंटे में जा सकेंगे
- संगलदान से बनिहाल तक 16 पुल, जिनमें 11 प्रमुख

जम्मू-कश्मीर में पहली विद्युत चालित ट्रेन मंगलवार से शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू में एक जनसभा में कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाली श्री माता वैष्णो देवी कटरा से बनिहाल के बीच के 111 किलोमीटर के निर्माणाधीन खंड में बनिहाल से खड़ी, सुंबड़ के रास्ते संगलदान तक 48 किलोमीटर के खंड के साथ ही संगलदान से बारामूला तक करीब 185 किलोमीटर की लाइन के विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे और घाटी की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। नई लाइन के चालू होने और विद्युतीकृत ट्रैक के उद्घाटन के साथ ही अब कश्मीर घाटी में बारामूला से संगलदान तक 20 स्टेशनों वाले इस सेक्शन में स्वच्छ ईंधन से रेल परिवहन का नया इतिहास लिखा जाएगा। श्रीनगर होते हुए बारामूला तक लगभग 138 किलोमीटर का खंड तथा ऊधमपुर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक 23 किमी का खंड पहले ही बन चुका है।

रामबन जिला मुख्यालय के पास स्थित शहर संगलदान से बनिहाल के खंड में कुल 16 पुल हैं, जिनमें 11 प्रमुख पुल, 4 छोटे पुल और 1 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) शामिल हैं। इस खंड का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सुरंगों में है, जिसमें कुल 11 सुरंगें हैं जो 43.37 किलोमीटर की लंबाई में हैं, जिसमें देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग, टी -50 भी शामिल है, जो खड़ी-सुम्बर खंड में 12.77 किलोमीटर लंबी है।

सुरक्षा और बचाव के लिए, 3 एस्केप सुरंगें हैं, जिनकी कुल लंबाई 30.1 किमी है। इस खंड में 23.72 किमी तक फैले 30 मोड़ शामिल हैं। यात्री सुरक्षा और आराम को और बढ़ाने के लिए, कई उन्नत सुविधाओं को शामिल किया गया है।

## एक नजर

### पूर्वी अफगानिस्तान में भूस्खलन से 5 की मौत

**इस्लामाबाद।** पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण हुए भूस्खलन के चलते दूरदराज के एक गांव में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 25 लोग लापता हैं। नूरिस्तान प्रांत में तालिबान द्वारा नियुक्त सूचना एवं संस्कृति निदेशक समीउलहक हकबयान के अनुसार, रविवार रात हुए भूस्खलन के कारण नूरग्राम जिले में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए।

### आतंकियों से फिलिपीनी सैनिकों की झड़प में 8 मरे

**फिलीपीन।** सैनिकों की दक्षिणी क्षेत्र के कोहरे से ढके अंदरूनी इलाकों में उग्रवादियों से झड़प हो गई जिसमें कम से कम सात सैनिक और दो विद्रोही मारे गए। सेना के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेना प्रमुख जनरल रोमियो ब्राउनर जूनियर ने कहा कि लानाओ डेल नॉर्ट प्रांत के मुनाई शहर के पास इस्लामिक स्टेट समूह से संबंधित एक छोटे समूह दौला इस्लामिया के लड़ाकों के खिलाफ रविवार को सेना के हमले में चार अन्य सैनिक घायल हो गए। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि सैनिक अभी भी उग्रवादियों की तलाश कर रहे हैं जो घटना स्थल से भाग गए।

### धार्मिक टिप्पणी की आरोपी शिक्षिका के खिलाफ प्रदर्शन

**मंगलुरु।** विहिप और बजरंग दल ने सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सोमवार को घंटाघर के पास विरोध-प्रदर्शन किया। शिक्षिका ने पढ़ाने के दौरान हिंदू धर्म के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी की थी। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल के बाहर प्रदर्शन करने के लिए भाजपा विधायकों, वेदव्यास कामत और वाई. भरत शेट्टी, विहिप नेता शरण पंपवेल और पार्षदों भरत और संदीप गरोड़ी के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग की। आरोप है कि सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका प्रभा ने रवींद्रनाथ टैगोर की कविता 'कार्य ही पूजा है' पढ़ाते समय हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने जांच लंबित रहने तक उनके पद से हटा दिया था।

### लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र बने थल सेना उप प्रमुख

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को थल सेना के उपप्रमुख का पदभार संभाला। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार से यह जिम्मेदारी ली है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें सैनिक सलामी दी गई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार द्विवेदी 2022 से उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे। सैनिक स्कूल, रीवा (मध्य प्रदेश) से शिक्षित-प्रशिक्षित जनरल द्विवेदी को 1984 में 18 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में नियुक्त किया गया था और तरक्की करते करते एक दिन उन्होंने इस इकाई की कमान संभाली।

# पीटीआई ने कहा- सुन्नी इत्तेहाद में निर्दलीय होंगे शामिल

### चुनावी परिणाम से पाकिस्तान में त्रिशंकु संसद की स्थिति, निर्दलियों को अधिसूचना के 3 दिन में पार्टी में शामिल होना था

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सोमवार को कहा कि आठ फरवरी को हुए चुनाव में जीत हासिल करने वाले पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। मुस्लिम बहुल देश में सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल इस्लामी राजनीतिक और धार्मिक दलों का एक गठबंधन है जो सुन्नी इस्लाम के मत के अनुयायियों का प्रतिनिधित्व करता है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर खान ने कहा नेशनल असेंबली, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा विधानसभाओं में हमारे उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। पीटीआई द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने संसद में अधिकतम सीटें जीती हैं लेकिन पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने घोषणा की है कि वे 8 फरवरी के चुनावों के परिणाम के बाद गठबंधन सरकार बनाएंगे। चुनाव के परिणाम के बाद देश में त्रिशंकु संसद की स्थिति बन गई। चुनाव में जीत दर्ज करने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों को परिणामों की अधिसूचना के तीन दिनों के भीतर एक पार्टी में शामिल होना था। पीएमएल-एन और पीपीपी द्वारा चुनाव के बाद गठबंधन का मतलब यह हो सकता है कि पीटीआई अगली संघीय सरकार बनाने में सक्षम नहीं होगी।

खान की पार्टी ने आरोप लगाया कि दोनों प्रतिद्वंद्वी दल जनादेश को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। खान की संकटग्रस्त पार्टी को शनिवार को उस समय बड़ा हौसला मिला जब रावलपिंडी में चुनाव प्रक्रिया के प्रभारी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आरोप लगाया कि चुनाव में धांधली हुई है। पीटीआई ने मतदान में धांधली के आरोप लगने पर रविवार को चुनाव परिणामों में हेरफेर की न्यायिक जांच की मांग की। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पीटीआई पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव में नेशनल असेंबली की 93 सीटें जीती। पीएमएल-एन ने 75 सीटें जीतीं जबकि पीपीपी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) भी अपनी 17 सीटों के साथ उनका समर्थन करने पर सहमत है। पाकिस्तान में सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 266 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 265 सीटों में से 133 सीटों पर जीत दर्ज करना जरूरी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव रद करने की याचिका लगाने वाले को फटकारा

**इस्लामाबाद।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कथित धांधली के कारण चुनावों को अमान्य घोषित करने की अपील करने वाले याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी को सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित नहीं रहने पर कड़ी फटकार लगाई और तलब किया। डान अखबार की खबर के मुताबिक प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अगुवाई वाली शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) अली खान की याचिका पर सुनवाई की लेकिन याचिकाकर्ता अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पीठ में न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली भी शामिल थे। अदालत ने कहा, "क्या याचिका केवल प्रचार के लिए दायर की गई थी? इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। हम उच्चतम न्यायालय का गलत तरीके से इस्तेमाल नहीं होने देंगे।" पीठ ने यह भी कहा कि याचिका 12 फरवरी को दायर की गई थी लेकिन मीडिया में इसकी रिपोर्ट पहले ही आ गई थी।

## सेना में महिलाओं को उच्च पद देने से जुड़ी नीति 31 मार्च तक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पीठ ने केंद्र से अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा

केंद्र ने उच्चतम न्यायालय को सोमवार को बताया कि भारतीय थलसेना में महिला अधिकारियों को उच्चतर पद दिये जाने पर एक विस्तृत नीति 31 मार्च 2024 तक लागू हो जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आर बालासुब्रमण्यन की दलील पर गौर किया और निर्देश दिया कि एक अप्रैल तक एक अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाए।

पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। बालासुब्रमण्यन ने पीठ से कहा, ''महिला अधिकारियों के करियर में प्रगति और नियमित बड़ी इकाई में कमान सौंपे जाने पर एक विस्तृत नीति 31 मार्च 2024 तक लागू हो जाएगी।'' कुछ महिला अधिकारियों का न्यायालय में प्रतिनिधित्व कर रहीं वरिष्ठ अधिवक्ता वी मोहन ने कहा कि पदोन्नत किये गए सभी 225 पुरुष अधिकारियों को नियमित बड़ी इकाइयों में कमान सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि 108 महिला अधिकारियों में से केवल 32 को नियमित इकाइयों में कमान सौंपी गई है। पिछले साल चार दिसंबर को शीर्ष अदालत को बताया गया था कि भारतीय थलसेना में महिला अधिकारियों के करियर में प्रगति के मुद्दे का हल करने के लिए एक नीति तैयार करने और कर्नल से ब्रिगेडियर रैंक पर उनकी पदोन्नति पर विचार करने का कार्य जारी है। उस वक्त शीर्ष अदालत ने सेना को एक नीति तैयार करने के लिए 31 मार्च 2024 तक का समय दिया था।

## हूती विद्रोहियों के हमले में बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान

**दुबई, एजेंसी**

- अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया

लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ने वाले बाब अल-मनदेब जलडमरूमध्य में हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले में मध्य अमेरिकी देश बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान हुआ है, जिसके चलते चालक दल के सदस्यों को जहाज खाली करना पड़ा। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने बताया कि रविवार को हूती विद्रोहियों के हमले की चपेट में आए जहाज को काफी नुकसान हुआ है। केंद्र ने कहा, सैन्य अधिकारियों ने बताया है कि चालक दल ने जहाज खाली कर दिया है। जहाज को किनारे लाकर खड़ा कर दिया गया है और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। हूती ब्रिगेडियर जनरल याहया सारी ने एक बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि जहाज पर अब डूबने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा, जहाज को भीषण नुकसान हुआ है और उसे पूरी तरह से रोक दिया गया है। अभियान के दौरान हमने चालक दल की जहाज से सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की।

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया है। हालांकि क्षेत्र में तैनात अमेरिकी बलों ने तत्काल इस दावे की पुष्टि नहीं की है। हूती विद्रोही इससे पहले अमेरिकी ड्रोन को मार गिरा चुके हैं। सारी ने दावा किया कि एक अन्य हमले में हूती बलों ने लाल सागर से लगे यमन के हुदैदा बंदरगाह के निकट एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि हूती "वायु रक्षा बलों ने यहूदियों के इशारे पर हमारे देश के खिलाफ शत्रुतापूर्ण मिशन को अंजाम देने जा रहे अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 को मिसाइल के जरिए मार गिराया।

### पकिस्तान में संगीत कार्यक्रम में पथराव

**लाहौर।** पंजाब विश्वविद्यालय में आयोजित संगीत कार्यक्रम के दौरान कट्टरपंथी छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने इस्लामी नारे लगाते हुए प्रतिभागियों पर पथराव किया। घटना रविवार शाम पत्रकारिता विभाग के बाहर हुई, जहां 180 से अधिक छात्र-छात्राएं और शिक्षक रात्रिभोज के लिए एकत्र हुए थे। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार एक छात्र पंजाब विश्वविद्यालय के संचार अध्ययन विद्यालय में अपने हार्मोनियम के साथ प्रख्यात गायक नुसरत फतेह अली खान के गीत पर प्रस्तुति दे रहा था, तभी कट्टरपंथी इस्लामी जमीयत तुलेबा (आईजेटी) के करीब 10 सदस्यों का समूह वहां पहुंचा और प्रतिभागियों पर पथराव कर दिया उन्होंने कहा कि हमलावरों ने इस्लामी नारे लगाए।

## पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत में तलब

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

- लापता बलोच छात्रों के मामले में इस्लामाबाद हाईकोर्ट के निर्देश
- दूसरी बार पेश नहीं होने पर न्यायाधीश ने जताई नाराजगी

पाकिस्तान की एक अदालत ने सोमवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ को कई लापता बलोच छात्रों से संबंधित मामले में दूसरी बार पेश होने में विफल रहने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मोहसिन अख्तर कयानी ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अदालत में आने को अपमान नहीं समझना चाहिए। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, न्यायाधीश ने कहा कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अगली सुनवाई के लिए कराची नहीं जाना चाहिए, बल्कि इस अदालत के सामने पेश होना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को इसलिए बुलाया गया क्योंकि वह जवाबदेह हैं। उच्च न्यायालय ने सुनवाई 28 फरवरी तक के लिए स्थगित करते हुए काकड़ को फिर से तलब किया। यह दूसरी बार है जब कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पिछले साल नवंबर में अदालत ने सरकार को लापता छात्रों को सात दिन के भीतर बरामद करने का निर्देश दिया था।

### दिल्ली दंगे: हत्या के 4 आरोपी कोर्ट से बरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 के दंगों में हुई दो की हत्या के 4 आरोपियों को बरी करते हुए कहा है कि कोई सबूत नहीं पेश किया गया कि आरोपी दंगाई भीड़ का हिस्सा थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रामचला यहां अशोक, अजय, शुभम और जितेंद्र कुमार नाम के व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज दो मामलों की सुनवाई कर रहे थे। इन पर, संप्रदायिक हिंसा के दौरान 25 फरवरी 2020 को बृजपुरी में अशफाक हुसैन और जाकिर की हत्या का आरोप है। अदालत ने पिछले हफ्ते जारी किये दो अलग-अलग आदेशों में कहा कि अभियोजन यह साबित नहीं कर सका कि कोई भी आरोपी व्यक्ति हुसैन और जाकिर की हत्या में संलिप्त था।

## भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामदगी पर जमानत में जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतों को ऐसे मामले में आरोपी को नियमित जमानत देने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए, जिसमें भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया हो और खासकर तब जब आरोपी का कथित तौर पर आपराधिक इतिहास हो। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें 232.5 किलोग्राम गांजा की कथित जब्ती से संबंधित एक मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई थी।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय इस बात पर विचार करने में विफल रहा कि आरोपी का आपराधिक इतिहास था और उसे पहले से ही स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दो मामलों में दोषी ठहराया गया था। पीठ ने 12 फरवरी को पारित अपने आदेश में कहा कि इतनी भारी मात्रा में मादक पदार्थ की बरामदगी के मामले में, अग्रिम जमानत की तो बात छोड़िए, अदालतों को आरोपी को नियमित जमानत देने में धीमी गति से काम करना चाहिए, खासकर तब जब आरोपी का आपराधिक इतिहास हो। अदालत उच्च न्यायालय के जनवरी 2022 के आदेश के खिलाफ तमिलनाडु राज्य द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसने एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी थी।

## इजराइल-हमास युद्ध में अब तक 29 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत

**रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

- गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया खुलासा, मरने वालों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र में 29 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास के शासन वाले गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि बीते 24 घंटे में 107 शव अस्पतालों में लाए गए हैं, जिसके बाद युद्ध शुरू होने से अब तक मरने वालों की कुल संख्या 29,092 हो गई है। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि कितने आम लोग और कितने लड़ाके मारे गए हैं। हालांकि उसने बताया कि मारे गए लोगों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि 69 हजार से अधिक फलस्तीनी घायल हुए हैं। सात अक्टूबर को हमास के चरमपंथियों ने दक्षिण इजराइल पर हमला कर दिया था, जिसमें 1,200 के आसपास लोग मारे गए थे, जबकि करीब 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था।

## अट्टुकल पोंगाला उत्सव



तिरुवनंतपुरम में सोमवार को अट्टुकल पोंगाला उत्सव से पहले बच्चे अटुकल भगवती मंदिर में कुथियोट्टम अनुष्ठान करते हुए। ● एजेंसी

**नई खोज** — एक अदृश्य चंद्रमा क्षुद्रग्रह के छल्लों की रचना करता है, शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने

# किसी क्षुद्रग्रह के भी होते है शनिग्रह के समान छल्ले

**संवाददाता, नैनीताल**



**अमृत विचार :** किसी क्षुद्रग्रह के शनिग्रह के समान छल्ले (वलय) भी हो सकते हैं। यह हैरान करने वाली खबर है। वैज्ञानिकों को इस क्षुद्रग्रह पता 2013 में चल गया था। मगर इसके छल्लों का रहस्य अब उजागर हो पाया है। नई खोज के अनुसार एक अदृश्य चंद्रमा इस क्षुद्रग्रह के छल्ले बनाने में मदद कर रहा है।

चारिक्लो एक छोटी सी दुनिया है, जो मात्र 320 किमी से भी कम चौड़ी है। यह अन्य क्षुद्रग्रह की तरह ही है और शनि व यूरेनस के बीच परिक्रमा करता है। चारिक्लो के दो पतले छल्ले हैं, जिनकी चौड़ाई केवल कुछ मील की है। वर्ष 2013 में इसे खोजा गया था। तब से वैज्ञानिक इस बात पर हैरान थे कि इस

क्षुद्रग्रह के छल्ले कैसे बने होंगे और वह किस तरह का व्यवहार करते हैं। इसका पता लगाने के लिए टक्सन, एरिज़ोना में प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट और सैन एंटोनियो, टेक्सास ट्रिनिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का पर्दाफाश किया है। उनका कहना है कि इसका एक छोटे से आकर का अदृश्य चंद्रमा है। शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि वे संभवतः पानी की बर्फ से बने हैं। लाखों वलय कणों का मॉडलिंग करके निर्धारित किया कि एक छोटा सा चंद्रमा उन्हें बनाए रखने में मदद कर सकता है।

शनि ग्रह की पतली एफ रिंग भी इसी तरह की है। चारिक्लो के चारों ओर दो पतले छल्लों की खोज अपनी तरह की पहली आश्चर्यजनक खोज है। नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए यह रहस्य उजागर हो सका। पिछले साल वेब को इसकी जांच को लगाया गया था और जो डेटा हासिल प्राप्त हुआ, उसीसे वैज्ञानिक इस निष्कर्ष तक पहुच पाए।

### 1600 के दशक में पहली बार दूरबीन से देखे गए थे शनिग्रह के छल्ले

**नैनीताल :** हमारे सौर मंडल में गैस के विशाल ग्रहों में रिंग सिस्टम हैं। जिनमें शनि की वलय प्रणाली को 1600 के दशक में दूरबीन से पहली बार देखा गया था। 1970 और 80 के दशक में नासा के वोयाजर अंतरिक्ष यान ने बृहस्पति और नेपच्यून के छल्ले देखे। 1977 में यूरेनस के छल्ले देखे गए थे। हमारे सौर मंडल में सभी चार गैस विशाल ग्रह को वलय के रूप में जाना जाता है।

# अनुच्छेद 370 से संबंधित दावे के लिए नेशनल कांफ्रेंस आजाद पर भड़की

**श्रीनगर, एजेंसी**

नेशनल कांफ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद पर यह दावा करने के लिए सोमवार को निशाना साधा कि अनुच्छेद 370 हटाने से पहले पार्टी के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला से विचार-विमर्श हुआ था। आजाद ने आरोप लगाया कि ऐसी अफवाह थी कि फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बारे में पहले से पता था और सार्वजनिक रूप से उन्होंने सरकार से उन्हें जेल में रखने के लिए कहा था। श्री आजाद ने यह भी कहा कि एनसी नेता अक्सर केंद्रीय नेताओं के साथ देर रात का समय मांग रहे थे। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि बहुत दुख की बात है कि "राजनीतिक हल्के में बने रहने के लिए आजाद ने इतने निचले स्तर का बयान दिया है। उनके जैसे नेता को ये बातें नहीं करनी चाहिए, जिन्हें वह खुद गपशप कहते हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस हमेशा धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ी रही है, खड़ी रहेगी और अब समय आ गया है कि आजाद कांग्रेस से अलग होने व जम्मू-कश्मीर में अपनी पार्टी बनाने का असली कारण बताएं।

### आजाद 2015 में राज्यसभा सीट के लिए मांग रहे थे भीख



**श्रीनगर।** एनसी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुलाम नबी आजाद पर निशाना साधा और कहा कि पूर्व कांग्रेस नेता 2015 में जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा सीट के लिए उनसे भीख मांग रहे थे। एनसी उपाध्यक्ष ने आजाद के दावों का मजाक उड़ाते हुये कहा, "वाह भाई वाह गुलाम नबी आज़ाद, आज इतना गुस्सा। वह गुलाम कहां है जो हाल ही में 2015 में जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा सीट के लिए हमसे भीख मांग रहा था? अब्दुल्ला को 370 के बारे में पता था। फिर भी हमें पीएसए सहित आठ महीने से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया और आप आज़ाद थे, पांच अगस्त के बाद जम्मू-कश्मीर में एकमात्र पूर्व मुख्यमंत्री आज़ाद थे।